लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 154, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 38.0° अधिकतम तापमान 28.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 27 सूर्यास्त 19 : 02

हल्द्वानी, रविवार, 21 जुलाई 2024

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत... 14

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने बेवसाइट पर जारी किए परीक्षा परिणाम

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे शनिवार को शहरवार और केंद्रवार घोषित कर दिए। नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट एनटीए.एसी.इन पर जारी किए हैं।

नतीजों में विद्यार्थियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। नीट-यूजी मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 18 जुलाई को एनटीए को निर्देश दिया था कि वह नीट-यूजी के सभी विद्यार्थियों के नतीजे शनिवार को अपराह्न तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करे।

571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देश के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 23 .33 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी की परीक्षा 14 विदेशी केंद्रों पर भी आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 1,563 उम्मीदवार पुन: परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

एनआईटी स्नातक और एमबीबीएस के दो छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और इंजीनियर के साथ चुराये गए प्रश्नपत्र के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे।

दरोगा व हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : विजिलेंस टीम ने शनिवार को कोतवाली परिसर में स्थित एलआईयू कार्यालय में छापा मारकर उपनिरीक्षक एवं हेड कांस्टेबल को दो हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोतवाली परिसर में विजिलेंस की छापेमारी से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी अनिल सिंह मनराल के निर्देशन और निरीक्षक ललिता पाण्डे के नेतृत्व में विजिलेंस टीम द्वारा शनिवार को कोतवाली परिसर स्थित एलआईयू कार्यालय में छापा मारा। टीम ने एलआईयू के उपनिरीक्षक सौरभ राठी निवासी आस्थान कालोनी, तेलीपुरा रोड रामनगर और मुख्य आरक्षी गुरप्रीत सिंह निवासी ग्राम जोगीपुरा, बाजपुर को शिकायतकर्ता से 2,000 रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस टीम का छापा पड़ने से कोतवाली परिसर में हड़कंप मच गया।

रामनगर में विजिलेंस टीम द्वारा पकड़े गए एलआईयू दरोगा व हेड कांस्टेबल

- विजिलेंस ने एलआईयू कार्यालय में छापा मारकर दोनों को रंगे हाथों दबोचा

शिकायतकर्ता ने विजिलेंस में शिकायत की थी कि पासपोर्ट बनाने के लिए उसका सत्यापन एलआईयू रामनगर से होना था। सत्यापन कराने के एवज में उपनिरीक्षक सौरभ राठी द्वारा उससे 2,500 रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी।

पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को वह दोबारा उपनिरीक्षक से मिलने गया। तब उपनिरीक्षक ने शिकायतकर्ता से 2000 रूपये की मांग की। पीड़ित व्यक्ति रिश्वत देना नहीं बल्कि कानूनी कार्रवाई चाहता था। पुलिस उपाधीक्षक अनिल सिंह मनराल ने शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच कराई, तथ्य सही पाए जाने पर निरीक्षक ललिता पाण्डे के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। जिस पर ट्रैप टीम ने दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

उप्र के गोंडा में मां के सामने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

बभनजोत, गोंडा। खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शौच के लिए गईं मां-बेटी को बाइक सवार दो युवकों ने दबोच लिया और मां के सामने ही बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मां ने विरोध किया तो उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे वह बेहोश हो गई। चीख सुनकर पिता ग्रामीणों के साथ पहुंचा और एक आरोपी को दबोच लिया जबकि दूसरा भाग निकला। पुलिस ने बाइक, जूते, पर्स और घड़ी बरामद की है। आरोपी दूसरे समुदाय के हैं और पीड़िता के गांव के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

एक नजर

जेल में जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे हैं केजरीवाल : एलजी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया है तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं जानबूझकर नहीं ले रहे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं, जबकि उन्हें घर का बना खाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं आप ने उपराज्यपाल के पत्र की आलोचना की। पार्टी ने भाजपा पर केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया।

आगरा में 20.5 किग्रा चरस के साथ दो गिरफ्तार

लखनऊ। उप्र. एसटीएफ ने शनिवार को आगरा के ताजपुर थाना क्षेत्र से 20 .5 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह चरस बिहार के चंपारण के लिए जानी थी। इसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों के पास दो भारतीय सिम भी मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आगरा राकेश ने बताया कि चरस की सप्लाई की सूचना मिल रही थी, इस दौरान जांच शुरू की गई। शनिवार सुबह सूचना मिली कि दो लोग नेपाल से नदी के रास्ते सीमा पार कर यमुना एक्सप्रेस-वे होते हुए आगरा पहुंचने वाले हैं। इसके बाद उन्हें रिंग रोड पर गिरफ्तार किया गया।

केंद्रीय विद्यालय को बम से उड़ा देने की धमकी

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में स्थित एक केंद्रीय विद्यालय को ईमेल पर विद्यालय भवन 15 अगस्त को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) उमाकांत चौधरी ने कहा कि सिमरोल थाने में प्राप्त शिकायत के मुताबिक पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) नाम वाली एक आईडी से यह ईमेल विद्यालय के आधिकारिक ईमेल एड्रेस पर भेजा गया है।

यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

पिछले साल अध्यक्ष बने थे मनोज सोनी, पांच साल का कार्यकाल था बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक सोनी के इस्तीफे का ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।

यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था। जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। प्रख्यात शिक्षाविद सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था।

यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग का मामला जब से सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की बाढ़ सी आ गई है।

- बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री दें जबाव, घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध

नई दिल्ली। यूपीएससी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि क्या इतने सारे घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को एक महीने तक छिपाकर क्यों रखा गया ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं ? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर किया जाएगा। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपीएससी प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं।

यूपीएससी में अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए

यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए थे। उन्होंने एक अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू), गुजरात के कुलपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) के कुलपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा किया। एमएसयू में नियुक्त होने के दौरान सोनी भारत में किसी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

देहरादून में बस ने स्कूटी सवार दो महिला पुलिस कर्मियों को रौंदा

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : अजबपुर फ्लाई ओवर पर निजी बस ने स्कूटी सवार दो महिला पुलिस कर्मियों को रौंद डाला। जिसमें महिला दरोगा की मौत हो गई, जबकि महिला सिपाही घायल हो गई। दोनों कांवड़ ड्यूटी के लिए हरिद्वार जा रही थीं। बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल (नैनीताल) निवासी महिला दरोगा कांता थापा उत्तरकाशी के बड़कोट थाने में तैनात थी। सिपाही शकुंतला देहरादून कैंट थाने में तैनात है। शनिवार सुबह दोनों एक ही स्कूटी पर सवार होकर कांवड़ ड्यूटी पर हरिद्वार जाने के लिए निकली थीं। अजबपुर फ्लाई ओवर के पास एक निजी बस ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। नीचे गिरने से दरोगा कांता थापा का सिर बस के पीछे के टायर की चपेट में आ गया। जिससे कांता थापा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सिपाही शकुंतला भी घायल हो गई। घटना होते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी और लोग मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना करने वाली बस के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घायल सिपाही को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। वहीं मृतक महिला दरोगा के परिजनों को सूचना देने के बाद शव को एंबुलेंस से मोर्चरी भिजवा दिया गया। बताया जाता है कि दोनों महिला पुलिस कर्मियों की हरिद्वार में कांवड़ ड्यूटी लगी थी। मेले से पहले शनिवार को ड्यूटी की ब्रीफिंग होनी थी। उधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायल सिपाही के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। थाना नेहरू कालोनी प्रभारी मोहन सिंह ने बताया कि बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

- हादसे में महिला दरोगा की मौत कांस्टेबल घायल

विकासनगर में खाई में गिरी बोलेरो दो लोगों की मौत

ब्यूरो, देहरादून : जिले के विकासनगर क्षेत्र के त्यूणी में बोलेरो खाई में गिर गई। जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक बीती रात त्यूणी क्षेत्र में बोलेरो वाहन कथियान से ऐठान गांव की तरफ जा रहा थी। ऐठान गांव से थोड़ा सा पहले ही बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बचाव के लिए खाई में उतर गए। लेकिन तब तक बोलेरो में सवार दोनों लोगों की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी मिलते ही ग्रामीण खाई में उतरे और खाई में गिरे दोनों लोगों को बाहर निकाला, लेकिन जब तक उनकी मौत हो गई थी। एसडीएम चकराता योगेश मेहरा ने बताया कि मृतकों में ऐठान गांव निवासी जयेंद्र सिंह (48) और हुकम सिंह (40) हैं। राजस्व पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद दोनों शवों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी में पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे के सही कारण का पता नहीं चल सका है।

मवेशी चराने गए व्यक्ति को मगरमच्छ ने निवाला बनाया

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : मवेशी चराने गए व्यक्ति को नानकसागर कामन नदी से निकले मगरमच्छ ने निवाला बना लिया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना का मौका मुआयना किया।

तराई पूर्वी वन प्रभाग जौलासाल के वन क्षेत्राधिकारी केआर टम्टा ने बताया कि शनिवार करीब दो बजे मुड़िया निवासी अजय सैनी पुत्र बनारसी दास अपनी पत्नी के साथ नानकसागर डैम में मवेशियों को चराने गया था। इस दौरान नानकसागर को आने वाली कामन नदी में मवेशी पानी पीने लगे। तभी मवेशियों के पास एक मगरमच्छ आ गया। अजय सैनी मवेशियों को बचाने के लिए मगरमच्छ को भगाने के लिए डंडे से मारने लगा। लेकिन मगरमच्छ ने उसका हाथ अपने जबड़े में ले लिया। यह देख पत्नी जब तक गांव वालों को मौके पर बुलाकर लाई तब तक मगरमच्छ अजय को गहरे पानी में खींच ले गया। सूचना पर पहुंची जौलासाल, रनसाली, सितारगंज रेंज के वन विभाग की टीम व खटीमा की एस वर्मा ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला रखा है। समाचार लिखे जाने तक अजय का पता नहीं लगा था।

- नानकसागर डैम में मवेशियों को चराने गए अजय को गहरे पानी में खींच ले गया मगरमच्छ

अमरोहा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे, 16 ट्रेनें बाधित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा में रेलवे स्टेशन से आगे कल्याणपुरा फाटक के पास शनिवार शाम मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। घटना के बाद दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर 16 ट्रेनें का संचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने जांच की।

अमरोहा रेलवे स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि गोंडा कचहरी से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी शनिवार शाम 6:59 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से मालगाड़ी दिल्ली की ओर आगे बढ़ी तो अतरासी पुल से पहले मालगाड़ी बेपटरी हो गई। ट्रैक से उतरकर आठ कंटेनर, दो टैंकर और छह ट्रॉली (जिनमें कंटेनर रखे जाते हैं) पलट गए। मालगाड़ी अप लाइन पर थी, जबकि पलटने के बाद डिब्बे डाउन लाइन पर पहुंच गए। इससे दोनों रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया गया कि दो डिब्बों में केमिकल भरा था, जबकि अन्य डिब्बे खाली थे।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दिल्ली और मुरादाबाद की ओर आने-जाने वाली 16 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कई ट्रेनों को अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रोका गया है। उधर, घटना की सूचना से लखनऊ तक रेलवे विभाग में हड़कंप मचा गया। रेलवे और जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी अरुण कुमार, देहात थाना व नगर कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर आए। पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर खड़े लोगों को हटाया और मालगाड़ी के लोको पायलट से पूछताछ की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 500 मीटर दूर तक रेल पटरी उखड़ गई है। बिजली की ओवरहेड लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह साफ नहीं हुई है। डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अमरोहा-काफूरपुर स्टेशनों के बीच एक कंटेनर मालगाड़ी के डिरेलमेंट के कारण मुरादाबाद-गजरौला रेलखंड पर रेल संचालन प्रभावित हुआ है।

अमरोहा में मालगाड़ी के पलटे पड़े डिब्बे। ● अमृत विचार

- अमरोहा-काफूरपुर स्टेशनों के बीच कल्याणपुरा फाटक के पास हादसा

संसद का मानसून सत्र कल से, 23 को आएगा बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी। सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलने की संभावना है।

सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वह 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 21 जुलाई को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है, ताकि उन मुद्दों को समझा जा सके जिन्हें वह सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल ने घोषणा की है कि वह एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगा और संसद में राज्य के हित के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाएगा। बीजद संसदीय दल के अध्यक्ष चुने गए पटनायक ने अपनी पार्टी के सांसदों से ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाने को कहा है।

इस सत्र में वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। गत गुरुवार को जारी लोकसभा बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1,934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है।

12 अगस्त को सत्र समाप्त होने तक होंगी कुल 19 बैठकें

- नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष
- जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए की मंजूरी भी मिलने की संभावना

वंदे मातरम सहित अन्य नारे नहीं लगाए जाने चाहिए

नई दिल्ली। सोमवार से संसद सत्र शुरू होने से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष तौर पर आलोचना नहीं की जानी चाहिए। साथ ही सदस्यों को वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए। संसद सदस्यों को यह भी याद दिलाया गया कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने की भी नियम अनुमति नहीं देते हैं। राज्यसभा सचिवालय ने राज्यसभा सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश को 15 जुलाई को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और संसदीय शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है। सदन की कार्यवाही की गरिमा और गंभीरता के लिए यह आवश्यक है कि सदन में धन्यवाद, शुक्रिया, जय हिंद, वंदे मातरम या अन्य कोई नारा नहीं लगाया जाना चाहिए। सभापति सामान्यतया सदन के पूर्व के दृष्टांतों के अनुसार निर्णय देते हैं।

उत्तराखंड में दो दिनों तक अत्याधिक बारिश के लिए रेड अलर्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार: मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उत्तराखंड में अगले दो दिनों तक कई जिलों में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। उसके बाद भी बारिश जारी रहने का अनुमान है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार और सोमवार को नैनीताल, चम्पावत, ऊधमसिंह नगर, देहरादून आदि जिलों में अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में कहीं-कहीं 24 घंटे के अंदर 175 मिमी से ज्यादा बारिश हो सकती है। इसके अलावा बाकी जिलों में भी अधिकांश जगह भारी बारिश होने का अनुमान है। मंगलवार को भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट रहेगा। इधर, रविवार को राजधानी देहरादून में दिन के समय उमस भरी गर्मी रही और अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं हल्द्वानी में बादल छाए रहे और तापमान 35 डिग्री के पास पहुंच गया।

उप्र : बाढ़ प्रभावित 40 जिलों के लिए 120 करोड़ जारी

लखनऊ। प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में राहत के लिए 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। सरकार ने राज्य आपदा मोचक निधि से यह धनराशि जारी की है। बाढ़ से ज्यादा प्रभावित जिलों को 5 करोड़ व सामान्य प्रभावित जिलों को 1-1 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया व उन्नाव को 5-5 करोड़ रुपये जारी किया गया है, जबकि महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ व कासंगज को 1-1 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

सार-संक्षेप

कैंची धाम पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण व अन्य। ● अमृत विचार

विधानसभा अध्यक्ष का कैंची धाम पहुंचने पर स्वागत किया

भीमताल/भवाली : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने कैंची धाम पहुंचकर नीब करौरी बाबा के दर्शन किए। उनका स्थानीय निवासियों और कारोबारियों ने स्वागत किया। काशा माउंट में लोगों ने कैंची धाम की योजनाओं का स्वागत किया। योजनाओं में मंदिर की गरिमा और खूबसूरती को बनाए रखने का निवेदन भी किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता अखिलेश सेमवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भवाली संजय बर्मा और ग्राम प्रधान पंकज नगल्टिया आदि मौजूद रहे।

पतलोट में आयोजित छात्रवृत्ति योजना के खेलों में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

पतलोट में विकास खंड स्तर के लिए छात्रों का चयन

भीमताल : अटल उत्कृष्ट एसबीएसएम राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट में दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी व प्रधानाचार्य आशुतोष साह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि प्राचार्य जीएस यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राइका पतलोट से नीरज भट्ट, हिमांशु भट्ट, रोहित मटियाली, महिपाल आर्य तथा राइका चकडोबा से योगेश नदगली का छात्रवृत्ति ट्रायल में विकास खंड स्तर के लिए चयन हुआ है। चयनित छात्र विकास खंड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए अटल उत्कृष्ट एसबीएसएम राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट में ही प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर विकास चौहान ब्लाक समन्वयक खेल, संजय कुमार, गोकुल लोहनी, सुषमा डोभाल आदि उपस्थित रहे।

ज्योति और शौकीन का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

बबिता आर्य।

शौकीन।

नैनीताल : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से समाज शास्त्र विषय में कुमाऊं विवि डीएसबी परिसर की बबिता आर्य तथा शौकीन का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है, जिसको लेकर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ कूटा ने बधाई दी। बता दें कि बबिता नेट जेआरएफ हैं तथा जागर विषय पर विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी के निर्देशन में शोध कर रही हैं। वहीं शौकीन नेट जेआरएफ हैं तथा डॉ. प्रियंका रुवाली के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। बधाई देने वालों में अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, प्रो. नीलू, प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. दीपिका पंत, डॉ. सीमा चौहान, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका रुवाली, डॉ. सरोज पालीवाल, डॉ. बीएस कालकोटि, डॉ. एसएस सामंत शामिल रहे।

युवती को भगाकर ले जाने का आरोप

नैनीताल : मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उनकी पुत्री कुछ महीने से राजपुरा कम्पाउंड निवासी एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग में है। दोनों ने बीते दिनों एसडीएम कोर्ट में शादी के लिए आवेदन भी किया था, जिसका पता चलने के बाद बेटी को समझाया तो उन्होंने आवेदन पत्र वापस ले लिया, लेकिन 18 जुलाई रात तीन बजे युवक की ओर से बहला फुसलाकर नकदी व पुस्तैनी जेवर लेकर युवती को भगा ले गया, जिससे उनको अनहोनी का अंदेशा है। उन्होंने मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

भीमताल बीडीसी की बैठक में छाई रहीं मूलभूत समस्याएं

जनप्रतिनिधियों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, सिंचाई विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग के मुद्दे सदन में उठाए

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक डेवलपमेंट कमेटी भीमताल की बैठक जनप्रतिनिधियों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग के मुद्दे सदन में उठाए। ब्लॉक प्रमुख और मुख्य विकास अधिकारी ने सभी समस्याओं को शीघ्रता से समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों विद्युत विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त की। बैठक के बाद कोविड काल में जान की परवाह किए बिना कार्य करने पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य को सम्मान प्रमाण पत्र दिया। ब्लॉक प्रमुख व विधायक नैनीताल की ओर से सभी समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इससे पूर्व बैठक का उद्घाटन डॉ. हरीश बिष्ट, विधायक सरिता आर्य, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा और सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने किया। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, बीडीओ जगदीश चंद पंत सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बीडीसी मेंबर ने कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की : भीमताल की क्षेत्र पंचायत की बैठक में पांडे गांव क्षेत्र की क्षेत्र पंचायत सदस्य ममता बिष्ट ने पांडे गांव में हर घर नल और हर घर जल का कार्य समयावधि समाप्त होने के बावजूद पूरी नहीं होने पर नाराजगी जताई। सदन को अवगत कराया कि पांडे गांव के अधिकांश तोक ऊंचाई में हैं ऐसे में जहां योजना को तीन माह पूर्व पूर्ण हो जाना चाहिए था। वह योजना आज तक पूर्ण नहीं हो पाई है। इतना ही नहीं पूरी गर्मी स्थानीय निवासी बूंद बूंद पानी को तरसते रहे। वहीं उन्होंने गांव की लोक निर्माण विभाग भांकर एक्वा मोटर मार्ग का मुद्दा भी उठाया बताया कि विभाग के द्वारा दो साल पूर्व सड़क को काट दिया गया है। पर मोटर मार्ग में सोलिंग और डामरीकरण के लिए अब तक कोई प्रस्ताव नहीं बनाया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कार्य में गति लाने का निवेदन किया।

भीमताल में बीडीसी की बैठक में मौजूद विधायक नैनीताल सरिता आर्या, भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

बीडीसी की बैठक में अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

आरईएस विभाग के अधिशासी अभियंता का वेतन रोका

भीमताल : भीमताल की बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के सदन में नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। वहीं बैठक में आरईएस विभाग के अधिशासी अभियंता भी बैठक में नहीं पहुंचे थे। मुख्य विकास अधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकने विभागीय कार्यवाही करने की बात कही।

जनप्रतिनिधियों ने इन मुख्य मुद्दों को उठाया

भीमताल : बैठक में भीमताल ब्लॉक के रानीबाग की प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ने रानीबाग के शीतला मंदिर के पास सड़क चौड़ीकरण, सड़कों पर पैराफिट लगाने की मांग रखी। कहा कि सड़क चौड़ी नहीं होने से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। कहा कि कई बार समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने अधिकारियों को जिन जगहों पर पैराफिट नहीं लगे हैं उन जगहों पर पौराफिट लगाने को कहा। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य पांडे गांव में सड़क का काम पूरा करने, अंबेडकर, हरीनगर सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। बैठक में सड़कों के चौड़ीकरण, डामरीकरण और दीवार निर्माण कार्य करने की जनप्रतिनिधियों ने मांग की। बैठक में ग्राम प्रधान ल्वेशल ने शिक्षा विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा वर्षों से जिस जमीन पर विद्यालय की दीवार बनी हुई है। उस पर किसी अन्य व्यक्ति का हक होने की बात कह कर हटाने को कहा गया। ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट और विधायक सरिता आर्य ने अधिकारियों को सही से कार्यवाही करते हुए विद्यालय की जमीन पर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए आधिकांश जनप्रतिनिधियों ने हल्की सी हवा और बारिश में विभाग विद्युत आपूर्ति को बंद हो जाती है। विधायक नैनीताल सरिता आर्य ने क्षेत्र में विद्युत से जुड़ी बड़ी समस्याओं के हल के लिए पांच लाख की धनराशि देने की बात कही।

धमकाने के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक

ब्यूरो, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई शैलेश बिष्ट को धमकी देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने आरोपी कांग्रेस नेता क्रांति कपरवाण की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

मामले के अनुसार भारतीय सेना में तैनात योगी आदित्यनाथ के भाई शैलेश बिष्ट ने कोटद्वार पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता क्रांति कपरवाण ने उनके परिवार को लेकर विगत 16 जून को सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की थी। जब उसने उक्त सामग्री हटाने का अनुरोध किया तो आरोपी ने फोन पर उनके साथ बदसलूकी की। कुछ दिनों बाद फिर से आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। आरोपी की ओर से गिरफ्तारी से बचने के लिये हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। कहा कि मामला राजनीतिक विद्वेष पर आधारित है। अदालत ने आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक जारी कर दी।

हाईकोर्ट ने लैंसडौन में मार्ग निर्माण पर सुनवाई की

नैनीताल, अमृत विचार : उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र लैंसडौन (पौड़ी गढ़वाल) की कुछ ग्राम सभाओं को विधायक निधि प्राप्त होने के बाद भी रोड निर्माण नहीं करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि 28 अगस्त तक इस पर स्थिति स्पष्ट करें और याचिकाकर्ता भी अपना जवाब पेश करे। मामले के अनुसार लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमखोली के ग्रामीणों ने रोड बनाए जाने को लेकर जनहित याचिका दायर की। जिसमें कहा गया कि कई ग्रामों को जोड़ने के लिए 2017 में सर्वे हुआ और 17 लाख 40 हजार का बजट भी स्वीकृत हुआ। लेकिन उसके बाद भी रोड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। 2017 से बार- बार ग्रामीणों के द्वारा इस संबंध में संबंधित विभागों व मुख्यमंत्री से मार्ग बनवाने की मांग की। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

शराब पीकर अभद्रता पर हिरासत में लिया

भीमताल : नगर में शराब पीकर अपनी स्कूटी को बीच सड़क पर खड़ा कर राहगीरों से गाली गलौज व दबंगई दिखाने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। उसका वाहन भी सीज कर दिया।

थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि नौकुचियाताल रोड पर सड़क के किनारे शराब पीने व पिलाने वाले के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नौकुचियाताल रोड पर शराब पीकर अपनी स्कूटी को बीच सड़क में लगाकर लोगों को बेवजह रोककर गाली गलौज व दबंगई कर रहा है।

पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो आरोपी नीरज (43) पुत्र पनीराम निवासी पाण्डेगांव को पकड़ लिया। आरोपी का नौकुचियाताल रोड पर चाय का खोखा है। नशे में मदहोश होकर पुलिस कर्मियों से भी अभद्रता की और स्कूटी से स्टंट भी करने लगा।

राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

बारिश के पानी की निकासी सीवर लाइन में करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

नैनीताल : शनिवार को नैनीताल पहुंचे राज्य स्तरीय पेयजल अनुसरण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य का भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य अतिथि गृह में स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उपाध्यक्ष ने कहा कि नैनीताल व आस-पास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुचारू किये जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घरों के बरसात के पानी की निकासी सीवर से जोड़ने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं कहा कि वन विभाग की आपत्ति के चलते लंबित पड़ी बग्गड़ पेयजल योजना को अब स्वीकृति मिल चुकी है। पानी के बिलों में खपत से अधिक बिल आने के मामले में अब मीटरों को बदला जाएगा। वहीं प्राकृतिक जल स्रोतों, नोलों व धारों को संरक्षित व पुनर्जीवित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोपाल रावत, अरविंद पडियार, मनोज जोशी, भावना भट्ट, शिवांशु जोशी, विक्की राठौर, विक्रम रावत आदि मौजूद रहे।

हरेला मेले को और भव्य बनाएंगे : कैड़ा

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल में आयोजित हो रहे हरेला मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राम सिंह कैड़ा ने किया। उन्होंने मेले को क्षेत्र की पहचान बताया और उसको जोश के साथ मनाने की बात कही। कहा कि मेले को और भव्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। उनका मेले को राज्य मेले का दर्जा देने का प्रयास जारी रहेगा।

इस दौरान मौसम सुहावना होने से दूर दराज से ग्रामीण मेले में पहुंचे और खरीदारी की। कार्यक्रम का संचालन रामपाल सिंह गंगोला ने किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, अनिल चनौतिया, शिप्रा जोशी आदि लोग मौजूद थे।

भीमताल में मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

"ना प्रशासन को पता है और ना ही प्रोटोकाल की कोई सूचना थी। विधायक स्वयं मुख्य अतिथि बन गए। समिति के सदस्यों को तब पता चला जब मंच में लगे मुख्यमंत्री के पोस्टर को हटाया जा रहा था। मेले के मंच में इस प्रकार की राजनीति आने वाले समय के लिए सही संकेत नहीं है। **-भूपेन्द्र कन्नौजिया**, सदस्य, आयोजन समिति

चयन समिति का निर्णय दरकिनार करने का आरोप

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल के हरेला मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि को लेकर चर्चा गरम है। समितियों के सदस्यों ने विधायक राम सिंह कैड़ा पर मुख्यअतिथि के चयन समिति के निर्णय को दरकिनार कर स्वयं ही निर्णय लेने का आरोप लगाया। समिति के सदस्य भूपेन्द्र कन्नौजिया ने बताया कि पहले तो विधायक ने मुख्यमंत्री के मुख्यअतिथि होने के संबंध में पोस्टर मंच के पीछे लगवाया और बाद में स्वयं के मुख्यअतिथि होने की जानकारी देने वाला पोस्टर लगवा दिया। समिति के सदस्यों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और एसडीएम नैनीताल पर भी मनमानी का आरोप लगाया। वहीं एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार ने बताया कि एक दिन पूर्व ही मुख्य अतिथि का निर्णय ले लिया गया था। पोस्टर लगाने और बाद में उसे हटाने की जानकारी उनको नहीं है।

युवक पर गूगल-पे से चोरी करने का आरोप

नैनीताल: मल्लीताल के एक रेस्टोरेंट में कार्यरत दो युवकों ने उनके साथ काम करने वाले युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। युवकों ने साथी पर गूगल पे से उनके अकाउंट से पैसे निकालने की बात कही है। कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

अल्मोड़ा निवासी जगदीश व इंदर सिंह बिष्ट ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा कि वह मल्लीताल स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट के किचन में काम करते हैं। बीते दो दिन पूर्व उनके साथ काम करने वाले एक साथी ने चोरी छिपे दोनो के मोबाइल से पांच हजार व तीन हजार रुपये अपने नम्बर पर ट्रांसफर कर दिए। बीते रोज जब उन्होंने गूगल पे पर अपना बैलेंस चेक किया तो उनको बैलेंस कम नजर आया।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

हल्द्वानी	कार्यालय	:	7830460114
हल्द्वानी	कृष्णानंद जोशी	:	9759658008
हल्द्वानी	चंदन सिंह राणा	:	9719437755
हल्द्वानी	बाला दत्त नैनवाल	:	9759749932
काठगोदाम	शहजादे आलम	:	9627035285
नैनीताल	गणेश काण्डपाल	:	9412017422
रामनगर	सिद्धार्थ पपनै	:	7983376222
रुद्रपुर	कार्यालय	:	8476843488
काशीपुर	राहुल पाल	:	82181 00208
जसपुर	सुखवीर	:	9536211111
बरेली रोड ITI	कमल आसरा	:	9917106359
कमलुवागांजा	श्याम भोज	:	9012803251
ब्लॉक (हल्द्वानी)	पूरन बृजवासी	:	9927780770
लामाचौड़ (हल्द्वानी)	नन्दा बल्लभ जोशी	:	9568591773
पनचक्की, हल्द्वानी	मनोज डालाकोटी	:	8923661000
पंचायत घर, हल्द्वानी	हरीश जोशी	:	8218899134
गौलापार	मनोज शर्मा	:	9759921464
हल्दूचौड़	गौतम भट्ट	:	7248505100
हल्दूचौड़	पूनम पाण्डे	:	9412134705
लालकुआं	दीपू पांडेय	:	6399832290
सितारगंज	अतुल शर्मा	:	7017941901
बाजपुर	सैनी न्यूज एजेंसी	:	8445072215
बाजपुर	अकील अहमद	:	9837146215
खटीमा	ओम प्रकाश मौर्य	:	7500981690
टनकपुर	आबिद हुसैन	:	6398415199
अल्मोड़ा	टी.डी. गुरु	:	9410183487
रानीखेत	हेम चन्द्र पांडेय	:	9758833254
किच्छा	राजू सहगल	:	9837777817
मालधन (रामनगर)	जितेन्द्र कुमार	:	9917303031
चकरपुर, बाजपुर	जितेन्द्र पाल	:	9837135170
कालाढूंगी	गोपाल सिंह बिष्ट	:	9634222693
गदरपुर	रमेश कुमार	:	7351388930
दिनेशपुर	केवल चंद्र पाठक	:	7055150050
गूलरभोज	ऋतिक न्यूज एजेन्सी	:	9917089411

हरेला महोत्सव में झलकी कुमाउनी संस्कृति

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हरियाली का प्रतीक हरेला मेला हमारी संस्कृति से जुड़ा है, भारत की सभ्यता और संस्कृति में देवभूमि उत्तराखण्ड का अभूतपूर्व योगदान है।

लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का जो बीड़ा उठाया है उसे हरेला महोत्सव पूरा करेगा तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में आने वाली पीढ़ी को तैयार करेगा। यह बात शनिवार को लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से चेतराम शाह इंटर कॉलेज में आयोजित हरेला महोत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने कही। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कुमाउनी परिधान में सजी महिलाओं सहित स्कूली छात्रों ने शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर की बालिकाओं ने आकर्षक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। लेक सिटी वेलफेयर क्लब के सदस्यों की ओर से प्रस्तुत लोकनृत्य काफी सराहा गया। इस दौरान ईओ पूजा आर्या, प्रधानाचार्य मनोज पांडे, आलोक शाह, सन्तोष साह, डॉ. हिमांशु, गीता साह आदि मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं विधानसभा अध्यक्ष। ● अमृत विचार

गैरसैंण को राजधानी बनाने को बढ़ रहे कदम : खंडूरी

नैनीताल : लेक सिटी के हरेला महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि गैरसैंण में आयोजित मानसून सत्र के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि हम सभी की इच्छा है कि ये होना चाहिए और इस तरफ धीरे-धीरे कदम बढ़ रहे हैं। आगामी सत्र में समय कम होने के सवाल पर कहा कि सत्र आमजन मानस के पैसों से चलता है। वहीं अधिकारियों की ओर से जनप्रतिनिधियों को तवज्जो नहीं दिए जाने पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैं सभी विधायकों की संरक्षक हूं और किसी भी विधायक का विशेषाधिकार का हनन ना हो, इसके लिए मुख्य सचिव को प्रोटोकॉल फॉलो कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए विशेषाधिकार समिति का गठन भी किया गया है।

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप के साथ बारिश होने की संभावना

32.0°	27.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26	सूर्यास्त 07.11

एक नजर

आज सुबह 10 बजे से 2 बजे तक गुल रहेगी बिजली

हल्द्वानी : रविवार को रामपुर रोड, मेडिकल कॉलेज, हीरानगर, शीशमबाग, जेल परिसर, बरेली रोड, गांधी स्कूल, एफटीआई, आजाद नगर, गांधी नगर, बनभूलपुरा और मंगल पड़ाव आदि क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि सिंधी चौराहे से मंगलपड़ाव तक सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ों के पातन और स्थानांतरण का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। इधर, रविवार को मंगलपड़ाव से सिंधी चौराहे तक यातायात भी पूरी तरह से बंद रहेगा।

पशुओं को खुला छोड़ने वालों का होगा चालान

हल्द्वानी : कैंप कार्यालय में डीएम वंदना ने निराश्रित गौवंश के प्रबंधन में जनपदीय गौ आश्रय समिति की बैठक की। उन्होंने नई गौशालाओं के निर्माण के साथ नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर निराश्रित, आवारा छोड़ने वाले पशुओं के पशु स्वामियों को चिह्नित कर उनका चालान करने और अनुपालन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि राजपुरा और शीशमहल की अस्थाई गौशालाओं में जलभराव के कारण पशुओं को गंगापुर स्थित स्थायी गौशाला में शिफ्ट किया जा रहा है। पशु कल्याण बोर्ड में पंजीकृत जनपद की 3 गौशालाओं के संचालन व भरण-पोषण के लिए 2 करोड़ 82 लाख 99 हजार 120 रुपये आवंटित किये गये हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र ने 21 और 22 जुलाई को तेज बारिश होने का जताया अनुमान, अधिकारी हुए अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील

प्रदेश में आज और कल भारी बारिश का रेड अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम विज्ञान केंद्र ने 21 व 22 जुलाई को प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। इसको लेकर नैनीताल जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। अधिकारियों ने बारिश के दौरान लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए कहा है।

अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि रेड अलर्ट को देखते हुए अतिवृष्टि से संभावित क्षति एवं मार्ग बाधित होने, नगरीय-ग्रामीण और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए जिले के सभी अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे। उन्होंने बारिश के दौरान सभी से सतर्क रहने के अपील की है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जोखिम भरे स्थानों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जाए। साथ ही स्थानीय निकाय भी पर्याप्त मशीनरी और जनशक्ति के साथ अलर्ट रहे।

वहीं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि अलर्ट मोड पर रहते हुए गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया जाए। लोनिवि के समस्त खंडों को निर्देश दिए हैं कि भूस्खलन से मार्ग बाधित हो सकते हैं, इसलिए जेसीबी मशीनों एवं कार्मिकों की तैनाती करें।

अधिकारी-कर्मचारी 24 घंटे ऑन रखेंगे फोन

अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने कहा कि सभी जिला, परगना, विकास खंड एवं संबंधित क्षेत्र के अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय पर बने रहेंगे। अधिकारी व कर्मचारी अपने मोबाइल 24 घंटे ऑन रखेंगे और प्रत्येक घंटे की आपदा संबंधी सूचना तहसील कंट्रोल रूम एवं जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र 05946-231178 /231179 और ट्रोल फ्री नम्बर 1077 पर देंगे।



बादल छाने से सुहावना रहा मौसम

शनिवार को मौसम सुहावना रहा। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। हालांकि दोपहर के समय काठगोदाम क्षेत्र में हल्की बारिश भी हुई। वहीं मैदानी इलाकों में सुबह के समय तेज धूप निकाली, लेकिन दोपहर बाद आसमान बादलों से घिर गया। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मार्ग बंद होने पर जेसीबी व पोकलैंड की करें व्यवस्था

टनकपुर, अमृत विचार : बारिश के रेड अलर्ट को लेकर प्रभारी जिलाधिकारी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हेमंत कुमार वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को मोटर मार्ग बाधित होने की दशा में सावधानी बरतते हुए तत्काल मोटर मार्गों को खुलवाने तथा जनपद के समस्त मोटर मार्गों में पर्याप्त जेसीबी व पोकलैंड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

कॉलेज के लिए निकली 11वीं की छात्रा लापता

हल्द्वानी : घर से कॉलेज के लिए निकली 11वीं की छात्रा 19 जुलाई को लापता हो गई। परिजनों ने काठगोदाम पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक किशोरी के पिता ने बताया कि 19 जुलाई की सुबह 7 बजे उनकी बेटी कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। कुछ भी पता न चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि किशोरी के कॉलेज में पूछताछ की जा रही है।

नाराज विधायक ने गौला नदी में उतारी पोकलैंड

लालकुआं के रावत नगर और इंदिरानगर में तीन मशीनों से नदी में शुरू कराया चैनलाइजेशन का कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौला नदी के बहाव से लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में जलभराव हो रहा है। इसको लेकर बीते शुक्रवार को सर्किट हाउस में हुई दिशा की बैठक में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने डीएम वंदना सिंह से नदी में चैनलाइजेशन कार्य कराने को कहा था। जिस पर डीएम और विधायक के बीच नोंक-झोंक हो गई थी। शनिवार को विधायक बिष्ट अपने प्रयासों से तीन पोकलैंड मशीन लेकर गौला नदी में उतर गए और चैनलाइजेशन का कार्य शुरू करवा दिया।

सांसद अजय भट्ट की मौजूदगी में विधायक और डीएम के बीच गौला और कैलास नदी के चैनलाइजेशन को लेकर बहस हुई। मुद्दा था कि चैनलाइजेशन का कार्य सिंचाई विभाग करेगा या वन विभाग। तभी बैठक में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह कार्य सिंचाई विभाग करेगा। जिस पर विधायक बिष्ट ने सिंचाई विभाग से कार्य कराने पर आपत्ति जताई।

गौला नदी में पोकलैंड से चैनलाइजेशन करवाते लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

इस बात को लेकर विधायक और डीएम आमने-सामने हो गए। डीएम से नाराज विधायक बिष्ट शनिवार को पोकलैंड मशीनों के साथ स्वयं गौला नदी में गए और चैनलाइजेशन का कार्य शुरू करवाया। दूरभाष पर हुई बातचीत में विधायक बिष्ट ने बताया कि उन्होंने शनिवार की सुबह भी पता किया कि चैनलाइजेशन का कार्य कौन करेगा, लेकिन कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया। इस पर वह स्वयं ही तीन पोकलैंड मशीन लेकर गौला नदी में पहुंच गए। उन्होंने रावत नगर और इंदिरानगर में गौला नदी का चैनलाइजेशन शुरू कराया। बताया कि अभी एक और पोकलैंड मशीन की जरूरत है। जिसे वह रविवार को मंगवा लेंगे। कहा कि यह बात गलत है कि इस कार्य में उनका कोई हस्तक्षेप है। उनका यही कहना था कि जो भी कार्य करे शीघ्र करे। वन विभाग यदि कार्य करता तो उसे टेंडर निकालना होगा। जिसमें कम से कम 10 दिन का समय लग जाएगा।

> नदी में चैनलाइजेशन के लिए वन विभाग को धनराशि आवंटित की गई है। विधायक किस स्तर पर चैनलाइजेशन करा रहे हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है।
> – **परितोष वर्मा**, एसडीएम लालकुआं

> कुछ दिन पहले कार्य किया था, लेकिन इंदिरानगर और रावत नगर में सिंचाई विभाग चैनलाइजेशन का कार्य नहीं कर रहा है। इसकी जानकारी वन विभाग को हो सकती है। – **अमित बंसल**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग लालकुआं

आपदा राहत का पुराना बजट नहीं हुआ खर्च

हल्द्वानी : लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकारी विभागों में तालमेल कोई नहीं है। इस वजह से कार्य नहीं हो पा रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले में आपदा राहत के लिए 10 करोड़ रुपये दिए हैं, लेकिन प्रशासन पुराना बजट ही खर्च नहीं कर पाया है। बारिश हो रही है और चैनलाइजेशन का काम शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में उन्हें अपने प्रयासों से यह कार्य शुरू करना पड़ा है।

देवखड़ी नाले को नहर में मिलाने से हुए नाराज

हल्द्वानी : विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट हल्द्वानी के देवखड़ी नाले को सिंचाई नहर में मिलाए जाने से भी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि नाला नहर में मिला दिया गया है और अब नाले का पानी लालकुआं में पहुंच रहा है। जिस वजह से पहली बार लालकुआं रेलवे स्टेशन में पानी भरा है।

बेटी पैदा हुई तो कुकर से पीटा, खाना-पीना बंद किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेटी पैदा हुई तो ससुरालियों ने जुल्म की इंतेहा कर दी। पीड़िता को पति, सास और ननद ने मिलकर उसकी मासूम बेटी के सामने बुरी तरह पीटा। पूरा मामला घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसमें ननद अपनी ही भाभी के सिर पर कुकर से हमला करती नजर आ रही है। बेटी पैदा होने से नाराज ससुरालियों ने बहू का खाना-पीना भी बंद कर दिया है। पीड़िता ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंप कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

लालडांठ रोड मुखानी निवासी रेखा जोशी ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी वर्ष 2017 में हुई थी। शादी के बाद वह गर्भवती हुई तो पति ने बेटा होने की इच्छा जताई और रेखा पर भ्रूण जांच कराने का दबाव बनाया। रेखा ने इंकार किया तो उसने बेटी पैदा होने पर दोनों को मार डालने की धमकी दी। महिला ने जब विरोध किया तो गर्भावस्था के दौरान उसे बुरी तरह पीटा, जिसके चलते उसका गर्भपात हो गया। 20 दिसंबर 2023 को उसने फिर बेटी को जन्म दिया। इसके बाद उसके पति, सास और ननद ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। कमरे में बंद कर दिया और खाना-पीना भी बंद कर दिया। 13 जून की रात आरोपियों ने घर में महिला को बुरी तरह लात-घूंसों और प्रेशर कुकर से पीटा। शरीर पर कई जगहों पर काटा भी।

पीड़िता को पीटता पति और सास, कुकर लेकर दौड़ती दिखाई दे रही ननद।

महिला ने इसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है, जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को काउंसलिंग को भेज दिया गया है।

बेटे का दाखिला कराने गए पिता की मौत

दुखद

- ट्रेन में पड़े थे अचेत, अस्पताल में हुई मौत की पुष्टि
- आईआईटी कानपुर में हुआ था बेटे का चयन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेटे का दाखिला कराने कानपुर गए पिता की मौत हो गई। वह ट्रेन से घर वापस लौट रहे थे। परिजन रात भर उन्हें फोन करते रहे, लेकिन फोन नहीं उठा। ट्रेन लालकुआं पहुंची तो एक अंजान व्यक्ति ने फोन रिसीव कर परिजनों को उनके ट्रेन में पड़े होने की सूचना दी। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी कमलाकांत छिमवाल (47 वर्ष) एक दवा कंपनी में काम करते थे। यहां दो बेटों व परिवार के साथ रहते थे। कमलकांत के परिजन भूपेश छिमवाल ने बताया कि उनका बड़ा बेटा पैथोलॉजी का कोर्स कर रहा है और छोटे बेटे का आईआईटी कानपुर में चयन हो गया था। वह छोटे बेटे का दाखिला कराने कानपुर गए थे।

शाम को उन्होंने घरवालों को कॉल करके वापस लौटने की बात कही और बताया कि वह ट्रेन से लौट रहे थे। देर रात घरवालों ने उन्हें फिर फोन किया, लेकिन कई फोन करने के बाद भी उनका फोन नहीं उठा। सुबह करीब सात बजे ट्रेन लालकुआं स्टेशन पहुंची तो उनका फोन एक अंजान व्यक्ति ने उठाया। कहा कि ये ट्रेन में अचेत पड़े हैं। कमलाकांत को आनन-फानन में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी घायल

हल्द्वानी, अमृत विचार : सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूछताछ में सामने आया है कि बाइक सवारों की भिड़ंत एक तेज रफ्तार टेंपो से हुई थी। मूलरूप से मुजफ्फरनगर निवासी अमन (24 वर्ष) पुत्र मोहम्मद ताहिर हल्द्वानी में रहकर टाइल्स पत्थर लगाने का काम करता था। लामाचौड़ चौकी प्रभारी मनोज अधिकारी ने बताया कि शनिवार की सुबह कालाढूंगी रोड स्थित एक आश्रम के पास हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर बाइक सवार दो युवक घायल पड़े थे। दोनों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने मुजफ्फरनगर में अमन के परिजनों को खबर की। पुलिस के मुताबिक बाइक सवार कठघरिया से कालाढूंगी की तरफ जा रहे थे। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पूछताछ में टेंपो से टक्कर की बात सामने आई है।

154 स्कूल वाहनों का चालान, 10 सीज

हल्द्वानी, अमृत विचार : परिवहन विभाग ने शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर स्कूल बसों सहित ऐसे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की, जिसमें स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। विभाग की प्रवर्तन टीमों ने बसों के साथ ही टैक्सी/मैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा आदि के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 154 वाहनों के चालान और 10 वाहनों को सीज किया। इस दौरान बिना फिटनेस के 4 वाहन, बिना टैक्स 13, बिना परमिट 8, बिना डीएल 10, बिना सीट्ट बेल्ट 23, बिना बीमा 6, ओवरलोडिंग में 19, बिना प्रदूषण 7 और बिना अग्निशमन यंत्र के 6 चालान किये गए। आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर ने सभी प्रवर्तन अधिकारियों को निरंतर स्कूल संबंधी वाहनों की चेकिंग और नियमों के विपरीत चलने वाले वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चेकिंग अभियान में परिवहन विभाग के 1 एआरटीओ, 2 परिवहन कर अधिकारी और 4 बाइक स्क्वायड के उप निरीक्षक शामिल थे।

चिकित्सक को पीटने वाले तीन आरोपियों को कोर्ट से मिला स्टे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

प्रकरण

- रेडिएंट अस्पताल के स्वामी से मारपीट व लूट का मामला
- 15 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं आरोपी

अमृत विचार : रेडिएंट अस्पताल के स्वामी डॉ. पुनीत कुमार गोयल से मारपीट कर लूटपाट करने के आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस की इस छूट का लाभ उठाते हुए तीन आरोपी कोर्ट से स्टे ले आए हैं। हालांकि स्टे न लाने वाले छात्रसंघ अध्यक्ष समेत तीन आरोपियों को पुलिस अब भी गिरफ्तार कर सकती है।

हिल्स व्यू एन्क्लेव लोहरियासाल मल्ला मुखानी निवासी डॉ. पुनीत कुमार गोयल के साथ बीती 5 जुलाई को मारपीट और लूट की घटना हुई थी। घटना के समय वह केवीएम स्कूल के सामने स्थित अपने रेडिएंट अस्पताल में ओपीडी में मरीज देख रहे थे। उसी समय छात्र नेता विशाल सैनी साथियों को लेकर उनके केबिन में दाखिल हुआ और गिरेहबान पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इसके साथ ही दराज में रखे 40 हजार रुपये भी निकाल लिए। कुछ देर बाद छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, हितेश जोशी, राहुल मठपाल, मनीकेत तोमर, मोहित खोलिया व अन्य वहां पहुंच गए। उन्होंने भी जमकर पीटा। किसी तहर डॉ. पुनीत बचकर अस्पताल के बाहर भागे और दूसरे अस्पताल में पनाह ली। आरोपी उस अस्पताल में घुसे और डॉ. पुनीत को पकड़कर पीटते हुए बाहर लाए और बीच सड़क पर बुरी तरह मारपीट की व अपहरण करने का भी प्रयास किया। सात जुलाई डॉ. गोयल ने आरोपियों के खिलाफ मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी। सभी के खिलाफ लूट और बलवा समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

इधर, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाने का दावा करती रही, मगर अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस बीच आरोपी छात्र नेता विशाल सैनी, हितेश जोशी और राहुल मठपाल कोर्ट से गिरफ्तारी स्टे ले आए। मामले में छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला समेत तीन लोग अभी भी फरार हैं और पुलिस अब भी इन्हें गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। सूत्रों के मुताबिक तीनों आरोपी इसी शहर में हैं और मजे से घूम रहे हैं। कुछ तो फेसबुक पर लाइव भी नजर आ रहे हैं।

> तीन आरोपियों ने कोर्ट से स्टे ले लिया है। बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। -**नितिन लोहनी**, सीओ हल्द्वानी

न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

हल्द्वानी, अमृत विचार : ठगी का शिकार हुए मुखानी थाना क्षेत्र के कुसुमखेड़ा निवासी दीपक चंद्र सती का कहना है कि शुक्रवार रात न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इंदिरागनर बनभूलपुरा निवासी सुहैल सिद्दीकी उर्फ बंटी और काठगोदाम निवासी सुहैल अहमद के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। दीपक ने तहरीर में लिखा कि आरोपी सुहैल सिद्दीकी और सुहैल अहमद को वह जानता है।

आरोपियों ने अपने एक रिश्तेदार को सचिवालय देहरादून का कर्मी बताया। कहा कि वह उसकी सरकारी नौकरी लगवा देगा। आरोपियों ने एक लाख 65 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने 19 अक्टूबर 2022 को रुपये रिश्तेदार के खाते में ऑनलाइन जमा करा दिए। नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी टाल-मटोल करने लगे। उन्होंने काठगोदाम पुलिस को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मदद न मिलने पर कोर्ट में अपील की।

जनसुनवाई मंडलायुक्त कार्यालय में तैनात कर्मी ने की थी लोन संबंधी शिकायत, जनसुनवाई में बैंक अधिकारी हुए तलब

महीनों से काट रहा था बैंक के चक्कर, तीन दिन में मिलेगा लोन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कई समस्याओं का समाधान कराया। मंडलायुक्त के कार्यालय में तैनात वीरेन्द्र पांडे को भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपये का लोन चाहिए था। अभिलेख और भवन की जांच करने के बावजूद बैंक अधिकारी उन्हें कई माह से टरका रहे थे। शनिवार को वीरेंद्र ने भी जनसुनवाई में मंडलायुक्त से शिकायत की। जिस पर मंडलायुक्त ने बैंक अधिकारियों को तलब करते हुए लोन स्वीकृति में देरी की वजह पूछी। इस पर बैंक अधिकारियों ने तीन दिन के भीतर लोन स्वीकृत करने की बात कही।

इसी तरह कैंप कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे दिव्यांगजनों ने मंडलायुक्त को बताया कि उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में उनके लिए सीट होने के बावजूद सीट नहीं मिलती है। मंडलायुक्त ने आरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों के लिए बस गेट के पास ही सीट आरक्षित करें। दिव्यांजनों को सीट पर बैठाना परिचालकों की जिम्मेदारी होगी। ग्राम पंचायत नाईसेला निवासी राजू ने बताया कि तोक मौना में 14 जुलाई को भारी वर्षा के कारण उनके घर में मलबा आने से रहना मुश्किल हो गया है, उन्हें आपदा मद से आर्थिक सहायता दी जाए। मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी को जांच कर मुआवजा देने के निर्देश दिए और जिले में हुए नुकसान का सर्वे कर संबंधित को मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त दीपक रावत को समस्या संबंधी पत्र देती महिला। ● अमृत विचार

पूर्व उपनिदेशक सूचना भी शिकायत लेकर पहुंचे

हल्द्वानी : जनसुनवाई में पूर्व उपनिदेशक सूचना योगेश मिश्रा ने बताया कि उधमसिंह नगर स्थित उनके पैतृक भवन में उनके भाई ने अवैध कब्जा कर लिया है। बसंत पांडे गायत्री वेदमाता ट्रस्ट ने बताया कि उनके ट्रस्ट की भूमि का मुआवजा भुगतान नहीं हुआ। इंदर बिष्ट निवासी हल्द्वानी ने बताया कि नगर पालिका दुकान नम्बर 137 रामलीला मोहल्ला में उनके पिता की दुकान थी। पिता के मृत्यु के बाद दुकान पर विरेन्द्र सिंह ने कब्जा कर लिया है। पूर्व सैनिक खीम सिंह ने बताया कि विद्युत मीटर रीडर ने रीडिंग चैक नहीं की और अधिक रीडिंग का बिल भेज दिया।

तीन रिजॉर्ट कर्मियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

रामनगर, अमृत विचार : रिजॉर्ट से दस लाख रुपये की रकम ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। ली रिजर्व कॉर्बेट रिजॉर्ट ढिकुली रामनगर के स्वामी फौजदार पुत्र दिगम्बर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि अशोक कुमार, प्रवीन कुमार और नीशू ने दस लाख रुपये लेकर अमानत में खनायत की है। रिजॉर्ट में प्रबंधक के रूप में कार्य करने वाले अशोक कुमार व प्रवीन कुमार को रिजॉर्ट के 10 लाख रुपये रखने को दिए गए, लेकिन अशोक कुमार, प्रवीन कुमार व नीशु 10 लाख रुपये, लैपटॉप और कम्प्यूटर लेकर बिना बताए रिजॉर्ट से भाग गए। जब उन्होंने आरोपियों को फोन किया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

किशोरी को भगा ले गया युवक, बहन ने मांगी फिरौती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

दुस्साहस

- किशोरी को कानपुर ले गया था युवक, मुकदमा दर्ज होते ही छोड़कर भागा
- काठगोदाम थाना क्षेत्र का मामला

अमृत विचार : एक युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने जब युवक की बहन से बात की तो उसने किशोरी के बदले में उसके भाई से शादी कराने और पांच हजार रुपये की मांग कर दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर जैसे ही युवक को मुकदमा दर्ज होने की खबर मिली तो वह किशोरी को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गया।

काठगोदाम थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला हिमांशु 17 जुलाई को उनकी 15 वर्ष की बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ कानपुर भगा ले गया। युवक की बहन से जब उन्होंने शिकायत की तो उसने भी किशोरी की शादी हिमांशु से कराने का दबाव बनाया और किशोरी को वापस लाने के एवज में पांच हजार रुपये की मांग की। जिसके बाद महिला काठगोदाम पुलिस के पास पहुंच गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी जैसे ही युवक को मिली तो वह किशोरी को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के छतरी चौराहे पर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि हिमांशु उसे अपने साथ कानपुर ले गया था। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी गई है।

सार-संक्षेप

स्वतंत्रता सेनानियों की पुस्तक के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

राइंका ढेला में याद किए गए क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त

रामनगर : आजादी के आंदोलन के एक प्रमुख क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त को 59वीं पुण्यतिथि पर राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ याद किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को उनके जीवन, कार्यों की बाबत जानकारी दी गई। उनके जीवन से संबंधित फिल्म दिखाई गई। जूनियर कक्षा के बच्चों ने उनका चित्र बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत बटुकेश्वर दत्त के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बच्चों को बताया कि हमारी आजादी के एक प्रमुख क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त को याद करने का दिन है। आज ही के दिन 1965 में उनकी मृत्यु हुई थी। छात्रा खुशी शर्मा ने उनके द्वारा 8 अप्रैल 1929 को ब्रिटिश असेंबली में फेंके गए पर्चे का वाचन किया। कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में बच्चों ने उनका चित्र बनाया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, महेंद्र आर्य, हरीश आर्य, नवेंदु मठपाल, बालकृष्ण चंद्र, सुभाष गोला, संजीव कुमार, उषा पंवार, दिनेश निखुरपा मौजूद रहे।

बस अड्डे को हटाना जरूरी

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड ने बस अड्डे को शहर के बीच से हटाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि शहर की सड़कों को कितना ही चौड़ा किया जाए, लेकिन बड़ी बसों के शहर में आने से लगने वाले जाम को नहीं रोका जा सकता है। बस अड्डे के बाहर जाने से टैक्सी व टैंपो आदि भी सवारियों के लिए वहीं चले जाएंगे, जिससे शहर में यातायात सुव्यवस्थित ढंग से काम करने लगेगा। कहा कि इस संबंध में जल्द संगठन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी मुलाकात करेगा। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे आदि ने कहा कि शीघ्र ही नगर कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित होगा।

सीएम से की कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि की मांग

कालाढूंगी : भाजपा नेता व महामंत्री हरीश मेहरा ने देहरादून में सीएम धामी से मुलाकात कर कालाढूंगी नगर पालिका के कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि के लिए मांग की। हरीश मेहरा ने सीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि कालाढूंगी नगर पालिका के पास अपनी कूड़ा निस्तारण की जगह नहीं है। अभी तक कूड़ा वन विभाग की जमीन में आबादी के पास डंप किया जा रहा है। मेहरा ने कहा संबंधित विभाग से कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि का समाधान करने की मांग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, विनोद बुढ़लाकोटी, महेन्द्र दिगारी, कैलाश बुढ़लाकोटी, कुंदन बसेड़ा, भुवन आर्या, गोपाल बुढ़लाकोटी मौजूद रहे।

स्कूल प्रबन्धक को सीलिंग फेन देते अधिकारी। ● अमृत विचार

बॉब ने दिव्यांग बच्चों के स्कूल को दिए सीलिंग फेन

रामनगर : बैंक ऑफ बड़ौदा के 117वें स्थापना दिवस पर बैंक की ओर से यूएसआर दिव्यांग स्कूल बसई में छह सीलिंग फेन प्रदान किए गए। रामनगर ब्रांच के शाखा प्रबंधक अनसा राज सहायक प्रबंधक दीपक कुमार व ऋषभ नंदन शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा दीक्षा में ग्रीष्म ऋतु बाधक न बने इस उद्देश्य से उन्हें सीलिंग फेन प्रदान किए। इस दौरान ब्रांच की ओर से व बच्चों को केक बिस्किट समोसा नमकीन वितरण किया गया व दिव्यांग बच्चों ने खूब मस्ती की। बैंक के अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के दौरान भविष्य में भी बैंक उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति किये जाने का भी अपनी ओर से प्रयास करेगा। दिव्यांग स्कूल के डायरेक्टर संदीप रावत ने बैंक प्रबंधक को धन्यवाद देकर स्थापना दिवस की बधाई दी।

वैश्विक शिक्षण संस्थानों से अकादमिक संबंध मजबूत बना रहा यूओयू

हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) के कंप्यूटर विज्ञान और आईटी स्कूल के प्रोफेसर व निदेशक डॉ. जीतेंद्र पांडे ने एक से 12 जुलाई तक चीन के शंघाई मुक्त विश्वविद्यालय (एसओयू) में हुए यूनेस्को यूनिटविन अंतर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कहा कि यूओयू वैश्विक शिक्षण संस्थानों से अकादमिक संबंध मजबूत बनाने पर जोर दे रहा है। कार्यक्रम में अमेरिका, यूके, स्पेन समेत 15 देशों के विद्वान शामिल हुए। भारत के प्रतिनिधि डॉ. पांडे ने शंघाई ओपन यूनिवर्सिटी चीन में क्रेडिट मोबिलिटी और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स का अध्ययन विषय पर विचार प्रस्तुत किए। कहा कि वैश्विक शिक्षण संस्थानों से अकादमिक संबंध मजबूत बना रहा है।

दुकानों पर नाम लिखने को संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया

रामनगर : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश सरकार पर जनता को सांप्रदायिक, धार्मिक आधार पर सामाजिक बंटवारा करने का आरोप लगाया है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा रूट पर फल एवं खाने की दुकानों पर नाम लिखने के आदेश को संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताया तथा कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक धार्मिक बंटवारा कर लोगों के अंदर नफरत का जहर फैला रही है। प्रभात ध्यानी ने राष्ट्रपति से उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के प्रशासन द्वारा जारी आदेश को वापस लेने की मांग कर देश की जनता एकजुट होकर विरोध करे।

अराजक तत्वों ने स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र खंगाला

कालाढूंगी : कोटाबाग में अराजक तत्वों ने राउमावि व आंगनबाड़ी केन्द्र पांडेगांव खंगाल कर सामान तहस नहस कर दिया। केन्द्र का ताला पैसों के लिए तोड़ा होगा, मगर दोनों ही जगह हाथ में कुछ नहीं लगा तो उन्होंने दूध व चिप्स लिए व स्कूल में बैठकर आराम से खिचड़ी बना व खाकर निकल गये। घटना का पता सुबह शिक्षक व छात्रों के आने पर चला। प्रधानाचार्या पार्वती आर्या ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है। ग्राम प्रधान गिरीश आर्या ने अराजकतत्वों पर कार्यवाही की मांग की है।

धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में युवक पर मुकदमा

रामनगर, अमृत विचार : पुलिस ने नगर के एक युवक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो. शमी उर्फ छम्मो पुत्र मो. शफी ने पुलिस को दी तहरीर में खिदमत मुशायरा वाट्सएप ग्रुप के एडमिन जिशान कुरैशी पुत्र हफीज कुरैशी के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा कि मोहर्रम कमेटी द्वारा दस्तारबंदी के कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी को मुख्य अतिथि बनाने पर जिशान ने अपने वाट्सएप ग्रुप में गैर मुस्लिम नेता को मुख्य अतिथि बनाये जाने पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दूसरे धर्म की भावनाओं की ठेस पहुंचाकर सौहार्द बिगाड़ने का काम किया जा रहा है।

एडमिन द्वारा ग्रुप के सभी सदस्यों को भी इस कार्यक्रम के विरुद्ध भड़काया जा रहा है, जिससे दोनों समुदाय के बीच वैमनस्यता की भावना बढ़ रही है। जिशान कुरैशी द्वारा आए दिन अपने ग्रुप के माध्यम से दूसरे धर्म के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी भी की जाती है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी जिशान कुरैशी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नई शिक्षा नीति के विरोध में उतरीं छात्राएं

अगली कक्षा में पदोन्नति के लिए बैक परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य, विवि को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अगली कक्षा में पदोन्नत होने के लिए बैक परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। इसके विरोध में शनिवार को राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने प्रदर्शन कर शैक्षणिक नीति का विरोध कर रोष जताया।

छात्राओं का कहना था कि यह नीति पहले स्पष्ट रूप से लागू नहीं की गई थी और छात्राओं को इसकी जानकारी भी सही तरीके से नहीं दी गई। छात्र संघ सचिव निकिता जोशी ने बताया कि पिछली बैक परीक्षा को पास नहीं करने वाली छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। छात्राओं ने प्राचार्य शशि पुरोहित के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन भेजकर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। पूर्व की तरह छात्राओं को बैक परीक्षा शीघ्र उत्तीर्ण करने की शर्त के साथ अगले वर्ष में पदोन्नति दी जाए। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष प्रीति स्यूनरी अन्य छात्राओं ने इस मुद्दे को उठाया और विश्वविद्यालय प्रशासन से त्वरित और न्यायसंगत निर्णय लेने का अनुरोध किया। वहीं, प्राचार्य शशि पुरोहित ने कहा कि एनईपी विद्यार्थी को क्रेडिट के आधार पर अगली कक्षा में पदोन्नत करता है। एनईपी के अनुसार पहली और दूसरी कक्षा में बैक उत्तीर्ण होनी चाहिए और चौथे सेमेस्टर को मिलाकर कुल 50 प्रतिशत से अधिक अंक होने चाहिए। जिसके बाद विद्यार्थी को अगली कक्षा में पदोन्नति मिलेगी। उन्होंने बताया कि विशेष बैक परीक्षा आयोजित कर विद्यार्थियों की समस्या को दूर किया जा सकता है। कहा कि विश्वविद्यालय ही इस संबंध में निर्णय ले सकता है। छात्राओं की समस्या से विवि को अवगत कराया जाएगा।

महिला महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत प्रदर्शन करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्थापना दिवस पर निकाली बाइक रैली। ● अमृत विचार

बीओबी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा के 117वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से कई कार्यक्रम किए गये। जिसमें बाइक रैली, सुलेखन प्रतियोगिता, पौधरोपण आदि शामिल रहे।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्थापना दिवस पर बाइक रैली निकाली, जो रैली कठघरिया चौराहे से नवीन मंडी होते हुए मुख्य शाखा पहुंची। रैली में बैंक के 150 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा बैंक की ओर से केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी कैंट में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए सुलेखन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में सफल तीन छात्रों को प्राचार्य कमला निरखुपा व बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख समीर कुमार ओझा ने सम्मानित किया। बैंक की ओर से केंद्रीय पुलिस बल गौलापार में पौधरोपण भी किया गया। कुल 300 पौधों को लगाया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक शंकर दत्त पांडेय, बैंक ऑफ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रमुख धर्म दीपक रहे। बैंक के स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में हुई। स्टाफ सदस्यों का हेल्थ चेकअप भी किया गया। सभागार में ग्राहक बैठक भी हुई। इस अवसर पर कुल 45 ग्राहक उपस्थित थे।

> बैंक ऑफ बड़ौदा सन 1908 में स्थापित हुई। एक छोटे स्थानीय बैंक से बढ़कर एक मजबूत वित्तीय संस्था बन गई है। विगत वर्षों में हमने उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त की है। अत्याधुनिक बैंकिंग समाधान पेश किए हैं और वित्तीय समावेशन और सतत विकास के प्रति अटूट समर्पण बनाए रखा है।
> –**समीर कुमार ओझा**, क्षेत्रीय प्रमुख प्रसार अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

रिजॉर्ट से पर्यटक के जेवर गायब

रामनगर, अमृत विचार : ढिकुली स्थित एक रिजॉर्ट में ठहरे पर्यटक के सोने के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। तेलंगाना सिकंदराबाद के बीटी श्रीनिवासन ने एफआईआर दर्ज कराई है कि 10 जुलाई को उन्होंने ढिकुली स्थित एक रिजॉर्ट में कमरा नंबर 1903 में चेक इन किया।

मुरादाबाद से यात्रा शुरू करते समय उनके पास तनिषा के बॉक्स में सोने की तीन चूड़ियां थीं। इसमें दो एक ही तरह के डिजायन की और एक कड़ा था। उन्होंने कहा कि उन्हें 12 जुलाई को आगे की यात्रा करनी थी, 11 जुलाई को सूटकेश पैक करते समय उसने ये तीनों आभूषण रखे थे, लेकिन 12 जुलाई को होटल छोड़ते समय जेवरात गायब हो गए थे। 12 जुलाई को वह तपोवन ऋषिकेश पहुंची और जीरो एफआईआर दर्ज कराई।

जिप्सी वेलफेयर एसो. के चुनाव 28 को

रामनगर, अमृत विचार : कार्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसियशन के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए 28 जुलाई को मतदान होगा। अभी तक चुनाव के लिए 19 जुलाई तक कुल 14 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए। एसोसिएशन की ओर से नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी फैजुल हक एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष के लिए 4, सचिव के लिए 2, कोषाध्यक्ष के लिए 2 और उपसचिव पद के लिए 3 नामांकन पत्र लिए गए। नूर खान ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के तहत 21 जुलाई रविवार को कार्बेट मोटल, तेलीपुरा रोड पर प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे तथा नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी व 21 जुलाई 24 को ही 2 बजे से 5 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

व्यापारी एकता जिन्दाबाद
जय उद्योग-जय व्यापार
प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल किच्छा से आपके अपने जाने पहचाने
अध्यक्ष
पद के उम्मीदवार
युवा, शिक्षित, लोकप्रिय एवं ईमानदार प्रत्याशी
पुनः आपके आशीर्वाद का अभिलाषी
गुलशन सिन्धी
मो. 9927037300, 7500017300
प्रतिष्ठान - होटल प्राईम, पन्त मार्केट, किच्छा

निवेदक : समस्त व्यापारीगण

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• एम.ए. (जर्नलिज्म)
• एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स)
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
• एम.कॉम.
• एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

रकसिया, कलसिया और देवखड़ी नालों से हटेगा अतिक्रमण, मुक्त होगी सरकारी भूमि

डीएम वंदना सिंह ने बरसाती नालों के किनारे हुए अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

निर्देश

- नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर निस्तारण के आदेश
- ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए समय सीमा मय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रकसिया, कलसिया और देवखड़ी समेत अन्य नालों पर अतिक्रमण जमाए बैठे लोगों को अब सरकारी भूमि खाली करनी होगी। इस संबंध में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि रकसिया, कलसिया, देवखड़ी सहित अन्य नालों और साथ ही उनके आस-पास हो रहे अतिक्रमण के कारण हर वर्ष बरसात में किनारों पर बसे परिवारों को खतरा होता है।

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

इसके स्थाई समाधान के लिए नालों से अतिक्रमण को हटाकर वर्षा जल को सुरक्षित निकास देना जरूरी है। पिछले दिनों प्रारंभिक सर्वे के बाद नालों से अतिक्रमण हटाने को लेकर राजस्व, वन, सिंचाई, नगर निगम के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई गई थी। शनिवार को इन अधिकारियों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने अतिक्रमण के चिह्नीकरण, नोटिस और ध्वस्तीकरण की संपूर्ण कार्यवाही के लिए समय सीमा तय की। विभागों को मूल दस्तावेजों के साथ मौके पर सभी नालों के सत्यापन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में तेज बहाव वाले नालों और उनके सुरक्षात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। मानसून के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। कहा, ज्यादा बहाव वाले नदी, नालों का एसडीएम समय-समय पर निरीक्षण और सर्वे करें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को रकसिया, कलसिया नाले की पुरानी वास्तविक चौड़ाई को री-स्टोर करने के लिए वन, सिंचाई, राजस्व विभाग को सर्वे करने के निर्देश दिए। इसके लिए नक्शों के अनुरूप नालों की चौड़ाई को री-स्टोर किया जाना है।

उन्होंने नालों में कब्जा और अतिक्रमण कर रहे लोगों को नोटिस देने और सरकारी भूमि को चिह्नित कर निशान लगाने को कहा। सरकारी भूमि में अतिक्रमण कर रहे लोगों को 15 दिन के भीतर नोटिस की सुनवाई कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक ने डीएफओ दिगांत नायक, एसडीएम परितोष वर्मा, एसडीओ शशि सिंह, ममता चंद आदि मौजूद थे।

स्टांप पर हो रही सरकारी भूमि की खरीद-फरोख्त

हल्द्वानी : जिलाधिकारी ने दमुवाढूंगा, रकसिया, कलसिया नालों के आस-पास खाली सरकारी भूमि को चिह्नित कर ताड़बाड़ कर नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। कहा कि इन दिनों अवैध रूप से स्टांप पर सरकारी भूमि के खरीद-फरोख्त के मामले देखने को मिल रहे हैं। जिन पर अलग-अलग विभागों से कानूनी कार्रवाई की जा रही है, सरकारी भूमि में ताड़बाड़, सुरक्षा दीवार और साइन बोर्ड लगाने से लोग ठगों के झांसे में आने से बच सकेंगे। साथ ही लोगों को भूमि लेन-देन के समय भूमि के दस्तावेज के सत्यापन करने और सावधान रहने की बात कही। बिना रजिस्ट्री कराए wकम मूल्य के स्टांप पर भूमि न खरीदने के लिए जागरूकता हेतु नोटिस बोर्ड सभी तहसीलों में लगाने के निर्देश भी दिए ।

देवखड़ी नाले के लिए डीपीआर तैयार करेगा सिंचाई विभाग

हल्द्वानी : जिलाधिकारी ने देवखड़ी नाले पर स्थाई समाधान के लिए नाले के शुरुआत में भद्दूनी से आरंभ कर पूरे कैचमेंट एरिया का सर्वे कराने की बात कही, जिससे छोटे-छोटे चेक डैम बनाए जा सकें। ताकि नदी और आबादी भी सुरक्षित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि देवखड़ी नाला काफी पुराना हो गया और दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। उन्होंने इसके सुदृढ़ीकरण के लिए सिंचाई विभाग को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

जमीन का रकबा बढ़ाने को बदल दिया नाले का रुख

मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते दमुवाढूंगा के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कई दिनों से दमुवाढूंगा और बिठौरियों के लोगों के बीच विवाद की वजह बने कमेटिया नाले का मामला शनिवार को मंडलायुक्त दीपक रावत के पास पहुंच गया। दमुवाढूंगा के लोगों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नाले को उसके वास्तविक स्थान से बहने देने की मांग की।

कमेटिया बरसाती नाला दमुवाढूंगा के वार्ड 36 से निकलता है और वार्ड 46 बिठौरिया के लोगों को प्रभावित करता है। ज्ञापन लेकर पहुंचे लोगों का कहना था कि वन विभाग के नक्शे में यह नाला 30 से 35 वर्ष पहले वार्ड 36 से निकलता था और शर्मा आटा चक्की होते हुए चीनपुर बरसाती नाले में जाकर मिलता था। बिठौरियों के लोगों ने अपनी जमीन का रकबा बढ़ाने के लिए शर्मा आटा चक्की के पास नाले में जाल डालकर नाले का रुख मोड़ दिया। अब वार्ड 46 के लोग नाले की परेशानी से निजात दिलाने के लिए आंदोलित हैं और खुद विधायक बंशीधर भगत बिठौरिया के लोगों के पक्ष में उतर चुके हैं, लेकिन दमुवाढूंगा वार्ड 36, 37 और 38 के लोग विरोध में उतर आए हैं।

समाजसेवी मन्नू गोस्वामी का कहना है कि बिठौरिया को बचाने के लिए वार्ड 36 से निकले नाले का रुख वार्ड 37 और 38 में मोड़ा जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो यह नाला उक्त तीनों वार्डों में तबाही मचाएगा। ज्ञापन देने वालों में भुवन चंद्र भंडारी, संजय भंडारी, जगदीश सिंह, मनोज खुल्बे, महेशानंद, महेंद्र सिंह, बची सिंह बोरा, त्रिलोक सिंह, खीमानंद भंडारी, दयाकृष्ण पांडे आदि थे।

पीजी कक्षाओं में कल से प्रवेश शुरू करने की तैयारी

हल्द्वानी, अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को पीजी कक्षाओं में प्रवेश को लेकर बैठक हुई। जिसमें मेरिट जारी करने और प्रवेश शुरू करने पर चर्चा की गई। इधर, शनिवार को पंजीकरण जारी होने के कारण पीजी की मेरिट जारी नहीं हो पाई।

कॉलेज के प्रवेश प्रभारी डॉ. अमित सचदेव ने बताया कि समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ पंजीकरण डाटा के संबंध में चर्चा हुई। बताया कि पीजी कक्षाओं में शनिवार रात 12 बजे तक समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण हुए, जिस कारण शनिवार को डाटा नहीं मिल पाया। समिति का प्रयास है कि सोमवार को मेरिट जारी कर दी जाए, जिससे प्रवेश शुरू हो सकें। बैठक में प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, अमित सचदेव, नवल लोहनी, रोहित कांडपाल, महेश शर्मा, कविता बिष्ट, बीआर पंत उपस्थित रहे।

इधर, एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को प्रवेश का अंतिम दिन था। प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद थी, लेकिन काफी कम संख्या में छात्र प्रवेश लेने पहुंचे। शनिवार को 134 प्रवेश हुए।

सार-संक्षेप

आपातकाल के दौरान जेल गए जगन्नाथ पांडे से भेंट करते सांसद अजय भट्ट व अन्य।

आपातकाल में जेल गए बुजुर्ग से मिले सांसद अजय भट्ट

हल्द्वानी : सांसद अजय भट्ट ने ग्रामसभा हरिपुर नायक में निवासरत भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगन्नाथ पांडे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। 92 वर्षीय जगन्नाथ पांडे आपातकाल के दौरान 19 माह तक हल्द्वानी, बरेली एवं नैनीताल की जेल में बंद रहे। सांसद भट्ट ने देश के लिए उनके योगदान को याद करते हुए कहा आपके त्याग की बदौलत आज देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। सांसद ने जगन्नाथ पांडे के आवास, एमआईटी कॉलेज एवं एपीएस स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, गजराज बिष्ट, प्रकाश रावत, बहादुर सिंह बिष्ट, विजय मनराल, मोहित कांडपाल, कमलेश जोशी, कमल पांडे मौजूद रहे।

विजडम स्कूल की रिया मौर्या का नवोदय में चयन

हल्द्वानी : रामपुर रोड स्थित विजडम स्कूल की एक और होनहार छात्रा रिया मौर्या का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में हुआ है। रिया ने आठवीं कक्षा के बाद होने वाली प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण कर जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नौ में प्रवेश लिया है। रिया की इस सफलता पर पिता राममूर्ति, विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह पोखरिया, प्रधानाचार्य त्रिवेणी चंद्र कबड़वाल और समस्त विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भाजपा प्रतिदिन कर रही संविधान की हत्या

हल्द्वानी : भीम आर्मी ने भाजपा की ओर से मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का विरोध किया है। संगठन ने इस संबंध में बैठक कर भाजपा पर आरोप लगाया कि वह स्वयं प्रतिदिन संविधान की हत्या कर रही है। शनिवार को गोलचा कम्पाउंड में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा कि संविधान हत्या दिवस का मतलब है कि संविधान मर चुका है। सिराज अहमद ने कहा कि भाजपा के राज में अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार का आदेश देखें तो कांवड़ यात्रा के सभी रूटों पर फल, सब्जी, रेस्टोरेंट के मालिकों को अपना नाम लिखना है। जिससे उसके धर्म की पहचान हो पाए। यह दर्शाता है कि समुदाय विशेष का सीधे तौर से बायकॉट करने की शुरुआत हो गई है। विकास कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम समाज भी कावड़ियों का स्वागत करते हैं। कहा कि संविधान की रक्षा के लिए बहुजन समाज सड़कों पर उतरेगा। बैठक में जीआर टम्टा, आरपी गंगोला, विनोद कुमार बौद्ध, दीपक चन्याल, शंकर लाल, गजेंद्र पाल सिंह, अहमद अली, हरीश लोधी, मनीष गौतम, नवीन मूलनिवासी, सुनील कुमार, बालकिशन राम, प्रकाश राम टम्टा, आरआर आर्य, मोहन लाल, गंगा प्रसाद, गुड्डू वारसी मौजूद रहे।

सीएम से एथेनॉल प्लांट का निर्माण रुकवाने की मांग

ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी के चकलुवा क्षेत्र में एथेनॉल प्लांट लगने से नाराज रतनपुर ग्रामसभा के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। बताया कि उनके क्षेत्र में बिना किसी विभाग से अनापत्ति प्राप्त किए एथेनॉल फैक्ट्री का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने डीएम नैनीताल से दूरभाष पर वार्ता कर नियम संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बताया कि दो साल से सूरपुर चकलुवा क्षेत्र के ग्रामीण एथेनॉल प्लांट का विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद जिला प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली है। क्षेत्र में खेती के साथ-साथ आम और लीची के बगीचे हैं। एथेनॉल प्लांट लगने से उनके क्षेत्र में जल मृदा एवं वायु प्रदूषण की मार से खेती प्रभावित होगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कहा प्रदेश स्तर से एथेनॉल प्लांट निर्माण के लिए किसी तरह की सहमति नहीं दी गई है। एथेनॉल प्लांट स्थापित करने की भारत सरकार की योजना है, बावजूद इसके नियम विरुद्ध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान विक्रम जंतवाल, गोपाल बुडलाकोटी, विनोद बुडलाकोटी, हरीश मेहरा, दीपेश जलाल, कुंदन बसेड़ा, महेंद्र दिगारी, कैलाश बुडलाकोटी, भुवन चंद्र मौजूद रहे।

विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में सीएम को ज्ञापन देते चकलुवा के ग्रामीण

दलित उत्पीड़न के दोषियों पर कार्रवाई हो

हल्द्वानी, अमृत विचार: चमोली जिले के जोशीमठ क्षेत्र में हुई जातिगत उत्पीड़न की घटना की नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि जोशीमठ में तबीयत खराब होने के कारण मेले में ढोल न बजाने पर एक अनूसूचित जाति के व्यक्ति पर परंपरा का उल्लंघन करने का दोष मढ़ दिया गया। इतना ही नहीं उक्त व्यक्ति पर गांव की पंचायत ने पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगा दिया। साथ ही नौला, धारा, सड़क, घास, रास्ते, हुक्का पानी, सामग्री खरीदने पर बहिष्कार कर दिया। आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में इस तरह की घटना के होने से देवभूमि शर्मसार हुई है। इस तरह के अपराधिक कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

सेंट लॉरेंस स्कूल के छात्रों का प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन

छात्रों को मोमेंटो और बुके देकर सम्मानित करते प्रबंध निदेशक और प्रधानाचार्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कार्तिक पाठक और हर्षित जोशी का आईआईटी में चयन हुआ है। कार्तिक पाठक का आईआईटी रोपण और हर्षित जोशी का चयन आईआईटी खड़गपुर में चयन हुआ है। स्कूल के दोनों छात्रों ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान में चयनित होकर माता-पिता के साथ ही स्कूल का नाम भी रोशन किया है। इसके साथ ही स्कूल के पीयूष खाती का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन अनिल जोशी, डायरेक्टर सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनिता जोशी और विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही उनके अनुभव समस्त विद्यार्थियों के साथ साझा किए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दमुवाढूंगा, बिठौरिया और बमौरी में जलापूर्ति बाधित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दमुवाढूंगा, बिठौरिया और बमौरी क्षेत्र में शनिवार को पेयजल आपूर्ति ठप रही। इन क्षेत्रों में बीते बुधवार और गुरुवार को भी पानी नहीं आया था। शुक्रवार को पानी आया, लेकिन प्रेशर कम होने के कारण अधिकांश घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया। वहीं शनिवार को भी पानी नहीं आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तीनों क्षेत्रों में करीब 20 हजार की आबादी को शीशमहल फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति होती है।

जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि बारिश के दिनों में पानी में सिल्ट की मात्रा अधिक बढ़ गई है। इस वजह से पानी का शोधन कम हो रहा है। सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि गौला बैराज से सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक पानी नहीं मिला है।

छात्रवृत्ति लाभार्थियों के लिए 23 से शिविर

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए समाज कल्याण विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की ओर से बैंक में खाता खुलवाने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। 23 जुलाई को शिविर डीएसबी कैंपस नैनीताल, 25 को राजकीय पीजी कॉलेज रामनगर और 27 जुलाई को एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में लगाया जाएगा, जो सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम हिन्दी साहित्य भारती की द्वितीय मंडलीय संगोष्ठी, बुद्धिजीवियों को एकजुट कर सनातन चिंतन धारा से जोड़ने का लिया संकल्प

मानवीय जीवन मूल्य को विकसित करना मुख्य उद्देश्य : शुक्ल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हिन्दी साहित्य भारती (अंतरराष्ट्रीय) के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रवींद्र शुक्ल का कहा कि मनुष्य पूजा पद्धति की दुराग्रही मनोवृत्ति से ऊपर उठकर मानवीय संवेदनाओं से युक्त हो जाए तभी विश्व में शांति संभव है। भारतीय सनातन चिंतन धारा ही एकमात्र इस कसौटी पर खरी उतरती है, जहां पूजा पद्धति का दुराग्रह लेषमात्र भी नहीं है। इसी उद्देश्य को लेकर विश्व के बुद्धिजीवियों को एक मंच पर लाने के लिए हिन्दी साहित्य भारती का गठन हुआ है।

शुक्ल यहां पाल कालेज ऑफ टैक्नोलॉजी मैनेजमेंट में हिन्दी साहित्य भारती की द्वितीय मंडलीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन चिंतन धारा और महान सांस्कृतिक चेतना को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करना है। इसके लिए सकारात्मक सोच के बुद्धिजीवियों को एकजुट करना होगा। उन्होंने कहा कि हिन्दी साहित्य भारती का जन चेतना जाग्रत करने का यह आंदोलन देश के अलावा दुनिया के 35 देशों तक पहुंच चुका है। उन्होंने विद्यालयों, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में गोष्ठियां आयोजित करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि हिसा की केंद्रीय सचिव डॉ मंजू पाण्डे उदिता ने कहा कि आज तमाम विसंगतियों के कारण समाज विघटन की ओर बढ़ रहा है, भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बचाना है तो स्कूली स्तर पर ही बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मार्गदर्शक मंडल सदस्य प्रोफेसर प्रभा पंत ने कहा कि डॉ रवींद्र शुक्ल के नेतृत्व में विश्व शांति के महान उद्देश्य को लेकर हिन्दी साहित्य भारती ने जो अनुष्ठान प्रारंभ किया है, उसमें विश्व भर में आज लाखों साधक साधनारत हैं। उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बरेली से आए हिन्दी साहित्य भारती के केंद्रीय उपाध्यक्ष आचार्य देवेंद्र देव का सम्मान किया गया।

संगोष्ठी में उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. रवींद्र शुक्ल, केंद्रीय उपाध्यक्ष आचार्य देवेंद्र देव, संयोजक पूर्व विधायक नारायण पाल।

कार्यक्रम के संयोजक एवं पाल कॉलेज के निदेशक पूर्व विधायक नारायण पाल ने डॉ शुक्ल का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य भारती का हिस्सा बनकर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कामिनी पाल ने भी अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी एवं चिंतन बैठक का कुशल संचालन जिला मंत्री अनुपम शुक्ल ने किया। प्रथम सत्र के समापन पर जिलाध्यक्ष गणेश रावत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

द्वितीय सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार आशा शैली की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। संचालन बीना जोशी हर्षिता ने किया। कवि सम्मेलन में कुमाऊं भर से आये कवियों ने समसामयिक विषयों पर अपनी उत्कृष्ट कविताएं पढ़कर सदन को अभिभूत किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी मितेश्वर आनंद, डॉ अशोक जोशी, महेश्वर दत्त वाजपेई, रमेश चंद्र द्विवेदी, गोविंद कश्यप, भुवन भास्कर पाण्डे अध्यक्ष वरिष्ठ जन कल्याण समिति, केके पाण्डे डायरेक्टर पाल कॉलेज, शुभो चट्टोपाध्याय निर्भय पाल, संदीप लोहनी, पुष्पलता जोशी, विद्या महतोलिया उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

भू-कटाव को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

कृषि भूमि कैलाश नदी में समा रही, किसान परेशान

सितारगंज : लगातार हो रहे भू-कटाव के चलते किसानों की कृषि भूमि चपेट में आ रही है। भू-कटाव को रोकने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि कैलाश नदी लगातार कटाव कर रही है। नदी के वेग के चलते सिंचाई विभाग की ओर से तटबंध के किनारों पर बनाई गई ठोकरें भी बह गई हैं। शनिवार को ग्राम पथरिया तोहरा के ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपकर बताया कि पथरिया फॉर्म में नदी लगातार कृषि भूमि का भू-कटाव कर रही है। इससे अब गांव की ओर भी खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस मौके पर वीर सिंह, अमरजीत सिंह, रजत, रवि, जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर पीजी कॉलेज में क्रमिक अनशन पर बैठे विद्यार्थी। ● अमृत विचार

डिग्री कॉलेज में सीटें बढ़ाने को लेकर क्रमिक अनशन

बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए, बीकाम व बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलनरत विद्यार्थियों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। इस दौरान धरना देकर जोरदार नारेबाजी की गई। शनिवार को कॉलेज पहुंचे छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, सचिव आदर्श कुमार, उपाध्यक्ष पंकज पाल व छात्र सेवक अनुज आदि क्रमिक अनशन पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सीटें कम होने की वजह से सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाया है जिसके चलते विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। वह लोग पिछले काफी समय से सीटें बढ़ाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। इस मौके पर अभिषेक, सूरज सैनी, विक्की, प्रियांशु, अर्श, विशाल यादव, विशाल कश्यप, अकुंर, काजल, सीमा, विश्वजीत चौहान कोषाध्यक्ष, फैज पठान, अदनान, वासिफ, मुकीम, शमी, सुहैब अख्तर, जसविंदर सिंह, अशद आदि मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता करते एकम भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन। ● अमृत विचार

सेना को खुली छूट दी जाए : महाजन

गदरपुर : जम्मू कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी घटनाओं से चिंतित एकम भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने राष्ट्रपति से सेना को खुली छूट देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारा नहीं जाएगा आतंकवादी मानेंगे नहीं। शनिवार को दिनेशपुर स्थित सनातन एवं भारत दल के कार्यालय में पत्रकारों से प्रेस वार्ता करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि 78 दिनों में जम्मू कश्मीर में 11 आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। इनमें देश के 13 जवानों का बलिदान हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार को अब जैसा को तैसा की नीति अपना कर आतंकवादियों व उनको शरण देने वालों को चुन चुन कर ठिकाने लगाना होगा। प्रेस वार्ता के दौरान चरण सिंह चन्ना व अमित ढींगरा भी मौजूद थे।

हादसों में दो लोग घायल

बाजपुर : अलग-अलग सड़क हादसों में किशोर समेत दो लोग घायल हो गए। गांव बाजपुर निवासी नरेश कुमार शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े सात बजे ई-रिक्शा में बच्चों को घुमाकर दोराहा से गांव की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-74 के फोनलेन पर तेज रफ्तार कार चालक ने ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया जिसमें नरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ई-रिक्शा में सवार सात-आठ बच्चे हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। वहीं दूसरी घटना बेरिया रोड स्थित धनसारा मोड़ लखनपुर में हुई है। शुक्रवार की देर रात करीब आठ बजे बाइक की चपेट में आकर साइकिल सवार 15 वर्षीय राहिल घायल हो गया।

लेनदेन को लेकर चले लाठी डंडे, तीन लोग घायल

बाजपुर : पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। घटना में एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। तीनों को सरकारी अस्पताल से रेफर कर दिया है। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीरें दे दी हैं। ग्राम मुड़िया कलां निवासी मोहसिम व गांव के ही मेहंदी हसन के परिवार में दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसको लेकर शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और देखते ही देखते मारपीट होने लगी तथा जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में एक पक्ष के मोहसिम व उसकी भाभी इमराना तथा दूसरे पक्ष के मेहंदी हसन के चोटें आई हैं।

हरिद्वार, देहरादून एवं नैनीताल में गन्ना और लीची की फसल का करें अवलोकन

समीक्षा बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, पुनः परीक्षण कर संशोधन के लिए कहा

मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने फसल वित्तमान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं आत्मा गवर्निंग बोर्ड की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने फसल वित्तमान 2024-25 को पुनः परीक्षण करने के साथ ही सहायक गन्ना आयुक्त एवं मुख्य उद्यान अधिकारी को हरिद्वार, देहरादून एवं नैनीताल जनपद के गन्ने की फसल एवं लीची की फसल के वित्तमान का अवलोकन करने के साथ ही ऊधमसिंह नगर जनपद में गन्ने एवं लीची की फसल के वित्तमान का पुनः परीक्षण कर संशोधन करने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कहा कि फसल बीमा कंपनी के जिला समन्वयक योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही सभी बैंक शाखाओं में जाकर किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को फसल बीमा में शामिल करें। मुख्य विकास अधिकारी को फसल बीमा की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिये। आत्मा गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान मुख्य कृषि अधिकारी को विकासखंड स्तर पर किये जाने वाले प्रशिक्षण एवं कृषक गोष्ठी की कार्य योजना पूर्व में ही तैयार कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, किसान संगठन एवं एफपीओ को सूचित करें। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

कल्याणी और बैगुल नदी किनारे रह रहे लोगों को राहत देने की मांग

रुद्रपुर : वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की और शहर में जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान शहर के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके निराकरण की मांग की। शनिवार को जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा कि कल्याणी और बैगुल नदी किनारे रह रहे लोगों को नगर निगम की ओर से नोटिस दिए गए हैं। इससे उनके मन में उजड़ने का भय बना हुआ है। मानकों के अनुरूप प्रशासन कार्य करे और नदी किनारे बसे लोगों को राहत दी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि शहर के हित के लिए कार्य किए जाएंगे और प्रयास रहेगा की जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

जसपुर: पुलिस ने बिजनौर के सीमावर्ती गांव मच्छमार से नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक को रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से लड़की को बरामद किया गया है। थाना रेहड़, बिजनौर (उत्तर प्रदेश) अंतर्गत सीमावर्ती गांव मच्छमार निवासी 19 वर्षीय युवक सुमित कुमार विगत 8 जुलाई को रात्रि के दौरान अपने ही गांव की एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले गया था। लड़की के परिजनों ने इस संबंध में थाना रेहड़ में तहरीर देकर युवक को गिरफ्तार आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस टीम ने आरोपी सुमित कुमार को शनिवार को करीब 3:30 बजे रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया।

आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने फांसी लगाई

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: आर्थिक तंगी के चलते युवक ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बेटे की मौत पर मां का रो-रोकर बुरा हाल था।

आशु (फाइल फोटो)।

वार्ड नंबर 10 निवासी आशु (36) पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल की चाय की दुकान मदान फोटो स्टेट वाली गली में है। शनिवार होने की वजह से उसने अपनी दुकान नहीं खोली थी। दोपहर को बाजार घूम कर आशु खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। जब काफी देर तक वह नहीं उठा तो करीब 5 बजे उसकी मां कान्ता ठुकराल उसके कमरे में उठाने के लिए पहुंची। देखा कि आशु पंखे से लटका हुआ था। उसके रोने चिल्लाने की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना थानाध्यक्ष जसवीर चौहान को दी। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घर पर उसकी बुजुर्ग मां कान्ता है उसके पिता का काफी समय पहले देहांत हो चुका है। मृतक आशु की मां रो रो कर बुरा हाल है मृतक आशु की एक बहन है जिसकी शादी काशीपुर में हुई है।

एक ही रात में चोरों ने 10 घरों में धावा बोला

किच्छा : नजीबाबाद क्षेत्र में चोरों ने कई घरों को निशाना बनाते हुए 10 मोबाइल चुरा लिए। चोर एक घर में रखी एयरगन भी चुरा ले गए। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम नजीबाबाद, थाना किच्छा निवासी कुंवरपाल ने बताया कि दो दिन पूर्व देर रात्रि परिवार के सभी लोग घर पर सो रहे थे। इस दौरान चोर उनके घर में घुसे और वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन चुरा लिया। कुंवर पाल ने बताया कि जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि अज्ञात चोरों ने ग्राम निवासी सागर लाल, अमित कुमार, मोहन लाल, दीनदयाल, देववती, शबाना बेगम, मनकशा के घर में घुसकर मोबाइल चुरा लिए। बताया कि घटना की रात ग्राम निवासी शबाना बेगम ने एक व्यक्ति को दीवार से कूदते हुए देखा था तथा मोबाइल चोरी होने के बाद जब ग्रामीण दीनदयाल द्वारा गांव में संदिग्ध लोगों की तलाश की गई तो गांव के बाहर बाइक सवार दो व्यक्ति फरार होते हुए नजर आए। कुंवर सिंह ने बताया कि गांव से फरार होने वाले दोनों व्यक्ति ग्राम निवासी मोहन चंद के घर में आए थे तथा उन्हें शक है कि उक्त दोनों लोगों ने मोबाइल चोरी किए हैं।

टेंडर लेकर लापता हुई पांच कंपनियां

हालात

- अलग-अलग वार्ड में 55 लाख रुपये से अधिक का लिया था काम
- नोटिस जारी होने के बाद अब ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी

गौरव तिवारी, सितारगंज

अमृत विचार : विकास कार्यों का टेंडर लेने के बाद पांच कंपनियां लापता हो गई हैं। स्थानीय लोगों की लगातार बढ़ती परेशानी और शिकायतों के बाद हरकत में आई नगर पालिका ने इन कंपनियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते गुरुवार को पांचों कंपनियों को नोटिस जारी कर जल्द काम शुरू नहीं करने पर ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी है। पालिका की ओर से नोटिस मिलने के बाद ठेकेदारों में खलबली है।

नगर पालिका परिषद ने बीते दिनों कस्बे के अलग-अलग वार्डों में 55 लाख से अधिक धनराशि से सड़क, नाली व अन्य विकास कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की थी, जिसमें भाग लेने वाली पांच कंपनियों ने वर्कआर्डर जारी होने के बाद जल्द विकास शुरू करने का दावा किया था, मगर कई माह बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किया। इस पर हरकत में आए पालिका अधिकारियों ने कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। अधिकारियों के अनुसार इन कंपनियों में किसी को दूसरी तो किसी को तीसरी बार नोटिस जारी किया गया है। अब इनकी ओर से जल्द काम शुरू नहीं करने पर ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की जा सकती है।

इन कंपनियों को जारी किया नोटिस

पालिका अधिकारियों के अनुसार काम लेने वाली एजेंसियों में जैन इंटरप्राइजेज, ओम इंटरप्राइजेज, मैसर्स बरकाती कंस्ट्रक्शन, मैसर्स मुकर्रम अली कंस्ट्रक्शन, मैसर्स फिरोज खान कंस्ट्रक्शन शामिल हैं। जिन्हें अलग-अलग क्षेत्र में विकास कार्य की जिम्मेदारी दी गई है।

> प्रथम चरण में कंपनियों को नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। नोटिस का स्पष्टीकरण नहीं देने पर संबंधित कंपनियों को ब्लैक लिस्ट में डालने की कार्रवाई की जाएगी।
> – **नौशाद हसीन**, ईओ सितारगंज नगर पालिका

गुस्सा व्यापारी नेताओं ने कूरियर कर्मी को फटकारा, ऑनलाइन किया था ऑर्डर

नई के बजाय भेज दी फटी पैंट-शर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऑनलाइन ठगी का खेल चरम सीमा पर है। एक कारोबारी द्वारा ऑनलाइन ब्रांडेड कपड़े ऑर्डर किए थे, लेकिन उसकी जगह फटी-पुरानी पेंट-शर्ट निकली। इसकी सूचना मिलते ही व्यापारी नेता दुकानदार के यहां पहुंचे और संबंधित कूरियर कंपनी के कर्मचारी को बुलाकर नाराजगी जताई। इस पर कर्मचारी ने पैसा वापस कर अपनी जान छुडाई।

आवास-विकास निवासी कारोबारी अनमोल छाबड़ा ने बताया कि उसने 16 जुलाई को फेसबुक स्थित रेडीमेड कपड़ों की वेबसाइट पर ऑनलाइन ब्रांडेड पैंट ऑर्डर की थी। 20 जुलाई को संबंधित कूरियर कर्मी आया और 945 रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बाद पैकेट खोला तो उसमें फटी-पुरानी पैंट व एक शर्ट निकली।

ऑनलाइन आयी फटी पुरानी पैंट-शर्ट दिखाते व्यापारी। ● अमृत विचार

इसकी सूचना मिलते ही प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय मौके पर पहुंचे और संबंधित कूरियर कंपनी के एरिया मैनेजर को बुलाकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि कूरियर फर्म की जिम्मेदारी है कि वह किसके साथ व्यापार कर रही है। इसके बाद कूरियर कंपनी के मैनेजर ने 945 रुपये का भुगतान कर मामला निपटाया।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

गोली लगने से युवक घायल, हल्द्वानी रेफर

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में युवक गोली लगने की वजह से लहूलुहान हालत में मिला। घायल युवक को हल्द्वानी रेफर किया गया है। शनिवार शाम को ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर श्मशान घाट रोड निवासी विशाल लहूलुहान हालात में मिला। युवक को गोली लगने की पुष्टि हुई है। युवक के घायल होने की सूचना मिलते ही परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। जहा डॉक्टरों ने नाजुक हालत को देखते हुए घायल को हल्द्वानी रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भारत सिंह अस्पताल पहुंचे, लेकिन युवक को रेफर करने की वजह से पुलिस की एक टीम हल्द्वानी के लिए रवाना हो गई। उधर, थाना प्रभारी ने बताया कि गोली कैसे लगी और किसने चलाई, इन सभी बिंदुओं जांच की जा रही हैं।

छतरपुर मार्केट में सामान लेने गई किशोरी लापता

पंतनगर : छतरपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री बीती 16 जुलाई को शाम सात बजे घर से छतरपुर मार्केट सामान लेने गई थी, जो अभी तक घर वापस नहीं आई है। उसने रिश्तेदारी में तलाश कर ली, परंतु पुत्री का कोई पता नहीं चल पाया है। एसएचओ पंतनगर मनोज रतूड़ी ने बताया कि मामले में किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही है।

बिजली चोरी में एक के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर : मेन लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले में विद्युत विभाग के एसडीओ ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी ।ऊर्जा निगम के एसडीओ पंकज कुमार ने दी तहरीर में बताया कि ग्राम चांदपुर में छापेमारी के दौरान एलटी पोल से डायरेक्ट कटिया डालकर बिजली चोरी होते हुए वीरपाल सिंह को पकड़ा गया।

पंत इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव 29 को

पंतनगर : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित पंतनगर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव आगामी 29 जुलाई को कराया जाएगा। प्रधानाचार्य नंदकिशोर आर्य ने बताया कि विद्यालय की प्रबंध समिति का गठन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। इसमें चार सदस्य कुलपति/अध्यक्ष पंतनगर इंटर कॉलेज की ओर से नामित किए जाएंगे। जबकि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य पदेन सदस्य होंगे।

कथित रूप से सरकार की छवि धूमिल करने के मामले में हुई थी आयुष की गिरफ्तारी

कोतवाली का घेराव करने का लिया निर्णय

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कथित रूप से सरकार की छवि धूमिल करने के मामले में एक युवक की गिरफ्तारी का प्रकरण तूल पकड़ने लगा है। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के कुमाऊं मंडल संयोजक ने केस को वापस लेने, आरोपी पुलिस कर्मियों व षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष एडीजीपी से मिलकर इस प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर चुका है। 23 जुलाई को संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पवार के नेतृत्व में कोतवाली का घेराव किया जाएगा।

भाजपा नेता मुकेश चावला ने 15 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आयुष रावत नाम के एक युवक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई है। उसने मुख्यमंत्री और सरकार की छवि खराब करने से संबंधित पोस्ट की है। तहरीर पर पुलिस ने आयुष को उसके घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसका मोबाइल भी जब्त कर लिया है। इस प्रकरण में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के कुमाऊं मंडल संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, समाजसेवी कुसुमलता बौड़ाई, आयुष व उनकी मां अंजू रावत शनिवार को मीडिया से रूबरू हुए। उनका कहना था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन सरोकार से जुड़ी आवाजों को दमनात्मक तरीके से दबाया जा रहा है। मूल निवास, भू-कानून और बेरोजगारी का मुद्दा उठाने वालों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। प्रतापपुर निवासी आयुष पर सीएम के नाम से फर्जी आईडी बनाने और सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाकर उसे रात भर थाने में बैठाया गया और यातनाएं दी गईं। आयुष ने कहा है कि उस पर झूठा मुकदमा कराने वाले व्यक्ति और थाने में बैठाकर टॉर्चर करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हो, उसके खिलाफ केस वापस हो और उसका मोबाइल लौटाया जाए। भूपेंद्र ने बताया कि इस प्रकरण में कार्रवाई नहीं होने पर 23 जुलाई को बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पवार के नेतृत्व में बड़ी तादाद में लोग कोतवाली का घेराव करेंगे।

काशीपुर में प्रेस वार्ता करते आयुष और उनकी मां। ● अमृत विचार

काशीपुर में अनियमितताएं मिलने पर किया जच्चा-बच्चा केंद्र सील

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर की गई छापेमारी के दौरान अनियमितता मिलने पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने एक जच्चा -बच्चा केंद्र को सील कर दिया।

शनिवार दोपहर ढकिया गुलाबो स्थित जच्चा बच्चा केंद्र पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान केंद्र में कई कमियां पाई गईं और डॉक्टर की डिग्री में भी अनियमितता मिली। इसके बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी ने जच्चा- बच्चा केंद्र को सील कर दिया। डॉ. अमरजीत साहनी ने बताया कि शुक्रवार को एक बच्चे के जन्म विवरण संबंधी जांच के लिए इस केंद्र पर टीम के साथ निरीक्षण किया गया था, तो कुछ अनियमितताएं मिलीं थी। जिस पर केंद्र संचालक को शनिवार दोपहर तक आवश्यक प्रपत्र दिखाने की मोहलत दी गई थी और केंद्र में ताला लगवा दिया गया था। लेकिन शनिवार को केंद्र पर बिना प्रपत्रों की जांच कराएं कुछ महिलाओं का उपचार किया जा रहा था। वहीं मौके पर आवश्यक प्रपत्र दिखाने में केंद्र संचालक असफल रहीं। जिसके बाद केंद्र को सील कर दिया गया है।

काशीपुर में जच्चा-बच्चा केंद्र को सील करती टीम। ● अमृत विचार

आउटसोर्सिंग श्रमिकों ने किया धरना-प्रदर्शन

महंगाई और वेतन वृद्धि का उठाया मुद्दा, मांगें पूरी नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: महंगाई-वेतन वृद्धि का भुगतान करने की मांग को लेकर आउटसोर्सिंग श्रमिकों ने जल संस्थान कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को प्रदर्शन के दौरान आउटसोर्सिंग श्रमिकों ने कहा कि जिले की सभी इकाइयों की नगर व शहरी का मई माह 2024 से वेतन और वर्ष 2018 से महंगाई भत्ता का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इसके अलावा एक अप्रैल 2024 से बढ़ा हुआ वेतन भी सरकार ने जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसको लेकर कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन समाधान आज तक नहीं नहीं हुआ।

आक्रोशित श्रमिकों ने कहा कि अगर वर्ष 2018 से 2024 तक का भुगतान सरकार ने नहीं किया तो आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर विजय सिंह, राम लखन, रामकली, ओम प्रकाश, सद्दे आलम, कलेक्टर सिंह, देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में जल संस्थान कार्यालय पर प्रदर्शन करते आउटसोर्सिंग श्रमिक। ● अमृत विचार

एसडीएम से की मजदूरी दिलवाने की मांग

काशीपुर : जसपुर रोड स्थित एक कंपनी में कार्यरत मजदूरों को मेहनताना न मिलने पर शनिवार को बसपा महानगर अध्यक्ष डॉ. एमए राहुल के नेतृत्व में मजदूरों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में कहा कि उक्त कंपनी में कार्यरत मजदूर बहुत परेशान हैं, उन्हें अभी तक उनकी मजदूरी नहीं मिल पाई है। इससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। बसपा नेता ने मजदूरों को उनकी मजदूरी दिलाने की मांग की है।

काशीपुर में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते मजदूर। ● अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण और रात्रि विश्राम करेंगे 48 अधिकारी

- सरकार जनता के द्वार के तहत समस्याओं का करेंगे निराकरण
- डीएम ने रोस्टर के अनुसार भ्रमण करने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए 48 जनपदीय अधिकारी रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी अधिकारियों को इसके निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार विकासपरक कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने, जन सुनवाई एवं समस्या निस्तारण करने के साथ ही निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को जिलाधिकारी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के प्राथमिकताओं में शामिल है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार वे स्वयं जुलाई माह में तहसील जसपुर के ग्राम सीपका व अगस्त माह में काशीपुर के ग्राम कचनार गाजी में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत भ्रमण व रात्रि विश्राम करेंगे। इसी तरह मुख्य विकास अधिकारी जुलाई माह में तहसील जसपुर के ग्राम मिलक सीपका, अगस्त में काशीपुर के ग्राम कचनार गोसाई में, अपर जिलाधिकारी जुलाई में जसपुर के ग्राम मनोरथपुर प्रथम व अगस्त में काशीपुर के कटैया में, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जुलाई में जसपुर के मनोरथपुर द्वितीय व अगस्त में काशीपुर के कनकपुर में भ्रमण और रात्रि विश्राम करेंगे।

इसी तरह बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी जुलाई में जसपुर के मनोरथपुर तृतीय व अगस्त में काशीपुर के करनपुर में, जिला विकास अधिकारी जुलाई में जसपुर के दादूवाला व काशीपुर के कुआ खेड़ा में, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण जुलाई में जसपुर के तालबपुर व अगस्त में काशीपुर के गढ़ी गंज में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत भ्रमण व रात्रि विश्राम करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य अधिकारी जुलाई व अगस्त माह में भ्रमण व रात्रि विश्राम कर जांच रिपोर्ट देंगे।

टुकटुक चालकों का उत्पीड़न बंद हो

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: यातायात पुलिस और सीपीयू द्वारा टुकटुक चालकों की आवाजाही पर सख्ती दिखाने से भड़के व्यापारी नेताओं ने एसएसपी से मुलाकात की और चालकों को राहत देने का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि सख्ती के बाद व्यापारियों के कारोबार पर बुरा असर पड़ रहा है।

शनिवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय के साथ टुकटुक चालक पुलिस कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसएसपी मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की। उनका कहना था कि पिछले दिनों से यातायात पुलिस और सीपीयू दस्तावेज पूर्ण होने के बाद भी टुकटुक चालकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। इसकी वजह से बाजार वाले इलाके में जहां ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं व्यापारियों को भी सामान की डिलीवरी भेजने में दिक्कत आ रही है। इससे व्यापार प्रभावित हो रहा है।

कारण ज्यादातर व्यापारी टुकटुक के माध्यम से ही सामान का आदान-प्रदान करते हैं। कार्रवाई के भय से टुकटुक चालक आवाजाही को तैयार नहीं हैं और चालकों पर बेवजह आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इस पर एसएसपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बैठक कर आदेशित किया जाएगा। इस मौके पर कवलजीत बठला, अमित जैन निशांत छाबड़ा, राजकुमार सीकरी पवन गाबा, सुरेंद्र सिंह सरजू,अशोक जैन मौजूद रहे।

टुकटुक चालकों के साथ एसएसपी से मिलते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

फर्नीचर के कारखाने में घुसकर की मारपीट

सितारगंज: बलीनगर में स्थित फर्नीचर के कारखाने में दर्जन भर से अधिक लोग अचानक घुस गए। कारखाने के मालिक यासीन अहमद ने कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया कि अचानक से कुछ लोग कारखाने में घुस गए और कारखाने में मौजूद स्टाफ अजीम से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। स्टाफ अजीम ने जब शोर मचाया तो पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए और कारखाने में घुसे कुछ लोगों को पकड़ लिया लेकिन वह भी खुद को छुड़ाकर भाग गए। पड़ोस के लोगों द्वारा यासीन अहमद को फोन कर जानकारी दी। जब कारखाने पहुंचकर यासीन अहमद ने देखा तो कारखाने का सामान बिखरा और टूटा-फूटा पड़ा था।

तलवारबाजी प्रकरण में तीन सगे भाई गिरफ्तार

आरोप

- महिला की तहरीर पर हुआ था मुकदमा दर्ज
- पहले मां से की मारपीट फिर बेटे को उठाया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रंपुरा बस्ती में हुई तलवारबाजी और पेट्रोल पंप पर युवक से मारपीट प्रकरण के तीन सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तलवार बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए सीओ सदर निहारिका तोमर और कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि वार्ड आठ रंपुरा की रहने वाली सीमा देवी ने तहरीर देकर बताया था कि उसके बेटे आयुष का वार्ड-24 के रहने वाले सगे भाई पप्पू, रवि उर्फ मखन और अनिल कुमार के साथ विवाद हो गया था। 15 जुलाई की दोपहर को तीनों भाई अपने साथियों के साथ तलवार लेकर घर पर आए और उसकी गर्दन पर तलवार रखकर जान से मारने की धमकी देने लगे। युवकों ने मारपीट की और चाऊमीन के ठेले में भी तोड़फोड़ की। चीख पुकार सुनकर हमलावर तलवार लहराते हुए फरार हो गए। बाद में तीनों भाइयों ने किच्छा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल भरवा रहे बेटे आयुष को बेरहमी से पीटा। इसका वीडियो वायरल होने के बाद दोनों घटनाओं की जानकारी हुई। सीओ सदर ने बताया कि पेट्रोल पंप प्रकरण में फिलहाल मारपीट प्रकरण की पुष्टि हुई है और प्रारंभिक पड़ताल में युवक के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है और फरार साथियों की तलाश कर रही है। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन तलवार बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस हिरासत में मारपीट-तलवारबाजी प्रकरण के आरोपी। ● अमृत विचार

मंथन | गुरुग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी आल इंडिया अमृतसर के प्रभारी भाई बलवीर सिंह पहुंचे बाजपुर

गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वालों को मिले फांसी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए जिससे आगे कोई ऐसा कृत्य न कर सके। यह बात गुरुग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी आल इंडिया अमृतसर के प्रभारी भाई बलवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ तराई के अनेक गुरुद्वारा साहिबों का निरीक्षण करने के बाद गुरुद्वारा साहिब बाजपुर में कही।

शनिवार को बाजपुर पहुंचे बलवीर सिंह ने कहा कि हमें अकाल तख्त साहिब के सिद्धांतों पर चलते हुए मर्यादा का पालन करना चाहिए। मर्यादानुसार गुरुग्रंथ साहिब का जहां-जहां भी प्रकाश है वहां प्रतिदिन नितनेम के पाठ के साथ ही आशां दी वार का पाठ होना चाहिए। प्रत्येक गुरुद्वारा साहिब में सीसीटीवी कैमरों के साथ ही सेवादार होना चाहिए। एक ही गांव में अनेक गुरुद्वारा साहिब स्थापित हो जाने के कारण इसका संचालन सही से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में हमें चाहिए कि यदि हम सेवा करने में सक्षम नहीं हैं, तो गुरुग्रंथ साहिब जी को निकटवर्ती अथवा मुख्य गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा देना चाहिए। उन्होंने गुरुद्वारा कमेटियों को भी दोषी ठहराते हुए कहा कि जहां-जहां कमेटी बनी है और वहां उनकी लापरवाही से घटना होती है तो उसमें कमेटी के लोगों पर भी मामला दर्ज होना चाहिए। गंभीर घटना के दोषी लोगों को उम्रकैद अथवा फांसी की सजा होनी चाहिए।

सिंह ने कहा कि पंजाब से आते-आते उन्होंने अनेक ग्रामीण परिपेक्ष के गुरुद्वारा साहिबों को देखा है जिनकी न तो चहारदीवारी है और न ही किसी की गुरुघर में मौजूदगी दिखी। ऐसे में हमें चाहिए कि वहां की कमेटियां प्रबंध मजबूत करें। उन्होंने सितारगंज क्षेत्र में गुरुग्रंथ साहिब को अग्निभेंट करने के मामले में कहा कि वह घटना स्थल से बारीकी से जानकारी लेने जा रहे हैं। दोषी को सख्त सजा दिलाई जाएगी और यह भी देखा जाएगा कि इसमें और दोषी कौन हैं।

बाजपुर गुरुद्वारा साहिब में जानकारी देते गुरुग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी आल इंडिया अमृतसर के प्रभारी भाई बलवीर सिंह।

पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया वार, हालत नाजुक

- पुश्तैनी जमीन बेचने का बना रहा था दबाव
- आंख की रोशनी गई, बरेली में चल रहा उपचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विवाहिता द्वारा जमीन बेचने से इनकार करने पर पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि विवाहिता की हालत नाजुक बनी है और आंख की रोशनी चली गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मीरगंज बरेली निवासी बुजुर्ग रामभरोसे ने बताया कि उसकी बेटी शादी के बाद अपने पति हरपाल के साथ शिमला बहादुर में रहती है। आरोप था कि दामाद शराब का लती है और आधा बीघा जमीन बेच चुका है। पिछले कई दिनों से दामाद की ओर से बेटी पर अपनी मायके की जमीन बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। आरोप है कि जब बेटी ने इंकार कर दिया तो 13 जुलाई की सुबह 4 बजे दामाद ने बेटी पर कुल्हाड़ी से सिर पर कई वार कर दिए। इससे बेटी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। चीख पुकार सुनकर जब बच्चे उठे और शोर मचाने लगे तो पड़ोसियों को आता देख, हमलावर दामाद फरार हो गया। आनन-फानन में विवाहिता को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने बरेली रेफर कर दिया है।

बताया जा रहा है कि विवाहिता की एक आंख की रोशनी भी चली गई है। वहां विवाहिता की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

संस्कृतिः हमारे समाज का मूल

संस्कृति समाज का मूल होती है। संस्कृति और सभ्यता का विकास मनुष्य के अपने प्रयत्नों का परिणाम है, लेकिन पीछे कुछेक वर्षों में आधुनिकता के नाम पर सुस्थापित जीवन मूल्यों को कमतर देखा जा रहा है। भारत में प्रचलित आधुनिक सभ्यता पश्चिमी देशों की जीवनशैली की नकल है। शब्द आधुनिकता कालबोधक है। इतिहास के सम्यक अध्ययन के लिए काल विभाजन जरूरी होता है। जैसे प्राचीन काल, मध्यकाल और आधुनिक काल। यह विभाजन सामान्य है। इसके पहले प्रागैतिहासिक काल भी है। इसी तरह वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल जैसे विभाजन भी हैं। आधुनिक काल स्थिर इकाई नहीं है। आधुनिक काल विदा होता रहता है और मध्यकाल में समाता रहता है। भारत का आधुनिक काल भारत के ही मध्यकाल का विस्तार है। इसी तरह मध्यकाल भी। वैदिक काल व प्रागैतिहासिक काल मध्यकाल में प्रकट होते हैं। जीवन विकास के प्रारंभिक चरण से लेकर आधुनिक काल तक समाज में बड़े परिवर्तन आए हैं।

संप्रति हम लोग भारत के आधुनिक काल में सक्रिय हैं। हमारी अनुभूति, सामाजिक मूल्य, जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण और सोच विचार में पूर्ववर्ती सामाजिक मूल्यों की ही पुर्नप्रतिष्ठा है। आज का समाज बीते कल के समाज का विस्तार है। भारत की आधुनिकता हमारी प्राचीनता का ही प्रसाद है। पश्चिमी देशों ने भारत के प्राचीन समाज के मूल्यों को अपमानित करने का प्रयास किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले यहां सबको आनंदित करने वाली विश्ववरेण्य संस्कृति थी। तब से लेकर आधुनिक काल तक यहां लगातार सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत की आधुनिकता इसी सांस्कृतिक निरंतरता का परिणाम होनी चाहिए।

संस्कृति और सभ्यता जाग्रत मनुष्यों के कर्मतप का विकास है। संस्कृतियां कभी-कभी व्यापक रूप में दूसरे समाज को भी प्रभावित करती हैं और प्रभावित होती भी हैं। भारतीय संस्कृति में विश्व को एक परिवार जानने और तद्नुसार व्यवहार और आचरण करने की प्रकृति है। संस्कृति में विश्व के सभी प्राणियों का लोकमंगल आराध्य है। इसलिए भारतीय संस्कृति का प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर पड़ा। भारतीय संस्कृति का प्रवाह नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया, चंपा और

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है।

मलेशिया तक व्यापक था। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। इंडोनेशियाई आज भी भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया जैसे राज्य भारतीय संस्कृति के प्रशंसक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि देश इस प्रभाव के साक्षी हैं। भारतीय संस्कृति का अध्ययन राष्ट्र राज्य की सीमाओं से बंधकर नहीं किया जा सकता। संस्कृति विचारधारा से नहीं बनती। अरस्तू, प्लेटो और अलेक्सजेंडर का ग्रीक राष्ट्र कहां है? ग्रीक में दर्शन था। सुंदर विचार पद्धति थी। योग्यता थी, लेकिन सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। रूस के साथ भी यही बात लागू है। रूस एक राज्य था। जार गया। राजव्यवस्था कम्युनिस्ट हो गई। सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। सोवियत रूस बिखर गया। रूस बचा है। चीन में दार्शनिक समृद्धि थी। 'ताओ ते चिंग' जैसा दार्शनिक ग्रंथ लाओत्सु ने लिखा था। कम्युनिस्ट राजव्यवस्था के कारण चीन राष्ट्र नहीं बन सका। कम्युनिस्ट पंथ के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने दुनिया के सामने अपना विशेष दृष्टिकोण रखा था। उन्हीं मार्क्स ने भारत को यूरोपीय मूल्य की भाषाओं और पंथों का जन्म स्थान मानते हुए 1853 में लिखा था, "हम निश्चयपूर्वक न्यूनाधिक सुदूर अवधि में उस महान और दिलचस्प देश को पुर्नजीवित होते देखने की आशा कर सकते है"। जहां के सज्जन निवासी राजकुमार सालितकोव के शब्दों में,''इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं। यहां के निवासियों की अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है और जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया। इन सज्जन निवासियों का देश हमारी भाषाओं और हमारे धर्म का उद्गम है और जहां पर प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में और प्राचीन यूनानियों का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।" (मार्क्सः एंजेल्स-द फर्स्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-पृष्ठ 37) मार्क्स जैसे चिंतक ने भारत की प्रशंसा की थी और अपने पंथों का स्रोत बताया था, उसी भारत में पश्चिमी देशों की सभ्यता आधुनिकता के बहाने समाज की गुणवत्ता समाप्त कर रही है। संप्रति भारत के लोगों में आधुनिक हो जाने की जल्दबाजी है।

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है। परिवार के सभी जन परस्पर प्रेम करते हैं और अपना घर का काम भी मिलजुल कर करते हैं। पति-पत्नी का साहचर्य अद्भुत है। ऋग्वेद में बताते हैं कि पति और पत्नी मिलकर सोमरस तैयार करते हैं। पति और पत्नी मिलकर अपने घर भद्र जनों को निमंत्रण देते हैं। पति और पत्नी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों मिलकर एक हैं। भारतीय परंपरा में दोनों के जोड़े को मिलाकर दंपति कहा गया है। दंपति में स्त्री पुरुष दोनों समाहित हैं। दो को एक देखने की दृष्टि दांपत्य में है। दांपत्य जैसा शब्द दुनिया की किसी भाषा में नहीं है। वेदों में भी धरती और आकाश के लिए मिलाजुला एक शब्द है 'रोदसी'। ऋग्वेद में बताते हैं, "धरती और आकाश पहले मिले हुए थे और एक थे। मरुदगणों ने धरती और आकाश को अलग कर दिया।" विशेष संस्कृति के कारण भारतीय विवाह स्थाई रहते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने की ज्यादातर घटनाएं पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में हुई हैं और होती हैं। विदेशी सभ्यता के प्रभाव में बिना विवाह के स्त्री पुरुष को साथ-साथ रहना है। अंग्रेजी भाषांतर में इसे 'लिव इन' कहा गया। 'लिव इन' भारतीय धारणा नहीं है। 'लिव इन' विदेशी उधार की आधुनिकता का परिणाम है। तरुणाई में ऊर्जा का अतिरेक होता है। अनुभव कम होते हैं। इसलिए 'लिव इन' की घटनाएं होती हैं। 'लिव इन' टूटता है। स्त्री और पुरुष दोनों ठगे-ठगे रह जाते हैं।

भारत में विवाह के समय अग्नि के सात चक्कर लगाना अनिवार्य किया गया है। भारत की विवाह पद्धति, पारिवारिक नेह और स्नेह, घर चलाने का अनूठा संविधान है। इसे पश्चिमी सभ्यता के हमले से बचाना चाहिए। ऋग्वेद में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का वर्णन है। बताते हैं कि गांव नगर के सभी वरिष्ठ बहू के स्वागत के लिए एकत्रित होते हैं। वरिष्ठ जनों के आशीष का भाव बार-बार पढ़ने लायक है। ऋषि कहते हैं कि यह बहू पूरे परिवार के सुख का कारण बने। सास ससुर की सेवा करें। सब पर नियंत्रण करें। घर में इसी बहू का राज्य चले। यह बहू अखंड सौभाग्यवती हो। इसके बच्चे परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। पश्चिम के विवाह में भारतीय संस्कृति नहीं है। पश्चिमी जीवनशैली में व्यक्तिवाद है। भारत के जीवन में सामूहिकता है। उधार की आधुनिकता व्यक्तिवाद बढ़ाती है। व्यक्तिवाद में माता-पिता और परिवार के सदस्य अपनी उपयोगिता के अनुसार सम्मान पाते हैं। यहां माता-पिता की उपयोगिता नहीं देखी जाती। भारतीय जीवनशैली में समूह का हित, समाज का हित और राष्ट्रहित मिलते हैं। संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर का प्रवाह है।

संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं

अंबानी परिवार में अभूतपूर्व शादी के किस्से कम हो चले हैं, लेकिन अपने शंकराचार्यों द्वारा नव विवाहित दंपति को आशीर्वाद देने के लिए वहां जाना अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस विषय को जानबूझकर जीवंत बनाए रखना चाहते हैं।

इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनंत की प्रारंभिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पृष्ठभूमि में इस शादी को यादगार बनाने के लिए लगभग पांच हजार करोड़ के व्यय को सर्वथा जायज मानते हैं। उनका तर्क है कि साधारण परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी में अपनी जमापूंजी का लगभग दस-पंद्रह प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि अंबानी परिवार ने इस शादी में अपनी पूंजी का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है, जो लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ चुके अनंत के अरमान को पूरा करने के लिए इतनी बड़ी धनराशि के व्यय को उचित बताते हैं, वही लोग शंकराचार्यों द्वारा इस दंपति की कुशलता हेतु आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार में जाने पर आपत्ति जता रहे। यह तो स्पष्ट ही होगा कि कोई भी शंकराचार्य ससम्मान निमंत्रण के बिना वहां नहीं गए होंगे और अगर आमंत्रित होकर उन्होंने अपने स्नेहसिक्त आशीर्वाद से नवदंपति को अभिभूत करने का निर्णय लिया, तो इसमें आपत्तिजनक क्या है? वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं यह समझता हूं कि अगर अंबानी परिवार शादी के कार्यक्रम के पश्चात इन धर्माचार्यों के पास नवदंपति को आशीर्वाद दिलाने स्वयं गए होते, तो यह अंबानी परिवार की प्रतिष्ठा में ही वृद्धि करता।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

कहा जा रहा है कि संन्यासी को गृहस्थ के यहां नहीं जाना चाहिए। हम भूल जाते हैं कि वर्णाश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं संन्यास- यह तीनों आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित रहे हैं। इसीलिए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।

आदि शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपनी माता को दिए गए वचन के पालन हेतु घर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो संन्यास आश्रम की मान्यताओं के विपरीत है। भगवान बुद्ध संन्यासी होते हुए अपनी पत्नी के पास भिक्षा मांगने गए थे। संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं है, बल्कि सांसारिकता की आसक्ति पर विजय पाना है। विदेह राज जनक गृहस्थ व राजा होते हुए भी एक संन्यासी के रूप में समादृत हैं। आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वयं राजा सुधंवा का आतिथ्य ग्रहण किया था। शंकराचार्य जी ने अपने अंतिम संदेश में कहा था कि केवल आत्मज्ञान ही संन्यासियों के लिए यथेष्ट नहीं है, अपितु वर्णाश्रम धर्म के संस्थापक और संरक्षण का गुरु-दायित्व भी उन्हें वहन करना होगा।

मठाधीश एक स्थान में न रहकर धर्म प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों में परिभ्रमण करें तथा साधारण जनता वर्णाश्रम धर्म के पालन द्वारा क्रमशः उच्चतर और महत्तर लाभ के लिए प्रयत्न पारायण हो, इस पर भी मठाधीशों की सावधान दृष्टि रहे। जहां तक हमारे द्वारा अपने धर्म गुरुओं के मान-सम्मान का प्रश्न है, उल्लेखनीय है कि जब कुछ धर्माचार्यों ने अर्धकुंभ को कुंभ व महाकुंभ बनाए जाने का विरोध किया, तब यही लोग उनका समर्थन करने के बजाय उनकी कमी निकालने लगे। इसी प्रकार जब आधे-अधूरे निर्मित श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर शंकराचार्यों ने शास्त्र सम्मत आपत्तियां कीं, तो पुनः उनको सुनने अथवा उनका साथ देने के बजाय उनकी विभिन्न प्रकार से आलोचना की जाने लगी। दरअसल ऐसे लोगों को हमारे धर्म गुरुओं से न कोई लगाव है और न कोई समस्या। उनकी मूल समस्या है हीरो-वर्शिप, व्यक्ति पूजा। कूपमंडूकता किसी भी व्यक्ति पूजक की प्राथमिक योग्यता है।

नन्हे-मुन्नों का विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए।

6 से 8 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की यह अति महत्वपूर्ण आयु मानी गई है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास प्रारंभिक 6 वर्ष की आयु में ही हो जाता है। राज्य में बहुत सारे बच्चे ऐसे है, जो 6 वर्ष से पूर्व किसी संस्थान से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ पाते हैं, अर्थात उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं हैं। 3 वर्ष की आयु से बच्चे अपने घर एवं परिवार से प्रारंभिक भाषायी दक्षताओं को प्राप्त करना आरंभ कर लेते हैं। ये बेहद अनौपचारिक एवं असंगठित प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है, जिसे आगे बढ़ाने एवं नियोजित ढंग से औपचारिक एवं संस्थागत करने हेतु संस्थाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि हम प्ले स्कूलों एवं वर्तमान संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दृष्टि डालें, तो पाते हैं कि वे उस स्तर पर नहीं हैं, जिस स्तर पर उन्हें होना चाहिए। राज्य में बहुत सारे बच्चे 6 वर्ष तक की आयु पूर्ण कर सीधे कक्षा 1 में प्रवेश पाते है, जिससे ऐसे बच्चे अपने बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के शुरुआती 3 वर्ष गैर संस्थागत एवं गैर प्रणालीगत तरीके से पूर्ण करते हैं, जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य देश के विकास की अनिवार्य आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना है। यह नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष बल देती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित कर सकता है। इस अवस्था में यह भी आवश्यक है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चे स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में सीख रहे हों, बढ़ रहे हों। इस आयु में बच्चों के पोषण एवं देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे अत्यंत शीघ्रता के साथ सीख एवं बढ़ रहे होते हैं। सीखने की इस प्रक्रिया में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। इससे पूर्व 3 वर्ष तक की आयु में अपने अनुभवों से, देखकर, दोहराकर या नकल करके या जिज्ञासा के आधार पर बच्चे जो कुछ भी सीखते हैं, वह ढांचागत या प्रणालीगत नहीं होता है। उन सारे सीखने के अनुभवों को एक स्थान पर एकत्र कर सीखने की प्रक्रिया को ढांचागत तरीके से आगे बढ़ाने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में कहा गया है कि संस्थाएं ऐसी हों जहां प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता हो, उसकी देखभाल की जाती हो। जहां बच्चा स्वयं को सदैव सुरक्षित महसूस करें।

3 वर्ष की आयु से पूर्व बच्चों में बातचीत, खेलना, छूकर अनुभव आदि के अधिक अवसर दिए जाने चाहिए, जिससे 3 वर्ष के पश्चात उनका शारीरिक और गत्यात्मक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, संप्रेषण घर की भाषा में एवं संख्या ज्ञान की मौखिक शुरुआती समझ आदि पर विकास संभव हो सकेगा। 3 वर्ष में शुरुआती सीखने की यह गतिविधियां बच्चों को अनुभव के आधार पर निश्चित रूप में आरंभ हो जानी चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे 4-5 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंगे, वे अपनी संस्था में समूह में कार्य करना, अपना विचार बनाना तथा व्यक्त करना (राय देना), नेतृत्व प्रदान करना, अच्छी आदतों में विकास की शुरूआत आदि सीख रहे होंगे। यहां हम बच्चों को नैतिक गुणों में विकास हेतु कुछ अनुभव एवं वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए। खेल आधारित शिक्षा का आरंभ भी इसी आयु में हो जाता है। खेल आधारित शिक्षा से बच्चों में उनकी जिज्ञासा, सृजनात्मकता, टीम भावना का विकास, सहानुभूति-समानुभूति, समावेशिता, आस-पास का वातावरण एवं साथियों के साथ समावेशन की क्षमताओं का विकास संभव हो पाता है। इन्हीं गतिविधियों से बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं का पता भी लगाया जा सकता है।

इस आयु में बच्चे खेल से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। खेल एकल अथवा सामूहिक हो सकते हैं। जहां तक संभव हो संस्थागत ढांचे में उन की आयु के समूहों के खेलों को प्राथमिकता प्रदान करें। संस्था के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अत्यंत व्यावहारिक रूप से, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। 3 से 8 वर्ष की आयु में संस्थाएं ऐसा वातावरण विकसित करें कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया केवल संस्था तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के घर-परिवार एवं समाज तक जाएं। बच्चे विद्यालय में, विद्यालय से बाहर, परिवार में कहीं भी बेझिझक सवाल कर रहे हों, अपनी जिज्ञासाएं उजागर कर रहे हों। शिक्षक और अभिभावक कभी भी बच्चों को इसके लिए रोकें नहीं, उन्हें चुप न कराएं। बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों आदि सभी का दायित्व रहेगा कि वे बच्चों जिज्ञासाएं शांत करने को निरंतर प्रयासरत रहें तथा उन्हें किए गए प्रश्नों के उत्तर के नजदीक तक ले जाएं। इस आयु में अभिभावक, शिक्षक एवं स्वयं बच्चों का भी दायित्व रहेगा कि वे सीखने की इस औपचारिक एवं अनौचपारिक प्रक्रिया पर निरंतर समालोचनात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इस दौरान यह भी आवश्यक है कि बच्चों के क्रियाकलापों, उनके उत्तरों, प्रश्नों एवं व्यवहारों द्वारा ही जानने की प्रगति का पता लगाएं। उनके अनुभवों, विचारों को तबज्जो दें तथा अपने विचारों से सरल भाषा में उन्हें अवगत कराएं। इसी से सीखने का पता लगाया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

रेत का किला

व्यवहार की जो पद्धति समाज के साथ हमको भी आगे ले जाए, वह नीति है। नीति शब्द से नैतिक और नैतिकता शब्द बनते हैं। यह नैतिकता ही संस्कार या चरित्र है, जिसके संबंध में बहुत बातें कही जाती हैं।

यदि नैतिकता न हो तो व्यक्ति का क्षरण हो जाता है, परिवार का क्षरण हो जाता है, दल या संगठन का क्षरण हो जाता है तथा राज्य संस्था का क्षरण हो जाता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नैतिकता एक मर्यादा है और मर्यादा राजा की भी होती है और प्रजा की भी होती है, समुद्र कितना प्रबल है? किंतु मर्यादा को वह भी मानता है। राज्य विश्वास पर टिका है, भय पर नहीं, केवल सैन्यबल पर राज्य स्थिर नहीं रह सकता। आप एक सीमा तक लोगों को जेल या यातना से डराकर चुप कर सकते हैं, लेकिन जब लोग समझने लगेंगे कि यहां अपराधी नहीं, सज्जन डरा हुआ है। सामान्य जन भयभीत है, अपराधी से समझौता है। लोग सच कह नहीं पा रहे हैं। असत्य को डरना चाहिए, किंतु सच डर रहा है। दंडव्यवस्था अनैतिक है, दुष्ट निर्भय हैं। असामाजिक को डरना चाहिए, किंतु यहां तो समस्त डर लोकतंत्र को ही चुप करना चाहता है, तब लोग जान जाएंगे कि राजा डरा हुआ है, वह नैतिकबल को खो चुका है। वह अनैतिक है, क्योंकि झूठ बोलता है। अविश्वसनीय है। विश्वास यह नहीं समझता कि आप क्या कहते रहते हैं? विश्वास दिन और रात यह देखता रहता है कि आप करते क्या हैं? आपके आचरण को आपके घर की दीवारें देख रही हैं, घर की छत आपके आचरण की परीक्षा कर रही होती है। आप समझ रहे होते हैं कि मुझे कोई नहीं देख रहा, किंतु सच यह है कि आप किसी को नहीं देख पा रहे हैं और आपको सबने देख लिया है। विश्वास एक प्रचंड शक्ति है, उसके सामने सैन्यशक्ति भी निस्तेज हो जाती है। विश्वास सैन्य बल पर नहीं, सत्य पर टिका हुआ है, सत्य नहीं तो विश्वास नहीं और विश्वास नहीं तो कुछ भी नहीं। लोक विश्वास के बिना राज्य संस्था कुछ समय तक भरम के रूप में धुंए की तरह रह सकती है, किंतु अंततः वह निस्तेज हो जाती है। रेत के किले की तरह अपने आप ढह जाती है।

गुरु के प्रति कृतज्ञता का उत्सव

भारत पूरे विश्व में अपनी संस्कृति, आचरण व शिष्टाचार से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा भगवान शिव द्वारा स्थापित ऐसा ज्ञानपर्व है, जिसमें व्यास परंपरा की जीवंतता है। यह ज्ञान की आराधना का पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है।

हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं वह भी हमारी धरोहर हैं। गुरु पूर्णिमा इस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः महामानव होते हैं, जिनकी कृपा से मानव यथार्थ जीवन संपन्नता प्राप्त करता है, आत्मिक पवित्रता प्राप्त करता है, प्रखरता प्राप्त करता है। इसलिए ऋषि व्यास जो महानतम ज्ञानी हैं "व्यासस्य रूपाय विष्णवे" उनकी वंशावली में, व्यास पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा कहलाती' है। हमारे यहां कहा गया है, "गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई। जउ बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात गुरु सबके लिए अनिवार्य हैं। वह गुरु जो सत-असत, ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके, उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर वह मार्गदर्शक बन सकता है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। शास्त्रों में गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला कहा गया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार संभव हो पाता है और गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं हो पाता।

प्रश्नों की बौछार

चौहत्तर वर्षीय सोना देवी को दस वर्षों से डायबिटीज थी। उसका थोड़ा-बहुत असर अब हृदय पर भी पड़ चुका था, जिसके चलते अब उन्हें ज्यादा मेहनत या श्रम करने पर छाती में दर्द या जलन होती थी, साथ में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ था। इसीजी करने पर पता कि उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ चुका है। गर्दन की हड्डियां भी कमजोर पड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें गर्दन और दोनों बाजुओं में दर्द की शिकायत थी। उनका शरीर खाया-पिया था। वजन भी अच्छा-खासा था। शारीरिक गठन सूचकांक 29.6 था, जो सामान्य से काफी अधिक था। दोनों कानों से कम सुनाई देता था।

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है कि जब वे पिछली बार सर्वप्रथम मुझे दिखने आईं थीं तब उनके दो प्रमुख प्रश्न थे क्या मैं संगम के किनारे मिलने वाली गुड़ खा सकती हूं? अपने फैली हथेलियों के संकेत से एक बड़े कटोरे के बराबर खीर खा सकती हूं।

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था।

जिसे दस वर्षों से अधिक की डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो उसे रोज खीर खाने को मैं कैसे अनुमति देता? मैंने उन्हें बहुत समझ-बुझाकर गुण-दोष बताकर एक छोटी कटोरी कभी- कभार लेने की इजाजत दी थी।

आज करीब छह महीने बाद जब वह ओपीडी में आईं तब कुशलक्षेम के बाद उन्होंने कहा डाक्टर साहब कमजोरी बहुत है। क्या मैं गुड़ की जलेबी खा सकती हूं? पकौड़ी, कढ़ी, कटहल की सब्जी खा सकती हूं? और हां डॉक्टर साहब क्या मैं उड़द की दाल या दम आलू खा सकती हूं? इसके पहले कि मैं उन्हें कुछ जवाब दूं उनका आगामी प्रश्न था क्या मैं दही माठा से रोटी खा सकती हूं? और हां डाक्टर बाबू क्या मैं पहले की तरह राजमा -छोला खा सकती हूं की नहीं? कहो डाक्टर साहब क्या चना उबाल कर खा सकती हूं? पेप्सी मेरे लिए मना तो नहीं है? आजकल लोग नारियल का पानी खूब पीते हैं क्या हमहूं इसे पी सकते हैं? मैंने कहा बिल्कुल मां। गांव में मेरे खेत में एक बहुत सुंदर आम का पेड़ हैं। सिंदूर के रंग का उसका आम बहुत मीठा होता है। हम लोग उसे सेनहुरवा आम बोलते हैं। सेनहुरवा की बात करते-करते वह अत्यंत लालायित भाव से बोली क्या वह आम अब मैं खा सकती हूं की नहीं।

डॉक्टर साहब मैं अपने घर के तीसरे महला पर खटाखट चढ़ जाती थी, पर अब दूसरी मंजिल पहुंचते-पहुंचते सांस फूल जाती हैं। ऐसा क्यों है डॉक्टर साहिब? ऐसा कहते समय उनके चेहरे पर बाल सुलभ सरलता, मुस्कराहट और कौतूहल था। खाने-पीने से संबंधित उनके अनेक प्रश्न मेरे लिए थोड़े कौतूहल पूर्ण थे। पहले मेरा मन हुआ कि मैं इन्हें चिकित्सालय की डायटीशियन के पास शंका-समाधान के लिए भेज देता, लेकिन मेरे अंतःकरण ने यह गवारा नहीं किया, क्योंकि उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से डायटीशियन की समझ शायद ही मेल खाती। यह ध्यान में रखकर मैंने स्वयं यह जिम्मेदारी निभाने का निश्चय किया।

मेरा उत्तर संक्षिप्त और सरल था- आप सब चीजों का आनंद लें पर ज्यादा चिकनाई, तले-भुने, अधिक नमक, मैदे से बनी चीजें और जंक पदार्थों से बचने की कोशिश करें। कहते है न जीभ तो 'स्वाद लेहि भीतर गई, भोगत हृदय अपार'। यहां यह बात सोलहों आने सच थी। इसी चटोरी जीभ के कारण उन्हें डायबिटीज, हृदयाघात, चिकनाई दोष जैसी समस्याएं घेरे हुएं थी, पर उनका चटपटे भोजन के प्रति लगाव कम नहीं हुआ था। पता नहीं मैं उसके तमाम प्रश्नों का समाधान कर पाया या नहीं, पर जाते समय उसके चेहरा जिस प्रकार प्रसन्नता से खिला हुआ था और उसके नेत्रों में कृतज्ञता के भाव परिलक्षित हो रहे थे तथा अभिवादन में जो नमन दृष्टिगत हो रहा था वह किसी भी चिकित्सक को अंदर से विचलित करने के लिए पर्याप्त था।

ऐसे भी होते हैं मुस्लिम

इन दिनों उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के मार्ग की दुकानों और होटलों से लेकर ठेलियों तक पर स्वामी के नाम का पट लगाए जाने के शासकीय आदेश की खबर गरम है। इसके पीछे की भावना यह है कि इन शिव भक्तों को हिंदू-मुस्लिम विक्रेता की पहचान हो सके। हालांकि इन नाम पटों की सत्यता की पुष्टि करने का कावड़ियों के पास कोई उपाय नहीं है और न इतने वृहत पैमाने पर सरकारी तंत्र इसे सत्यापित ही कर सकता है, जो लिखा है उसे मुख मूल्य पर स्वीकार करना होगा।

तथ्य यह भी है कि तमाम नाम कामन होते हैं, जो हिंदू मुसलमान दोनों रखते हैं। ऐसा इस समय क्यों किया गया? लोकसभा चुनावों में यूपी में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आलोचना की बौछारें हो रही हैं। उनके अपने दोनों उप मुख्यमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, शायद हाई कमान के इशारे पर। इसी बीच प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं, जिनके परिणामों से योगी की प्रतिष्ठा जुड़ी होगी और शायद कुर्सी भी। ऐसे में नाम पट दर्शित करने वाली योजना वोटों के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास है। अब इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह समय बताएगा। वैसे मेरा मानना है कि कोई भी समूह या संप्रदाय अपनी संपूर्णता में अच्छा या बुरा नहीं होता। मिश्रण होता है। यहां वेद पुराण की बात नहीं करेंगे, क्योंकि तब तो हिंदू-मुस्लिम था ही नहीं। इतिहास में मंसूर, सरमद, फैजी, रहीम, रसखान और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे नाम हैं, जिनको इंगित करके भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कहा था, "इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिंदू वारिये"। कृष्ण भक्तिन ताज बीबी की कब्र आज भी वृंदावन की रमण रेती में हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है और उनके स्वर "नंद के कुमार कुरवान तेरी सूरत पै, हौं तो मुगलानी हिंदुवानी ह्वै रहौंगी मैं" लोक मानस में घर किए हुए हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारी पुत्री शारदा शुक्ला की विद्यार्थी जीवन की घनिष्टा सखी रूही सिद्दीकी उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में सरकारी वकील है। अभी कश्मीर यात्रा पर गई थी, तो श्रीनगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भी गई, जिसे शंकराचार्य जी ने प्रतिष्ठित किया था। मेरे गृह कार्य की प्रभारी 'गुड़िया' नामक महिला है। वह मुसलमान है। शुरू में उससे पूछा गया था कि "तुम्हारा कोई मुसलमानी नाम भी होगा?" तो उसने कहा नहीं यही एक नाम है। अब इस नाम का यदि पट लगा हो तो कैसे जानेंगे कि यह हिंदू है या मुसलमान? मेरे परिवार वालों का आश्चर्य तब और बढ़ा, जब उसकी किशोरी बेटी एक दिन घर आई और उसका नाम पूजा बताया गया। कारण पूछने पर गुड़िया कहती हैं "आप लोगों के जो देवी पूजा के दिन होते हैं, उनके आखिरी दिन की इसकी पैदाइश है, इसलिए पूजा नाम रख दिया"। यानी एक पहलू यह भी है।

डेस्टिनेशन उत्तराखंड

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना

"माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य स्थायी नीतियों और रणनीतिक पहलों के माध्यम से राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करना और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर करना है। हम उत्तराखंड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां परंपरा नवाचार से मिलती है। हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।"

-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई हैं। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखंड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

हाउस ऑफ हिमालयाज
से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

PICS: DIPR, UTTARAKHAND GOVERNMENT

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित हुए जीआईएस-2023 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के उत्पाद भेंट किए

हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड प्राकृतिक दृश्यों के साथ जैविक और पारंपरिक रूप से तैयार किए गए उत्पादों के समृद्ध भंडारण के लिए जाना जाता है। इन उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने व ग्रामीण आजीविका को मजबूत करते हुए उत्तराखंड सरकार विभिन्न योजनाओं को चला रही है।

8 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य छोटे-छोटे ब्रांडों और उत्पादों को मजबूती देकर ब्रांड के रूप में पहचान दिलाना था। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का उद्देश्य अनूठे उत्पादों के लिए व्यावसायिक अवसरों को पहचानकर बाजार तक पहुंच बनाना है, जिसमें स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), शिल्पकारों, व्यक्तिगत उद्यमियों और समुदाय-आधारित समाजों द्वारा बनाए गए उत्पाद शामिल हैं। राज्य में जैविक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला मौजूद है, जो पोषण से भरपूर होने के साथ पूरी तरह से रसायन मुक्त है। इसके साथ कुछ निजी कंपनियों के मौजूद होने के बाद भी अधिकांश उत्पाद उपभोक्ता तक अपनी पहुंच नहीं बना सके हैं। ऐसे में, हाउस ऑफ हिमालयाज इन उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करके इस कमी को पूरा कर रहा है। इन उत्पादों को बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने के लिए विशेषज्ञों से व्यावसायिक मार्गदर्शन लेने के साथ ही प्रभावी विपणन रणनीतियां भी अपनाई जा रही हैं।

हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

बेहतर गुणवत्ता: हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

प्रामाणिकता का आश्वासन: पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

सामुदायिक प्रतिबद्धता: हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

ओपन सोर्सिंग: इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

नैतिकता को प्राथमिकता: स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

बेहतर ब्रांड अनुभव: उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।

पीएम मोदी ने किया लॉन्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की लॉन्चिंग उत्तराखंड की आर्थिक स्वायत्तता और ग्रामीण उन्नति की यात्रा में मील का पत्थर है। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री ने राज्य के उत्पादों की गुणवत्ता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने को बढ़ावा देने वाली ब्रांड क्षमता पर जोर दिया। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल' के उनके विजन के अनुरूप है, जो स्थानीय उत्पादों के वैश्विक प्रचार को बढ़ावा देता है। उत्तराखंड के जैविक और पारंपरिक उत्पादों की अहमियत को समझते हुए प्रधानमंत्री ने ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी आजीविका के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर किया लॉन्च

5 जुलाई, 2024 को राज्य के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए एक और उल्लेखनीय कदम उठाया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमेजन इंडिया के साथ मिलकर ई-कॉमर्स दिग्गज के प्लेटफॉर्म पर हाउस ऑफ हिमालयाज की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य राज्य के उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों तक उपलब्ध कराना है। सचिवालय में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय उत्पाद खरीदे, जो राज्य की अपनी खुद की जरूरतों को पूरा करने की निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज का प्राथमिक उद्देश्य उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है। इन उत्पादों का अधिकांश प्रसंस्करण और उत्पादन स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाता है, जिससे महिलाओं और ग्रामीण समुदायों की आजीविका बेहतर हो रही है। ग्रामीण विकास सचिव राधिका झा ने हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों के बारे में बताते हुए कहा कि यह जीआई-टैग वाले उत्पाद हैं, जिनमें जैविक खाद्य का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें से हर एक उत्पाद अपने आप में काफी अलग है, जो बाजार में अन्य उत्पादों के बीच अपनी अलग पहचान के लिए जाना जाता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ग्रामीण विकास सचिव राधिका झा और अन्य अधिकारियों के साथ हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ एमओयू साइन करते हुए

"मैं उत्तराखंड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूं।"

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

ऑर्गेनिक उत्तराखंड है एक नई पहचान

यूओसीबी ने भारत में जैविक खेती आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विशाल आपूर्ति की श्रृंखला स्थापित की है। साथ ही, 'ऑर्गेनिक उत्तराखंड' को ब्रांड के रूप में विकसित किया है

उत्तराखंड जैविक वस्तु बोर्ड (UOCB) का गठन 19 मई 2003 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन किया गया। यह उत्तराखंड में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। यूओसीबी का मिशन उत्तराखंड को देश की जैविक राजधानी के रूप में स्थापित करना है। साथ ही, जैविक कृषि विधियों के माध्यम से स्थायी ग्रामीण विकास के लक्ष्य को भी साधा जा रहा है।

बोर्ड विभिन्न उपायों के माध्यम से खेती और संबद्ध क्षेत्रों में कार्य करता है, जिनमें बागवानी, औषधीय सुगंधित पौधे और जड़ी-बूटियां व पशुपालन शामिल हैं। यूओसीबी चार प्रमुख शाखाओं तकनीकी सेल, प्रशिक्षण सेल, प्रमाणन सेल और विपणन सेल के तौर पर काम करता है। तकनीकी सेल जैविक कृषि को अपनाने के लिए इच्छुक किसान समूहों की पहचान करता है और खेती के लिए उपयुक्त तकनीकों के बारे में जानकारी देता है। फिर प्रशिक्षण सेल किसानों के लिए प्रदर्शनी, ट्रेनिंग सत्रों और जरूरी शैक्षणिक सामग्रियों से उन्हें प्रशिक्षित करता है। प्रमाणन सेल खेतों और दुकानों के लिए जैविक प्रमाणीकरण को प्रोत्साहित करता है, जबकि विपणन सेल प्रदर्शनियों और पैनलों के माध्यम से बी टू बी ग्राहकों को जैविक उत्पाद बेचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

हाल के वर्षों में यूओसीबी की ओर से किए गए प्रयासों के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2019 में यूओसीबी के दिशा-निर्देशन में किसानों ने 35 मेलों और प्रदर्शनियों में हिस्सा लिया और इसमें 28 लाख रुपये के सामानों की बिक्री हुई। इस तरह से 210 लाख रुपये का बाजार तैयार हुआ। 2020-21 तक महामारी से उत्पन्न समस्याओं के बावजूद किसानों ने 11 मेलों में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इससे 8 लाख रुपये की बिक्री के साथ ही 85 लाख रुपये का बाजार बना।

यूओसीबी ने देश में जैविक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दिशा में विभिन्न प्रयासों से विशाल आपूर्ति श्रृंखला स्थापित की है और "ऑर्गेनिक उत्तराखंड" को ब्रांड के रूप में विकसित किया है। उनके उत्पादों में देहरादूनी बासमती चावल, पूसा-1 बासमती, लाल चावल और गेहूं व विभिन्न अनाज शामिल हैं। मसालों की श्रेणी में तेज पत्ता, काला जीरा, धनिया, अदरक और हल्दी शामिल हैं। दालों की श्रेणी में काले छोले, काले चने, राजमा और दालें शामिल हैं। साथ ही, बाजरा और फिंगर बाजरा जैसे मोटे अनाज भी इसमें शामिल हैं। सेब का रस, डिटर्जेंट पाउडर, मूंगफली, जड़ी-बूटियों से युक्त तेल, शहद, सरसों का तेल, साबुन, चीनी, शीतोष्ण फल और ताजी सब्जियां भी इनका हिस्सा हैं।

विरासत को संरक्षित करते हुए कारीगरों को बना रहे सशक्त

शिल्पकला के मामले में उत्तराखंड सदियों से अपनी विशिष्टताओं के कारण ध्यान आकर्षित करता रहा है। यहां की शिल्पकला वर्षों से स्थानीय लोगों की आजीविका का आधार रही हैं

बात जब उत्तराखंड की पारंपरिक शिल्पकला की हो रही है, तो कहना होगा कि यहां की हथकरघा साड़ियां प्रसिद्ध उत्पादों में एक अद्वितीय स्थान रखती हैं। शिल्पकला के मामले में उत्तराखंड सदियों से अपनी विविधता का प्रदर्शन कर रहा है, जो क्षेत्रीय निवासियों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार रही है। इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाओं के साथ ही वित्तीय विकास की संभावनाएं भी हैं और इन्हें समझते हुए उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड हथकरघा और हस्तशिल्प विकास परिषद (UHHDC) की स्थापना की।

सरकार द्वारा स्थापित एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में यूएचएचडीसी राज्य में हथकरघा और हस्तशिल्प की दिशा में समग्र विकास के लिए शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करती है। इसका कार्य उत्तराखंड के शिल्पकारों को प्रोत्साहित करना, निर्देशित करना और प्रबंधित करना है। इस तरह से यहां की हस्तशिल्प को बढ़ावा देते हुए यह परिषद स्थानीय कार्य को सक्षम बना रही है। इसके अंतर्गत संचालित 'हिमाद्रि' ट्रेडमार्क से उत्पन्न होने वाले शिल्प उत्पाद गुणवत्ता और प्रामाणिकता की पहचान बनकर उभरे हैं। हाथ से बनी इन कृतियों को यूएचएचडीसी एम्पोरियम के माध्यम से 'हिमाद्रि' ब्रांड नाम के तहत बेचा जाता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को वास्तविक उत्पाद मिले, साथ ही कारीगरों को उनके परिश्रम और कौशल का उपयुक्त पारिश्रमिक भी मिल सके।

PICS: DIPR, UTTARAKHAND GOVERNMENT

उत्तराखंड के हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को राज्य के बाहर व वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए यूएचएचडीसी ने कई कदम उठाए हैं। हिमाद्री ब्रांड के तहत इन शानदार उत्पादों को शिल्प बाज़ार, दिल्ली हाट, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों और सूरजकुंड मेले जैसे प्रतिष्ठित अवसरों पर प्रदर्शित किया जाता है। उत्तराखंड के शिल्पकारों को अपनी कृतियों को व्यापक स्तर पर दिखाने का मौका मिलता है। वर्तमान में हिमाद्री शोरूम देहरादून, उत्तरकाशी, हल्द्वानी, हरिद्वार और नई दिल्ली में उत्तराखंड सदन जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थित हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि ये उत्पाद दूर तक पहुंच सकें।

विश्व स्तर पर उत्तराखंड के हस्तशिल्प को पहुंचाने के लिए यूएचएचडीसी ने प्रसिद्ध ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन के साथ साझेदारी की है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक लाखों रुपये के हस्तशिल्प उत्पाद बेचे जा चुके हैं। यह न केवल कारीगरों को दुनियाभर के दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उनकी कला को वैश्विक स्तर पर प्रशंसा और पहचान भी मिले।

सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में, यूएचएचडीसी पूरे वर्ष भर कई कला मेले, प्रदर्शनियां और प्रचार कार्यक्रम आयोजित करता है। ये प्रयास शिल्पकारों को अपनी निपुणता दिखाने के लिए एक स्थान प्रदान करते हैं और साथ ही उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं।

दून सिल्क:
रेशम बुनाई की पारंपरिक कला को कर रहे पुनर्जीवित

दून सिल्क उत्तराखंड सहकारी रेशम संघ (यूसीआरएफ) के तहत काम करता है। यह उत्तराखंड की प्राचीन रेशम बुनाई परंपराओं को बनाए रखने और पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्राकृतिक रेशों के उपयोग पर जोर देते हुए दून सिल्क हथकरघा उत्पाद प्रदान करने का बेहतर काम कर रहा है। यह हमारे परिवेश और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। ब्रांड की पेशकशों में रेशम, ऊन, कपास, बिछुआ शामिल हैं। ये पर्यावरण अनुकूल होने के लिए पसंद किए जाते हैं।

दून सिल्क उत्पाद वास्तव में उत्तराखंड के किसानों, रीलर, बुनकरों, शिल्पकारों और रंगाई करने वालों की प्रतिभा और कलात्मकता का प्रमाण है। दून सिल्क का हर उत्पाद गुणवत्ता के मामले में उच्चतम श्रेणी का होता है। इसे निर्मित करने के लिए ऐसी सामग्रियों का उपयोग किया जाता है, जो इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिला सके और खरीदारों का इस पर भरोसा बढ़ सके। हथकरघा विधियों पर फोकस करते हुए दून सिल्क पारंपरिक तकनीकों के आधार पर तैयार किया जाता है। साथ ही, यह उत्तराखंड में 6,000 से अधिक लोगों को स्थायी रोजगार उपलब्ध करता है।

दून सिल्क की शुद्धता इस बात से प्रमाणित होती है कि यह 100% प्राकृतिक फाइबर की गारंटी देता है। गुणवत्ता के प्रति इस प्रतिबद्धता ने ब्रांड को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने में मदद की है। रेशम की साड़ियों, कोट, स्टोल और शॉल जैसे उत्पादों के साथ, दून सिल्क असंख्य ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। यह अपनी विशिष्टता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कीमतों पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार ने विशेष रूप से दून सिल्क को अपनाया है। यूरोप और अमेरिका में इसे निर्यात किया जाता है। इन उत्पादों को काफी सराहना मिली है।

इसके अलावा, उत्तराखंड की पारंपरिक रेशम बुनाई की आवश्यकता को भी बढ़ावा मिला है। दून सिल्क से जहां खरीदारों को उत्कृष्ट उत्पाद मिलते हैं, वहीं यह कारीगरों को वित्तीय सशक्तिकरण भी प्रदान करता है। यह अपनी विरासत को बनाए रखने और स्थानीय लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। गुणवत्ता और संस्कृति के प्रति अटूट समर्पण के कारण दून सिल्क खूबसूरती से तैयार किया गया उत्पाद है, जो गहरी छाप छोड़ने में सफल हुआ है।

#ExploreUttarakhand

@DIPR_UK

राज्य में सतत विकास को बढ़ावा दे रहा उत्तराखंड बांस एवं फाइबर विकास बोर्ड

उत्तराखंड प्राकृतिक संसाधनों का भंडार है। इन प्राकृतिक संसाधनों को लोगों के लिए उपयोगी उत्पादों में बदलने का बीड़ा उत्तराखंड बांस और रेशा विकास बोर्ड ने उठाया है। बोर्ड बांस और बिछुआ से बने ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देता है, जो प्राकृतिक संपदा मानी जाती है। इन उत्पादों में बांस और बिछुआ से बने लैंप शामिल हैं, जिन्हें उत्तराखंड के पारंपरिक कारीगरों द्वारा बड़ी बारीकी से तैयार किया गया है। प्रत्येक लैंप को हिमालय क्षेत्र से प्राप्त बिछुआ फाइबर कपड़े का उपयोग करके बहुत ही सलीके से काटा, बांटा और सावधानी के साथ बुना जाता है। इससे छनकर आती मध्यम रोशनी आपका मूड बेहतर बनाती है। ये अंडाकार लैंप प्रकृति की सुंदरता और उसके स्पर्श का मिश्रण हैं, जो घर के अंदर किसी भी जगह को अपने प्राकृतिक आकर्षण से कई गुना सुंदर बना देते हैं। पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाते हुए उत्तराखंड बांस एवं रेशा विकास बोर्ड अपनी उत्पाद श्रृंखला के रूप में शानदार बांस की बोतल भी लेकर आए हैं। उच्च गुणवत्ता वाले असली बांस के खोल और स्टेनलेस-स्टील से बनी यह बोतल टिकाऊ है, जो प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के साथ ही लंबे समय तक इसके इस्तेमाल को सुनिश्चित करती है।

इको-टेक्सटाइल्स के दायरे में आगे बढ़ते हुए उत्तराखंड बांस एवं रेशा विकास बोर्ड हिमालयन बिछुआ को शानदार प्राकृतिक फाइबर के रूप में पेश करता है। समुद्र तल से 1200 से 2900 मीटर की ऊंचाई पर हिमालय में उगने वाला यह बारहमासी पौधा है। बिछुआ फाइबर से बने कपड़े की परंपरा हजारों साल पुरानी है, जिसका पुनरुत्थान किया जा रहा है। थर्मल, कीटाणु रोधी गुणों और न सिकुड़ने वाले बिछुआ रेशे से बुना यह कपड़ा आरामदायक होने के साथ ही स्टाइलिश भी होता है।

उद्देश्य और विजन

ओडीटीपी योजना का प्राथमिक उद्देश्य उत्तराखंड के पारंपरिक और शिल्प उद्योगों को बढ़ावा देना है। स्थानीय उत्पादों की पहचान और उसका विकास करके इस योजना के माध्यम से उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जाता है। इससे उनकी विपणन क्षमता और आर्थिक मूल्य दोनों में वृद्धि होती है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत ग्रामीण विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पादों को निखारने पर बल देता है।

सार-संक्षेप

जले सामान को देखते पुलिस, दमकल विभाग एवं ग्रामीण व पीड़ित परिजन।

सिलेंडर की आग से मजदूर की झोपड़ी जली, सामान स्वाहा

शांतिपुरी : शांतिपुरी गेट वन विभाग चौकी के पास नाला निवासी मजदूर की झोपड़ी में सिलेंडर से आग लग गई। इससे झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। शनिवार को शांतिपुरी वन विभाग की चौकी के निकट किच्छा हल्द्वानी मुख्य मार्ग व रेल पटरी के मध्य नाले में बसे मजदूर वीरेंद्र की झोपड़ी में खाना बनाते वक्त रसोई गैस सिलेंडर से आग लग गई। अग्निकांड में मजदूर परिवार के घर में रखा करीब 2 क्विंटल गेहूं, चावल, बिस्तर, कपड़े, चारपाई तथा ढाई हजार की नगदी समेत जेवर आदि सब कुछ जल कर नष्ट हो गया। सूचना के आधे घंटे बाद पुलिस व दमकल वाहन मौके पर पहुंचे।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से वार्ता करते पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल।

नादेही चीनी मिल का आधुनिकीकरण करने की मांग

जसपुर : पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा से उनके कार्यालय में मिलकर जसपुर क्षेत्र की नादेही चीनी मिल का आधुनिकीकरण किए जाने, आगामी गन्ना पेराई सत्र समय से शुरू करने तथा चीनी मिल के शेष कर्मचारियों का फिटमेंट किये जाने व मृतक आश्रितों को शीघ्र नियुक्ति दिए जाने की मांग को लेकर वार्ता की। मंत्री ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

काशीपुर में पीटीएम के दौरान मौजूद अभिभावक। ● अमृत विचार

श्रीराम संस्थान में पीटीएम का किया आयोजन

काशीपुर : श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी काशीपुर में बीबीए, बीसीए एवं बी कॉम (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर के नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए फाउंडेशन कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को संस्थान में पीटीएम का आयोजन किया गया। पीटीएम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को संस्थान में आमंत्रित कर संस्थान द्वारा अलग-अलग अवसरों पर आयोजित गतिविधियों के बारे में रूबरू करवाना था। संस्थान अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने कहा कि 'इस समय अभिभावकों और शिक्षा संस्थान के बीच संबंधों को सुदृढ़ बनाए रखने का हमारा प्रयास है। उन्होंने इसे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण चरण बताया। मीटिंग में संस्थान निदेशक डॉ. योगराज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, डॉ. फरहा नईम आदि मौजूद रहे।

खटीमा में खिलाड़ियों के साथ सरस्वती एकेडमी प्रबंधन। ● अमृत विचार

सरस्वती एकेडमी के बच्चों ने जूडो में लहराया परचम

खटीमा : देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में सरस्वती एकेडमी के बच्चों ने परचम लहराया है। 17-18 को देहरादून के मल्टी परपज हाल आंवला तपोवन में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के आठ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें विराट कलोनी ने जूनियर वर्ग 66 किलो भारवर्ग में स्वर्ण, अमित भट्ट ने सब जूनियर के 55 किलो भारवर्ग में रजत, स्मृति राना ने सब जूनियर के 55 किलो भारवर्ग में रजत, उज्जवल राना ने सब जूनियर वर्ग 50 किलो भार वर्ग में कांस्य और हिमेश जोशी ने सब जूनियर के 45 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयर पर्सन ज्योति पाल, प्रधानाचार्य रामयश सहित समस्त शिक्षकों ने बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

प्राथमिक विद्यालय इस्लामनगर के अभिलेख हुए बर्बाद

खटीमा : राजकीय प्राथमिक विद्यालय इस्लामनगर प्रथम के प्रधानाचार्य ने उपशिक्षा अधिकारी को पत्र भेज कर बीते दिनों आई बाढ़ से हुई क्षति के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2000 से अब तक की स्टाक पंजिकाएं, छात्र उपस्थिति, प्रवेश फॉर्म, प्रदेश पंजीकाएं, एसएमसी कैश बुक, लेजर, गार्ड फाइल, एमडीएम कैश बुक, लेजर, गार्ड फाइल, अध्यापक उपस्थित, पत्र व्यवहार, एसएमसी बैठक एवं निरीक्षण, भोजन माता नियुक्ति एवं उपस्थित, भोजन माता मानदेय, खाद्यान्न वितरण, कुकिंग कास्ट, गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण, लाइब्रेरी पंजिकाएं एवं पुस्तकें, क्रीड़ा सामग्री एवं पंजिकाएं, एक कंप्यूटर, 10 मैट, एमडीएम चावल 7 .47 कुंतल, दाल 50 किलोग्राम, एमडीएम मसाले, हल्दी, मिर्च, धनिया आदि बाढ़ में बेकार हो गए हैं।

सिटी कॉन्वेंट स्कूल में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया के दौरान कैडेट्स के साथ प्रबंधन।

सिटी कॉन्वेंट में हुई 5 यूके नेवल एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया

खटीमा : सिटी कॉन्वेंट स्कूल में 5 यूके नेवल एनसीसी नैनीताल के तत्वावधान में सीनियर डिवीजन एनसीसी भर्ती का आयोजन किया गया। नेवल एनसीसी के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास की देखरेख में भर्ती प्रक्रिया का प्रारंभ नेवल एनसीसी, नैनीताल के परमानेंट इंस्ट्रक्टर, चीफ पेटी ऑफिसर कौशिश मौर्य ने किया। भर्ती प्रक्रिया में 87 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें से 22 विद्यार्थियों का चयन किया गया। एक्जीक्यूटिव ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर मनहास ने बच्चों के साथ साक्षात्कार किया तथा विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व को समझाया। इस अवसर पर प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, एएनओ थर्ड ऑफिसर प्रवीण बोरा, पीआई इंस्ट्रक्टर सतीश नाथ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

किच्छा में त्रिकोणीय हुआ प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव

अध्यक्ष पद पर गुलशन सिंधी, अमन मदान और दानिश इकबाल के बीच मुकाबला होने की संभावना

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशियों के मैदान में उतरने के चलते मुकाबला त्रिकोणीय होता दिख रहा है। चुनाव मैदान में गुलशन सिंधी, अमन मदान तथा दानिश इकबाल के बीच चुनावी लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

दरअसल व्यापार मंडल के चुनाव में व्यापारियों की राजनीति के चलते गुलशन सिंधी की स्थिति काफी मजबूत मानी जा रही है। क्योंकि व्यापारियों की राजनीति करने के साथ ही गुलशन सिंधी कांग्रेस के भी सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे हैं। पिछले चुनाव में गुलशन सिंधी मात्र 11 वोट से चुनाव हार गए थे। वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम व्यापारियों के भरोसे दानिश इकबाल अहमद भी अपनी ताल ठोक रहे हैं। व्यापार मंडल के 2785 वोटों में करीब 40 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं की भागीदारी है। पंजाबी समाज से ताल्लुक रखने वाले अमन मदान के नामांकन किए जाने के बाद हालांकि चुनावी खेल पूरी तरह से बिगड़ गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव सक्सेना को अपने पक्ष में करने में सफल रहे गुलशन सिंधी पूरे जोश के साथ चुनाव प्रचार कर व्यापारियों से समर्थन की अपील कर रहे हैं।

किच्छा में समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार करते गुलशन सिंधी। ● अमृत विचार

अंतिम दिन महामंत्री पद के उम्मीदवार गोल्डी एवं शर्मा ने लिया नाम वापस

किच्छा : प्रांतीय उद्योग में व्यापार मंडल के चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन महामंत्री पद के उम्मीदवार जगरूप सिंह गोल्डी एवं अंकुर शर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया। नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर तीन-तीन तथा कोषाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अध्यक्ष पद पर गुलशन सिंधी, अमन मदान एवं दानिश इकबाल, महामंत्री पद पर जगरूप सिंह गोल्डी, शिवकुमार मित्तल, अंकुर शर्मा, मोहम्मद अदनान एवं रियाज मलिक तथा कोषाध्यक्ष पद पर नीरज बजाज एवं दलजीत सिंह ने अपना नामांकन कराया था। शनिवार को नाम वापसी के अंतिम दिन महामंत्री पद के उम्मीदवार जगरूप सिंह गोल्डी एवं अंकुर शर्मा ने चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा एवं अन्य सदस्यगणों के सामने पहुंचकर अपना नाम वापस लेने की घोषणा की।

पल्लेदारों को गोली मारने के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

काशीपुर : पल्लेदारों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम सरवरखेड़ा निवासी अतीक अहमद ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका रिश्तेदार सरवरखेड़ा निवासी नजाकत अनाज मंडी में पल्लेदारी (मजदूरी) का कार्य करता है। कहा कि शुक्रवार दोपहर वह विरेंद्र खत्री व उसके पुत्र मोहित खत्री की आढ़त पर ट्रॉली से बोरियां उतार रहा था। बोरी जल्दी उतारने को लेकर मोहित खत्री ने नजाकत को गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर पिता-पुत्र उसके साथ मारपीट करने लगे। इस पर नजाकत ने फोन पर अपने रिश्तेदार नसीम को मौके पर बुलाया तो वह दोनों के साथ मारपीट पर उतारू हो गये। इस दौरान विरेंद्र खत्री ने अपने पुत्र मोहित से कहा कि आज तू इन्हें जान से मार दे, इतना सुनते ही मोहित ने जान से मारने की नियत से पिस्टल से नजाकत को गोली मार दी। जब नसीम ने उसे बचाने का प्रयास किया तो मोहित ने नसीम को भी गोली मार दी।

दिनेशपुर में छात्रों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: स्व. चितरंजन राहा राजकीय इंटर कॉलेज में लोक पर्व हरेला सप्ताह बड़ी धूमधाम से मनाया। विधायक अरविंद पांडेय ने एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस छात्रों एवं अध्यापकों के साथ विद्यालय परिसर के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया।

शनिवार को स्व. चितरंजन राहा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज में उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय व प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक पांडेय ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक पौधा लगाना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मिश्र एवं संचालन निधि जोशी व मनोज पांडे ने किया। इस मौके पर शिक्षक संघ ब्लॉक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, एनसीसी प्रभारी मनोज पांडे, अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार, विजय मंडल, भोला शर्मा, पीटीए अध्यक्ष सुभाष मंडल, अध्यापक राज कुमार अरोरा, संतोष कुमार टम्टा, जेएल खुराना, आनंद सिंह भंडारी, दलवीर सिंह दानू, गणेश चंद्र जोशी, आशुतोष त्रिपाठी, बंशीधर पाण्डेय, अशोक कालड़ा, योगेश पानू, सुकोमल मंडल, राजू गाईन मौजूद थे।

चितरंजन राहा अटल उत्कृष्ट राइंका में पौधरोपण करते कैडेट्स व एनएसएस के छात्र।

आरएएन स्कूल में हुआ संसद का गठन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आरएएन पब्लिक स्कूल में संसद गठन समारोह का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्लांट हेड संजय सिंघल, विद्यालय के संस्थापक एचके राय, एडीजी रोटेरियन जगदीश सिंह बिष्ट, रोटरी क्लब के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश, सचिव डॉ. निकिता पांडे, कोषाध्यक्ष चंचल जीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

शनिवार को संसद गठन में मुख्य छात्र के रूप में सूर्यांश यादव, मुख्य छात्रा में रिजूल मदान, उप मुख्य छात्र में प्रखर अग्रवाल, उप मुख्य छात्रा में संपदा तिवारी को घोषित किया गया। इसके अलावा खेलकूद प्रभारी मोक्ष श्रीधर, तृप्ति अदलखा, अनुशासन प्रमुख के लिए आदित्य मिड्ढा, मन्नत अरोड़ा, उप अनुशासन प्रमुख के लिए पलछिन अधिकारी, अंशिका सत्संगी, सदन प्रमुख के लिए आन्या गर्ग, गौरी श्रीवास्तव, मौली अनेजा, मान्य चोपड़ा को चयनित किया गया।

इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना भनोट ने बताया कि संसद गठन का उद्देश्य टीम बनाकर कार्य करना है। कारण किसी भी टीम का नेतृत्व करना ऐसा गुण है जो आत्म अनुशासन को नियंत्रित करता है। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय ने भी चयनित विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

संसद में चयनित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

नए छात्रों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

काशीपुर : बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में संस्थान के यूजी विभाग के बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम ऑनर्स में प्रवेशित नवागंतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत में एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ सभी निदेशकों एवं प्राचार्य ने मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर नवीन सत्र से पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके शिक्षकों ने संस्थान में स्वागत करते हुए अपने-अपने विषय के बारे में विस्तार से समझाया। संस्थान के प्राचार्य एवं सभी निदेशकों ने कहा कि यहां पर अच्छी और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आप अपने जीवन को स्वर्णिम दिशा की ओर अग्रसर करेंगे। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि तीनों ही पाठ्यक्रम के लगभग 120 से अधिक विद्यार्थियों ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम में प्रतिभाग किया।

सख्ती एसडीएम ने मेलाघाट रोड की दुकानों पर की छापामार कार्रवाई

चार दुकानों पर मिला एक्सपायरी डेट का खाद्य तेल

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने मेलाघाट रोड स्थित दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए काफी मात्रा में एक्सपायरी डेट का खाद्य तेल बरामद किया है। टीम ने एक्सपायरी डेट की सामग्री को जब्त कर ली है।

एसडीएम बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी सहित टीम ने मेलाघाट की दुकानों पर छापा मारा। टीम को मोहम्मद हनीफ के मो हनीफ किराना स्टोर, दीपक मौर्य के दीपक किराना स्टोर, साहिल के साहिल किराना स्टोर और मोहम्मद शाहिद के सिद्दीकी किराना स्टोर मेलाघाट रोड से भरी मात्रा में एक्सपायरी डेट का खाद्य तेल और अन्य खाद्य सामग्री मिली है। टीम ने एक्सपायरी डेट की सामग्री को जब्त कर अग्रिम कारवाई के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सुपुर्द किया गया है।

विदित हो कि आपदा पीड़ितों को बांटी जाने वाली राशन किट में एक्सपायरी डेट के खाद्य तेल की शिकायत आई थी। जिसकी जानकारी पर मौके पर एसडीएम बिष्ट और विधायक भुवन कापड़ी भी पहुंचे थे। इस मामले में आपदा राहत किट बनाने वाले ठेकेदार और एक्सपायरी डेट का खाद्य तेल उपलब्ध कराने वाले दुकानदार राम राम किराना स्टोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एसडीएम बिष्ट ने इसी क्रम में शनिवार को छापामार कारवाई की।

खटीमा में एक दुकान पर कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

पॉलीथिन को लेकर आधा दर्जन के चालान

सितारगंज : पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर पालिका की टीम ने पालिका निरीक्षक के नेतृत्व में नगर की विभिन्न दुकानों पर छापेमारी कर आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों के चालान किए। पालिका निरीक्षक सुबेन्द्र कुमार ने बताया कि कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। टीम में जय कुमार, हेमंत श्रीवास्तव आदि कर्मचारी शामिल रहे।।

सार-संक्षेप

धर्मपुर उमरपुर बहेड़ी इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण करते लोग।

जसपुर में हरेला के उपलक्ष्य में किया पौधरोपण

जसपुर : किसान इंटर कॉलेज धर्मपुर उमरपुर बहेड़ी के परिसर में हरेला के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गौतम गिरि, प्रधानाचार्य नरेश सिंह, महामंत्री मनप्रीत सिंह लाडी, जिला पंचायत सदस्य सतीश कुमार फौजी, वेद प्रकाश सिंह, विजय प्रधान, गिरीश कुमार, मनजीत सिंह, शीतल जोशी, कपिल कुमार, रवि कुमार, मोहित कुमार सैनी, मलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते सिख संगत के लोग। ● अमृत विचार

गुरुद्वारे में श्री अखण्ड पाठ साहिब का भोग पड़ा

सितारगंज : विगत दिनों गुरुनानक नगरी में गुरुग्रन्थ साहिब की बेअदबी की घटना को लेकर गुरुवार को गुरुनानकनगरी गुरुद्वारे में रखे गए श्री अखण्ड पाठ साहिब का शनिवार को भोग पड़ा। आगरा गुरुद्वारे में पश्चाताप समागम का आयोजन हुआ। इस दौरान दूरदराज के गांवों के गुरुद्वारों में पहरेदारी लगाने पर जोर दिया गया। 11 जुलाई को गुरुनानकनगरी गोठा स्थित गुरुद्वारे में किशन सिंह उर्फ कृष्ण सिंह ने गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। संगत लगातार आशंका जता रही है कि इसके पीछे षड्यंत्र हो सकता है। शनिवार को बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह गुरु का ताल आगरा गुरुद्वारे में पश्चाताप समागम का आयोजन किया गया। यहां धार्मिक जत्थों ने गुरुओं की महिमा का गुणगान किया। यहां पहुंची संगत ने दूरस्थ गांवों के गुरुद्वारों में ग्रंथी और पहरेदारों की तैनाती पर जोर दिया। इस मौके पर बाबा पाल सिंह, भाई अमरीक सिंह अजनाला, बाबा बलवीर सिंह मुछल, जत्थेदार जसवीर सिंह, बाबा अमर सिंह, बाबा मोहन सिंह, बढ़ापुरा बाबा प्रताप सिंह, बाजपुर बाबा गुरमेल सिंह, सुखविंदर सिंह एमए, सुखवंत सिंह भुल्लर आदि शामिल हुए।

संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुआ व्यापारी

काशीपुर : पानी के व्यापारी का अपहरण होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में व्यापारी की पत्नी ने एसपी काशीपुर को तहरीर देकर पति की बरामदगी की गुहार लगाई है। इस पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। उधर बताया जा रहा है कि मामला लेनदेन का है। खड़कपुर, देवीपुरा निवासी एक महिला ने एसपी काशीपुर को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि वह व उसके पति एक वाटर प्लांट चलाते हैं। शुक्रवार शाम को उसके पति अपना टैंपू लेकर दढ़ियाल रोड से डेली रूटीन के कैंपर उठाने गए थे। लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं आए। जबकि इस बीच उनके पति ने कुछ देर में फोन पर प्लांट में पहुंचने को कहा था। इसके बाद से उसके पति का फोन भी बंद आ रहा था। महिला ने बताया कि रात करीब 10 बजे उसके फोन पर एक वॉइस मैसेज आया और उसके पति ने कुछ लोगों द्वारा उठाकर ले जाने और मारपीट करने की बात बताई। उसके बाद एक और वॉइस मैसेज आया और उसमें पति ने बचाने को कहा। पीड़िता ने पति की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मामला लेनदेन को लेकर है। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। पुलिस टीम जांच में लगा दी गई है।

काशीपुर में प्रतियोगिता में भाग लेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

छात्रवृत्ति खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

काशीपुर : उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में चल रही मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत दूसरे दिन नगर निगम स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा राकेश कुमार कनौजिया ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता आयोजक प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि नगर निगम स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी जिले स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। विभिन्न आयु वर्गों (8 से14) में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सबका मन मोहा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में वंश जोशी, आदित्य अग्रवाल, समरजीत, शरद, आयुष, रुद्राक्ष छाबड़ा, बालिका वर्ग में निहारिका, तनिष्का बाटला, हर्षिता, राखी, खुशी, प्रियंका कौर, मनस्वी सजवाण, कवलीन कौर, साक्षी, नैना कुमारी, निशा तोमर, इनाया खान विजयी रहे। वहां पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, संजय शर्मा, मेजर मुनीषकांत शर्मा, खेल समन्वयक सतीश बिश्नोई, चौ. नवनीत सिंह, कौशलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

शांतिपुरी पाहा नहर बैराज में जमा कबाड़। ● अमृत विचार

नहर के बैराज में जमा कबाड़ से बाढ़ का खतरा

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर एक डैम स्थित बैराज पर बड़ी मात्रा में कबाड़ के इकट्ठा होने से शांतिपुरी नंबर 1 व 2 ग्राम सभा के ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। शांतिपुरी नंबर एक निवासी युवा भाजपा नेता जगदीश कांडपाल व शांतिपुरी नंबर दो निवासी जीवन सिंह कोरंगा, प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा आदि ने बताया कि पाहा नहर व शांतिपुरी नंबर 1 तथा शांतिपुरी नंबर 2 के मध्य बहने वाली पाहा नदी के बैराज पर बड़ी मात्रा में कबाड़ इकट्ठा हो गया है। इससे क्षेत्र में अत्यधिक बरसात होने पर कभी भी बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है और इससे बड़ी मात्रा में किसानों की जमीन कटने अथवा फसलों के बहने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कैनाल विभाग अति शीघ्र बैराज की सफाई करें। जिससे पानी अपने गंतव्य स्थान को शांतिपूर्वक जा सके।

रेलवे फाटक के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

काशीपुर : रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का पुलिस को शव बरामद हुआ। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उसकी शिनाख्त शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि शुगर मिल रोड के पास रेलवे ट्रैक के बगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक अधेड़ व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा था। जिसे पुलिस ने 108 एंबुलेंस द्वारा एलडी भट्ट चिकित्सालय काशीपुर भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी है।

सार-संक्षेप

अल्मोड़ा बलढोटी में शनिवार को पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा नंदा वन क्षेत्र में रौपे विभिन्न प्रजाति के पौधे

अल्मोड़ा : नगर पालिका परिषद की ओर से शनिवार को बलढोटी में नंदा वन में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका, एसएसबी, उद्यान विभाग, वन विभाग समेत कई संगठनों ने विभिन्न प्रजाति के चौड़ी पत्ती वाले पौधों का रोपण किया। वहीं, सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से आगे आने की अपील की। इस मौके पर यहां निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, ईओ नगर पालिका भरत त्रिपाठी, पीसी तिवारी, आनंद बगड़वाल, निर्वतमान सभासद हेम तिवारी, जगमोहन बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, परितोष जोशी समेत बड़ी संख्या में लोग रहे।

शौर्य दिवस 26 जुलाई को

अल्मोड़ा : 26 जुलाई को कारगिल दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर सीएस गुप्ता ने बताया कि बीते वर्षों की तरह इस बार भी शौर्य दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक छावनी क्षेत्र अल्मोड़ा में उस दिन कारगिल बलिदानियों को पुष्पचक्र एवं श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

बीडीसी बैठक 24 को

अल्मोड़ा : क्षेत्र पंचायत हवालबाग की 22 जून को आयोजित बीडीसी बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। खंड विकास अधिकारी आरएस कनवाल ने बताया कि उक्त बैठक आगामी 24 जुलाई को आहूत की जायेगी। उन्होंने क्षेत्र पंचायत के सम्मानित जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों से उपस्थित होने की अपील की।

विभिन्न कंपनियों में 41अभ्यर्थियों का हुआ चयन

टनकपुर : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित पूर्णानंद जोशी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, टनकपुर में शनिवार को अप्रैन्टिशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सिडकुल के रुद्रपुर व सितारगंज की विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले का शुभारम्भ संस्थान के प्रधानाचार्य कविन्द्र सिह कन्याल ने किया। मेले में आए प्रतिभागियों की कम्पनियों से आये हुए प्रतिनिधियों ने लिखित परीक्षा ली। मेले में ब्रेक्स इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड रुद्रपुर, बैकमार्क्स मोटो प्राइवेट लिमिटेड, सितारगंज, पंजाब लेबल (पीबीजेएल) सितारगंज, आटोकॉम कार्प रुद्रपुर, बेकमार्क्स प्राइवेट लिमिटेड सितारगंज व रैकिट बैकेजाइर इ. प्राइवेट लिमिटेड सितारगंज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले में कुल 47 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें से 41 अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। यहां मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उमा रावत, कार्यदेशक शान्ति मेहरा, राजेन्द्र कौर, गिरीश जोशी, विजय नेगी रहे।

अल्मोड़ा एसएसजे विवि में शनिवार को शैक्षिक उन्नयन बैठक में मौजूद लोग।

एसएसजे विवि के अकादमिक व शैक्षिक उन्नयन पर मंथन

अल्मोड़ा : एसएसजे परिसर में शनिवार को शैक्षिक परिषद की बैठक में विवि के अकादमिक और शैक्षिक उन्नयन समेत तमाम महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा व संस्कार निर्माण पर जोर देते हुए निरंतर नवाचार की बात कही। अन्य प्राध्यापकों ने भी विवि के शैक्षिक उन्नयन को लेकर सुझाव रखे। यहां प्रो. जगत सिंह बिष्ट, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सामंत, निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रो. सुशील जोशी, प्रो. अरविंद सिंह अधिकारी, प्रो. एचआर कौशला, प्रो. निर्मला, प्रो. वीडीएस नेगी, प्रो. मधुलता नयाल, अमित कुमार त्रिपाठी, प्रो. गिरीश चंद्र साह, डॉ. रजनी मेहता मौजूद रहे।

दस फीट गहरी गुफा में फंसी दो गायों को निकाला

बागेश्वर : लोब में बेहरगांव के पास एक गुफा में दो गाय फंसे की सूचना मिली। जिस पर शनिवार सुबह अग्निशमन दल वहां पहुंचा तथा गायों का रेस्क्यू किया। अग्निशमन दल अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि गुफा काफी संकरी थी तथा भीतर लगभग दस फीट कमरा नुमा था जहां गाय भूखी प्यासी थी। गुफा का प्रवेश द्वार संकरा होने के कारण वहां घुसना तथा वहां से गायों को निकालना काफी मुश्किल था परंतु अग्निशमन दल के जवानों ने जोखिम लेकर दोनों गायों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। टीम में एलएफएम नवीन जोशी, चंद्र राम, राजेंद्र प्रसाद, सोहन कुमार, दीपक कुमार आदि शामिल थे।

पुलिस ने बाइक चोरी के दो आरोपियों को दबोचा

अल्मोड़ा : लक्ष्मेश्वर बाईपास से सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से बाइक भी बरामद कर ली है। आरोपियों ने शौक पूरा करने के लिए बाइक चोरी की थी। बीते मंगलवार देर रात लक्ष्मेश्वर बाइपास के समीप सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरों ने उड़ा ली थी। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। शुक्रवार को पुलिस टीम ने बाइक चोरी के आरोपी हर्षित लोहनी (19) पुत्र अनिल लोहनी, निवासी ग्राम दर्शानी बागेश्वर और रवि थापा (18) पुत्र शंकर थापा, निवासी टीट बाजार गागरी गोल, बागेश्वर को शैल बैंड के समीप से गिरफ्तार किया।

महिलाओं ने 160 किलो कटहल का अचार बनाया

अल्मोड़ा : ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना की ओर से संचालित एग्रो फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट धौलछीना की महिलाएं विभिन्न तरह के उत्पाद तैयार कर रहे हैं। वहीं, अब महिलाओं ने 160 किलो कटल का अचार बनाया है। इस अचार का अब कलस्टर लेवल के माध्यम से बिक्री की जाएगी। वहीं एग्रो फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट में कई स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। जिससे वह आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मियों ने जुलूस निकाला

तीन माह का वेतन भुगतान समेत दो सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग, मालरोड में जुलूस निकालकर धरने पर बैठे कर्मचारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कार्मिकों ने आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कार्मिकों ने नगर के मालरोड स्थित शिखर तिराहे से चौघानपाटा तक विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान सरकार के खिलाफ धरना देकर जमकर नारेबाजी। जल्द वेतन का भुगतान और पदों को सृजित करने की मांग उठाई।

गांधी पार्क स्थित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जिस समय लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे। उस समय कर्मचारियों ने कोराना काल में जान की परवाह किए बिना पूरे मनोयोग से सेवा की। लेकिन अब कर्मचारी मानदेय तक को तरस गए हैं। कहा कि पद सृजन नहीं होने से कर्मचारियों को तीन माह का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। जिससे कर्मचारियों को परिवार के पालन पोषण में परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहा कि पांच दिनों से कर्मचारी आंदोलनरत है। पूरी तरह से कार्य बहिष्कार पर डटे हैं। लेकिन इसके बाद भी उनकी कोइ सुध नहीं ले रहा है। कर्मचारियों ने एक स्वर में शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने और भूख हड़ताल की चेतावनी दी। इस दौरान सुशील कुमार, हरीश सिंह चौहान, विनोद कनवाल, मोहित रौतेला, सूरज, अंकित, महेंद्र कनवाल, रोहित, दीपमाला, रीता, सपना, भावना, रेखा, सुनीता, गौरव, विवेक, ज्योति, विरेंद्र, प्राची, पंकज कुमार, राजकुमार, भूपेंद्र आर्या, संजय, चंदन, हेमा, रंजना, दया, कमला, रेखा, शांति देवी, प्रेमा बिष्ट रहे।

अल्मोड़ा मालरोड में शनिवार को दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को कार्मिकों ने विरोध जूलूस निकाला।

बागेश्वर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

किरोड़ा नाले से नगर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा

टनकपुर : किरोड़ा नाले के कटाव से पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव बोरागोठ, नयागोठ के अलावा नगर के वार्ड नंबर 9 घसियारामंडी व पूर्णागिरि विहार क्षेत्र को बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। इधर ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर इस संबंध में एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने क्षेत्र को बाढ़ की रोकथाम के लिए यहां स्थाई सीसी बंधा बनाए जाने की मांग उठाई है। एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2019 से हर वर्ष किरोड़ा नाले में अस्थाई चैनेलाइजेशन में लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है जो कारगर साबित नहीं हो पा रहा है। कहा गया कि हर बार बरसात में ग्रामीण क्षेत्र के अलावा नगर क्षेत्र में भी भारी तबाही होती है। जिससे स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। उन्होंने अस्थाई सीसी बांध निर्माण की मांग उठाई है और कहां है की बाढ़ आने से ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं बल्कि वन क्षेत्र में भी भारी भू कटाव हो रहा है जिससे वन संपदा को भी हर वर्ष लाखों का नुकसान हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में संजय पाठक, सुरेश सिंह, दीपक जोशी, भगत बोहरा, वासुदेव पंत, मोहन सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुंदन सिंह रहे।

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर जताया आक्रोश

बागेश्वर : जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन कवि जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे तथा वहां की वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया में शेयर की। इसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी मोनिका से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि अस्पताल में जो कार्य किया जा रहा है उसमें पुरानी सही टाइल्स व पलस्तर को अनावश्यक तोड़ा जा रहा है तथा नई टाइल्स लगाई जा रही हैं। निर्माण कार्य में देरी के कारण छत टपक रही है और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी टपकने व सीलन से कई कमरों में करंट फैल रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं तथा रक्त जांच आदि के लिए भी बाहर भेजा जा रहा है। कहा कि एक साल से जन औषधि केंद्र बंद पड़ा है परंतु अधिकारी इसका संज्ञान नहीं ले रहे हैं। उन्होंने अस्पताल की अनियमितताओं की जांच करने व चिकित्सालय के दलालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान गोकुल परिहार, गणेश कुमार, संस्कार भारती, सुनील पांडे, चंदन कोरंगा, संजय जोशी, जयदीप कुमार, कुंदन गोस्वामी, दिव्यांशु रहे।

देवीकुंड भेजी प्रशासन की टीम रास्ते में फंसी

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: यूनेस्को की सूची में विश्व धरोहर के रूप में अंकित सुंदरढूंगा में देवीकुंड के पास योगी द्वारा अतिक्रमण करने की जांच के लिए वहां भेजी गई प्रशासन की टीम भारी बारिश के कारण जातोली से आगे नहीं बढ़ पाई है। अब प्रशासन ने जातोली से सुंदरढूंगा के लिए टीम का रूट बदलने का निर्णय लिया है। बता दें कि सुंदरढूंगा ग्लेशियर पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं हो सकता है। देवीकुंड के मुख्य पुजारी मंगल सिंह के अनुसार भी वहां पर न तो कभी मंदिर था और न ही कभी बनने की अनुमति है। परंतु बीते दिनों योगी चैतन्य आकाश ने वहां पर एक कुटिया बनाने के साथ ही देवीकुंड में स्नान किया। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा उन्होंने इसका विरोध किया। जिस पर प्रशासन ने वहां के लिए 17 सदस्यीय टीम को अतिक्रमण हटाने के लिए सुंदरढूंगा के लिए रवाना किया। टीम को शुक्रवार को देवीकुंड पहुंचना था। परंतु खराब मौसम के कारण टीम कठलिया तक ही पहुंच सकी। मौसम खराब होने के कारण टीम को वापस जातोली लौटना पड़ा।

दिक्कत

- बारिश के कारण जातोली से आगे नहीं बढ़ सकी है टीम

नहा रही महिला का वीडियो बनाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: हवालबाग क्षेत्र में महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। नहाने को बाथरूम गई महिला का युवक ने वीडियो बना लिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार महिला ने तहरीर में कहा कि उसके पति पिथौरागढ़ में प्राइवेट नौकरी करते हैं। यहां वह तीन बच्चों के साथ रहती है। आरोप लगाया कि अर्जुन नाम का एक युवक आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता है। बीते शुक्रवार सुबह वह बाथरूम में नहाने गई हुई थी। इस बीच उनकी नजर रोशनदान के पास एक मोबाइल पर पड़ी। देखा तो आरोपी वीडियो बना रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी उसे बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। महिला ने आरोपी से खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

- पीड़ित महिला ने सोमेश्वर पुलिस ने सौंपी तहरीर
- आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

24 को पीड़ित ग्राम प्रधान से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड एसटी, एससी, ओबीसी त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने 24 जुलाई को पीड़ित अनुसूचित जनजाति की ग्राम प्रधान विनिता राणा से मिलने के लिए चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंडल भेजने का निर्णय लिया है। साथ ही इस संबंध में मुख्य सचिव व डीजीपी को भी मेल किया है।

10 जुलाई को विकासखंड चंपावत की ग्राम पंचायत गुदमी में आपदा प्रभावितों को राशन और सामान बांटने जा रही प्रधान विनीता राणा को सैकड़ों महिला- पुरुषों ने को घेर लिया और जाति को गाली देते हुए थूकने का काम भी किया। बाद में जूते की माला ग्राम प्रधान के गले में डाल दी गई। कोतवाली में ग्राम प्रधान ने रिपोर्ट दर्ज की। लेकिन अभी तक पीड़ित ग्राम प्रधान को कोई न्याय नहीं मिला है। संगठन के प्रदेश संयोजक व पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि घटना की जांच सही से नहीं की जा रही है। आरोप लगाया कि सरकार आरोपियों को बचाने व मुकदमे को कमजोर करने में लगी है।

मालरोड में गुलदार दिखने से दहशत

अल्मोड़ा : शुक्रवार रात नगर के मालरोड स्थित एआईसी के पास गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद होने से लोगों में दहशत है।

अल्मोड़ा के एआईसी के आसपास रिहाशयी इलाकों में गुलदार घूमता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार देर रात भी गुलदार की चहलकदमी दिखाई दी। यहां एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में गुलदार चहल कदमी करते हुए दिख रहा है। गुलदार के खौफ से स्थानीय लोगों में भय है। गुलदार के भय से लोग अंधेरा होते ही घरों में दुबकने को मजबूर हैं। उन्होंने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

नव प्रवेशित छात्रों का किया स्वागत

रानीखेत : राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय रानीखेत में कला वर्ग के स्नातक प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्राचार्य ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोग्राम के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय में संचालित अन्य कार्यक्रमों व गतिविधियों से अवगत कराया गया। डॉ. जेएस रावत ने प्रजेंटेशन के द्वारा नई शिक्षा नीति कार्यक्रम को समझाया। संचालन करते हुए डॉ. पंकज प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति, नियमित कक्षाओं में उपस्थिति तथा महाविद्यालय अनुशासन सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। अभिविन्यास कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति की जानकारी दी गई। डॉ. जेएस रावत ने समर्थ पोर्टल में एडमिशन प्रक्रिया में आने वाली समस्या का निराकरण किया। डॉ. कमलेश्वर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस शिक्षा का महत्व तभी है जब शिक्षा से विद्यार्थी का शारीरिक व मानसिक विकास हो। वहीं डॉ. नमिता मिश्रा ने पाठ्य सहगामी क्रियाओं को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इनमें प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. निधि पांडेय, डॉ. हिमानी ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। डॉ. कमला ने एनएसएस प्रकोष्ठ की जानकारी दी। इसके महत्व को साझा किया तथा विद्यार्थियों को एनएसएस प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया।

वर्ग पहेली-137

बाएं से दाएं

1. नित्य और सदा दूध देने वाली गाय 2. अच्छी गाय।
3. 1. जलाना, भस्म करना 2. नष्ट करना 3. बहुत कष्ट या दुख देना, संतप्त करना।
4. 1. कुल, सब 2. इकट्ठा किया हुआ, एक में मिलाया हुआ, सामूहिक।
6. 1. असावधानी या उदासीनता के कारण होने वाली भूल, त्रुटि 2. भूलने की क्रिया 3. भूल या चूक से शेष रह गया काम।
8. 1. बाज़ार का; बाज़ार से संबंधित, बाज़ार में होने वाला 2. बाज़ारू, साधारण, मामूली।

ऊपर से नीचे

1. 1. चतुरता, होशियारी 2. विवेकशीलता, बुद्धिमत्ता।
4. कब्ज़ा किया हुआ, अधिकृत, अधीन।
5. 1. मूल रूप से, आदि में 2. संपूर्णतः।
7. किसी को कुछ ताड़ने में प्रवृत्त करना, ताड़ने का काम कराना, किसी को किसी के कार्य को भांपना



वर्ग पहेली -136 का हल

1 आ	जा	नु	2 बा	हु	■
इं	■	■	ज़ा	■	3 सं
दा	■	■	र	■	चे
■	4 अ	नु	वा	दि	त
■	नु	■	द	■	ना
5 क़	रा	र	■	6 धा	■
■	धा	■	7 ना	न	क

सुडोकू-50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		8				3
			6	1		4		8
	7		9			1		
1	2			5		9		
9		3				8		2
		8		4			6	1
		7			3		8	
5		2		9	1			
6				2		7		

सुडोकू -49 का हल

5	1	7	8	9	6	4	2	3
3	2	6	4	1	5	9	8	7
9	4	8	2	7	3	5	6	1
6	5	4	3	2	1	8	7	9
8	3	2	9	4	7	1	5	6
7	9	1	5	6	8	3	4	2
1	6	9	7	8	4	2	3	5
4	7	5	1	3	2	6	9	8
2	8	3	6	5	9	7	1	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 15.46 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 22 जुलाई 12.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज निजी व्यापार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। कमीशन संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। यदि आप प्राइवेट जॉब करते हैं तो आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट्स में भेजा जा सकता है।

वृष — आज बच्चे घर के बड़े बुजुर्गों के साथ समय बिताएंगे। आपको नए कार्यों में जुटना पड़ सकता है। आपका मन शांत रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में यश और सम्मान प्राप्त होगा। फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज संवादहीनता के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। इसीलिए आपको अपनी बात सावधानी से रखनी चाहिए। दूसरों की कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कर्क — आज आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दांपत्य संबंधों का आनंद उठाएंगे। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे।

सिंह — आज लवमेट्स के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। कारोबार की बाधाओं को निपटाने में व्यस्त रहेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज व्यापार में प्रतिद्वंदिता बढ़ने की आशंका है। मित्रों से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें। बच्चे अपनी माता का अनुकरण करेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

तुला — आज सहकर्मी आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। बेवजह गुस्से के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

वृश्चिक — आज मार्केटिंग क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। धर्म-शास्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। कारोबार में मित्रों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको मनचाहा काम मिल सकता है।

धनु — आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है, जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। आपके द्वारा की गई छोटी-छोटी गलती को लोग बड़ा करके दिखाने का प्रयास करेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंध मुश्किल में पड़ सकते हैं।

मकर — आज अटके हुए काम बनने से खुशी मिलेगी। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। आपके विचारों का लोग आदर करेंगे। जीवनसाथी से उपहार प्राप्त हो सकता है।

कुंभ — आज पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिए अच्छी नींद अवश्य लें। आप नए परिवर्तनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से संबंध बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है।

मीन — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जाएंगे। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर थोड़े विचारशील होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत — सुबह : 10.42
भारत — रात : 07.41
रक्षाबंधन — सुबह : 11.37
साइना — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
द मैकेनिक — सुबह : 11.29
जॉन रैम्बो — रात : 07.33

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — सुबह : 11.23
जवान — रात : 08.00

colors CINEPLEX
एसीपी शिवा — दोपहर : 12.47
ना सामी रंगा — रात : 07.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

एक नजर

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावराम गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग निकले। सुरक्षाबलों की तलाशी में एक नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला।

दाऊद इब्राहिम गिरोह के दो सदस्यों को जमानत

मुंबई। मुंबई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र एटीएस की ओर से अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए दो लोगों को जमानत दे दी है। एटीएस ने दावा किया है कि फैज भिवंडीवाला और परवेज वईद, दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्य है। पीठ ने कहा कि सरकारी वकील ने एटीएस के निर्देश पर बयान दिया कि आरोपपत्र में यूएपीए के तहत आरोपों को स्थापित करने वाली कोई सामग्री नहीं है जो आतंकवादी कृत्य करने और अपराध के लिए धन एकत्र करने से संबंधित है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि एक आरोपी से कथित तौर पर जब्त किया गया प्रतिबंधित मादक पदार्थ कम मात्रा में था। अदालत ने भिवंडीवाला और वईद को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

अंधविश्वास के खिलाफ याचिका दाखिल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें अंधविश्वास, जादू-टोने और ऐसी अन्य कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि समाज में प्रचलित अवैज्ञानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिए अंधविश्वास एवं जादू-टोना रोधी कानून की आवश्यकता है। इसमें फर्जी संतों को लोगों का शोषण करने से रोकने के संबंध में भी कदम उठाने के लिए अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका में केंद्र और राज्यों को संविधान के अनुच्छेद-51ए की भावना के अनुरूप नागरिकों में वैज्ञानिक सोच-समझ, मानवीयता और जांच-पड़ताल की भावना विकसित करने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

खनन मामले में विधायक पंवार गिरफ्तार

गुरुग्राम से गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता, हिरासत के लिए कोर्ट से अनुरोध करेगी ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं हरियाणा के विधायक सुरेंद्र पंवार (55) को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुग्राम से शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अंबाला में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से हिरासत में भेजने का अनुरोध किया जाएगा।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और उसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस ने कई प्राथमिकी दर्ज की थी। धन शोधन का यह मामला भी इसी से संबंधित है। केंद्रीय एजेंसी ई-रवाना योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। ई-रवाना एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे हरियाणा सरकार ने रॉयल्टी और कर संग्रह आसान बनाने तथा खनन क्षेत्रों में कर चोरी रोकने के लिए 2020 में शुरू किया था। अनुमान लगाया गया है कि कथित अवैध खनन के जरिये कुछ वर्षों में लगभग 400-500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित किया गया है।

- प्रतिबंध के बाद भी खनन करने के आरोप में दर्ज हुई कई प्राथमिकी
- 400 से 500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित करने का आरोप

1.42 करोड़ नकद, फ्लैट तथा जमीन के दस्तावेज जब्त

ईडी ने कहा कि उसने बैंक-ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन की जांच में हरियाणा कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके बेटे और कुछ व्यावसायिक इकाइयों के खिलाफ छापेमारी में 1.42 करोड़ नकद, 30 से अधिक अघोषित फ्लैट और जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। विधायक, उनके परिवार, एक संबद्ध कंपनी सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) और इसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुछ अन्य के खिलाफ दिल्ली, जमशेदपुर (झारखंड), हरियाणा के महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में 18 जुलाई को छापेमारी की। धन शोधन की जांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है। इसमें आरोपियों पर धन की धोखाधड़ी करने, आपराधिक धांधली, आपराधिक विश्वासघात और ठगी कर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले बैंकों के संघ को 1,392.86 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा तकनीक पर अतिनिर्भर होने का दुष्परिणाम : चंद्रचूड़

मदुरै (तमिलनाडु), एजेंसी

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा कि तकनीकी निर्भरता के क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ की स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि मैं प्रौद्योगिकी के लाभों का समर्थक हूं। कल ही हमने तकनीकी निर्भरता के प्रतिकूल प्रभाव देखे। माइक्रोसॉफ्ट आउटेज से पूरे देश में उड़ानें रद कर दी गईं लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है जो मेरी पिछली यात्रा के दौरान मुझ पर बरसाया, जिसने आज आप सभी के बीच मेरी उपस्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि मदुरै को थुंगा नगरम या ऐसा शहर कहा जाता है, जो कभी नहीं सोता, क्योंकि इसके बाजार हमेशा लोगों के लिए खुले रहते हैं। यह इस महान शहर की आमंत्रित और मेहमाननवाज़ संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मद्रास उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ के लिए मदुरै को चुना गया। इस अर्थ में, मदुरै शाश्वत प्रतीक है कि न्याय कभी नहीं सोता है। सीजेआई ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा, लेकिन यह सोचना बहुत बड़ी गलती होगी कि मद्रास उच्च न्यायालय विशेष रूप से मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों का प्रभाव तमिलनाडु राज्य तक ही सीमित है। देश भर के वकील, न्यायाधीश और नागरिक मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों को बहुत प्रशंसा के साथ देखते हैं। बार के साथ-साथ उच्च न्यायालय की पीठ के न्यायाधीश केवल 20 वर्षों की छोटी अवधि में ऐसी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम हुए हैं।

- सीजेआई ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के 20 वर्ष पूरे होने पर हुए समारोह को किया संबोधित

भीषण गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और जवान की मौत

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान हरामी नाला क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शुक्रवार को हुई और सहायक कमांडेंट विश्व देव और हेड कांस्टेबल दयालराम को तापघात हो गया था। विश्व देव बीएसएफ की 59वीं बटालियन से थे। दोनों को भुज के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस साल मई में जैसलमेर (राजस्थान) में बीएसएफ के एक जवान की भीषण गर्मी से जान चली गई थी। बीएसएफ के गांधीनगर स्थित गुजरात फ्रंटियर के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों कर्मी बल के अन्य सदस्यों के साथ हरामी नाला के उत्तर में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुदूर और दुर्गम इलाके में लंबी दूरी की गश्त पर थे। यह लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे थे। उन्हें चिकित्सा केन्द्र ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

- गुजरात में हरामी नाला के उत्तर में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर गश्त के दौरान हुई समस्या

तमिलनाडु में अमोनिया गैस लीक होने से 30 लोग बेहोश

तूतुकुडी। तमिलनाडु के तूतुकुडी जिले के पुदुर पांडियापुरम में शुक्रवार देर रात निजी समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाई की कोल्ड स्टोरेज इकाई से अमोनिया गैस लीक होने के बाद 30 लोग बीमार पड़ गए। उनमें से कई लोगों को दम घुटने की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को विदेशों में प्रसंस्कृत समुद्री भोजन का निर्यात करने वाली नीला सी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में अमोनिया गैस सिलेंडर के विस्फोट होने का संदेह जताया। उन्होंने कहा कि इसके कारण गैस रिसाव होने लगा जिसके बाद 29 श्रमिकों ने सांस फूलने और मतली की शिकायत की। उनमें से कई बेहोश हो गए। इनमें ओडिशा की 16 महिला श्रमिक भी शामिल हैं। उन्हें निकालने के लिए यूनिट में पहुंचे तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के एक कर्मी को भी सांस लेने में तकलीफ हुई। बीमार लोगों में से दो लोगों को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

हरियाणा में आप ने की केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को चुनावी राज्य हरियाणा के लिए केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा की। इसके तहत मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त शिक्षा, राज्य की हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देना और युवाओं के लिए रोजगार है। इस साल के अंत में हरियाणा विधानसभा का चुनाव होना है।

पंचकूला में केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा के दौरान सुनीता के अलावा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप नेता संजय सिंह और संदीप पाठक मौजूद थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। आप ने घरेलू इस्तेमाल के लिए मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक खोलने और मुफ्त चिकित्सा, शिक्षा तथा हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देने समेत युवाओं के लिए रोजगार का वादा किया है।

- इसमें मुफ्त बिजली, चिकित्सा शिक्षा, हर महिला को 1,000 रुपये प्रतिमाह और रोजगार

सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख

जम्मू। जम्मू क्षेत्र के शांतिपूर्ण हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए यहां पहुंचे। तीस जून को भारतीय सेना के 30वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद तीन सप्ताह से भी कम समय में सेना प्रमुख का जम्मू का यह दूसरा दौरा है।

8 और 15 जुलाई को कठुआ के माचेडी और डोडा के देसा वन क्षेत्रों में हुए दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में एक कैप्टन समेत नौ सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख यहां पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें पुलिस, सेना, अर्धसैन्य और खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

अंग्रेजों ने परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने की कोशिश की : भागवत

पुणे, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था कम करने का व्यवस्थित तरीके से प्रयास किया। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज, जिनका पालन किया जा रहा है, वे आस्था हैं। कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत होती है। अंग्रेजों ने 1857 के बाद हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए। उन्होंने हमारी अपनी परंपराओं और पूर्वजों में जो आस्था थी, उसे खत्म कर दिया। भागवत ने जीबी देगलुरकर की पुस्तक के विमोचन पर कहा कि भारत में जो मूर्ति पूजा होती है, वह आकार से परे जाकर निराकार से जुड़ती है। इसीलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है। भारत में मूर्तियों के चेहरों पर भावनाएं होती हैं, जो कहीं और देखने को नहीं मिलतीं हैं।

- आरएसएस प्रमुख बोले- कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत

लोक सेवकों पर विश्वास कम नहीं होने दे सकते: हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने पूर्व तहसीलदार से वसूली और उसकी मानहानि के आरोप में सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ दर्ज मामला रद करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि वह लोगों का लोकसेवकों पर से भरोसे को कम नहीं होने दे सकते।

न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने एक जुलाई के अपने फैसले में सोलापुर के सामाजिक कार्यकर्ता अजित कुलकर्णी की याचिका को रद कर दिया। आदेश की प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। मोहोल तहसील कार्यालय के पूर्व तहसीलदार प्रशांत बेदासे ने लोक सेवक के खिलाफ बल प्रयोग करने, उसे अपने कर्तव्य पालन से रोकने, वसूली और मानहानि के आरोप में कुलकर्णी के खिलाफ दिसंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

- पूर्व तहसीलदार से वसूली और मानहानि के आरोप में दर्ज मामला रद करने से कोर्ट का इनकार

रीट-2021 प्रश्न पत्र लीक: तीसरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र में कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि राजू राम इराम को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। जयपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने उसे तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इससे पहले मामले के संबंध में सहायक प्रोफेसर प्रदीप पाराशर और उनके सहायक रामकृपाल मीणा को गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार इराम ने एक आरोपी से रीट-2021 का लीक हुआ प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए अपने साथियों को दे दिया था। एजेंसी ने कहा कि आरोपी ने अपने सहयोगियों की मदद लेकर जोधपुर में बड़ी धनराशि के बदले विभिन्न अभ्यर्थियों को लीक हुआ पेपर दिखाने व पढ़ाने की व्यवस्था की।

- आरोपी ने लीक प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए अपने साथियों को दे दिया था

कारोबार/कृषि

एक नजर

सरसों के सस्ते आयातित तेल से दाम में गिरावट अन्य तेल पर असर नहीं

नई दिल्ली। सरसों के सस्ते आयातित तेल के कारण शनिवार को इसके दाम में गिरावट आई। हालांकि अन्य तेल तिलहन के भाव में कोई अंतर नहीं आया। सभी खाद्य तेल लागत से तीन से चार प्रतिशत कम पर बिक रहे हैं। तेल सस्ता होगा तो पशु आहार महंगा होगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी। सस्ता आयातित तेल सरकार की मंशा के विपरीत महंगाई को बढ़ा रहा है। आयातित तेल के कारण दूध, अंडा और चिकन के दाम बढ़े हैं। सस्ता आयातित तेल खुदरा बाजार में 100-102 रुपये प्रति लीटर की बजाय 140-145 रुपये प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है।

ओएनजीसी ने छह करोड़ डॉलर में इक्विओर की हिस्सेदारी हासिल की

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की विदेशी निवेश शाखा ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने अजरबैजान तेल क्षेत्र और उससे जुड़ी एक पाइपलाइन में नॉर्वे की फर्म इक्विनोर की हिस्सेदारी हासिल की है। कंपनी ने बताया कि सौदा छह करोड़ डॉलर में हुआ। ओवीएल ने इक्विनोर से अजरबैजान में अपतटीय अजेरी चिराग गुनाशली (एसीजी) तेल क्षेत्र में 0.615 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक बाध्यकारी बिक्री खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारत को पसंदीदा निवेश गंतव्य बनाएं : गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अमेरिका के प्रवासी भारतीयों से देश को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार ने निकारोबारी सुगमता, अनुपालन बोझ को कम करना, अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों को विदेशी निवेश के लिए खोला है।

घर खरीदने वालों के लिए कर में छूट बिल्डरों को प्रोत्साहन की सिफारिश

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने बजट होने से पहले सरकार से किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने शनिवार को सरकार से आम बजट में घर खरीदने वालों को कर में छूट देने का अनुरोध किया। साथ ही निकाय ने बिल्डरों को प्रोत्साहन देने और रियल एस्टेट परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह किया।

क्रेडाई ने कहा कि उसने रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि के लिए सरकार को विभिन्न सिफारिशें दी हैं। ये किफायती आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले डेवलपर के लिए मंजूरी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सब्सिडी जैसे उपायों के महत्व पर जोर देती हैं। क्रेडाई अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि जीडीपी, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने महत्वपूर्ण योगदान के चलते भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र एक अनुकूल बजट की उम्मीद करता है। यह ऐसा बजट होना चाहिए जो दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करे और टिकाऊ वृद्धि का आधार हो। हमने घर खरीदारों के लिए ब्याज छूट में वृद्धि, सीएलएसएस (क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना) को फिर से शुरू करने और किफायती आवास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

- परियोजनाओं को शुरू करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह

स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नवाचार को बढ़ावा दे सरकार

नई दिल्ली। बजट से पहले स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भारत में मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तैयार करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि, बुनियादी ढांचे और नवाचार की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा उद्योग को बजट से अधिक उम्मीद है। इसमें अच्छे इलाज, गुणवत्ता में वृद्धि और शोध तथा विकास पर जोर देना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स - इंडिया (एएचपीआई) के महानिदेशक डॉ गिरधर ज्ञानी ने कहा, उभरते स्वास्थ्य खतरों से निपटने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि जरूरी है। सरकार को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा। पेट्रो रसायन उद्योग को भी इसी के अनुरूप योजना बनानी होगी। मंत्री ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों ने रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के समक्ष चुनौतियों के बारे में बात की है तथा उन मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए हैं।

ईपीएफओ ने अपर्याप्त आईटी बुनियादी ढांचे पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि अधिकारी संघ ने सेवानिवृत्ति निधि निकाय के सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में ईपीएफ अधिकारी संघ (ईपीएफओए) ने कहा कि वह ईपीएफ आईटी बुनियादी ढांचे- सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, आईटी जनशक्ति को उन्नत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रहा है।

पुराने तंत्र से ईपीएफ के कर्मचारियों पर भारी दबाव पड़ रहा है और ईपीएफओ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने कहा कि स्थिति अब गंभीर हो गई है, क्योंकि अधिकारी और कार्यालय प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रणालीगत खामियों के बारे में बता रहे हैं। इसमें कहा गया कि ईपीएफओ का अपर्याप्त आईटी तंत्र और इससे सेवा संबंधी बाधाएं ईपीएफ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ईपीएफओ एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर इसकी सेवा वितरण अवसंरचना के आधारभूत घटक के रूप में कार्य करता है।

- केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की, पुराने तंत्र से कर्मचारियों पर पड़ रहा भारी दबाव

ईपीएफओ ने रिकॉर्ड 19.5 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मई 2024 में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 19.50 लाख सदस्यों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल 2018 में जब पहली बार पेरोल आंकड़े जारी हुए तब से समीक्षाधीन महीने में सबसे अधिक सदस्य बढ़े।

डाटा खपत में रिलायंस जियो बना दुनिया का नंबर 1 नेटवर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर रिलायंस जियो दुनिया भर में डाटा खपत के मामले में नंबर वन कंपनी बन गई है। कंपनी के जून तिमाही के नतीजों में इस बात का खुलासा हुआ कि जियो नेटवर्क पर डाटा खपत तिमाही में 44 एक्साबाइट यानी 4400 करोड़ जीबी से आगे निकल गयी है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 33 फीसदी का उछाल है।

देश में पहली बार किसी टेलीकॉम नेटवर्क पर ग्राहक औसतन प्रतिदिन 1 जीबी से कुछ अधिक डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी की शनिवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार जियो 5जी नेटवर्क से जुड़े 13 करोड़ ग्राहक बड़ी तादाद में डाटा का उपयोग करते हैं। जियो के 49 करोड़ ग्राहक हैं, जिनमें से चार करोड़ ग्राहक पिछले एक साल में जियो नेटवर्क से जुड़े हैं। तिमाही नतीजों पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज़ वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है और जियो को इसमें योगदान देने पर गर्व है।

- चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर जियों बढ़ा आगे, जून तिमाही के नतीजों में हुआ खुलासा

बारिश से आपूर्ति प्रभावित, दिल्ली में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो

नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश के कारण खाद्य पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने से शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर का भाव 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। दिल्ली में मदर डेयरी के खुदरा बिक्री केंद्र सफल पर टमाटर 100 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर उपलब्ध हैं।

उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 93 रुपये प्रति किलो थी। 20 जुलाई को टमाटर का अखिल भारतीय औसत मूल्य 73.76 रुपये प्रति किलोग्राम था। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अत्यधिक गर्मी और उसके बाद अत्यधिक बारिश से आपूर्ति में व्यवधान से पिछले सप्ताह कीमतों में तेज वृद्धि हुई। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। अत्यधिक बारिश से आपूर्ति बाधित हुई, जिससे खुदरा कीमतों में उछाल आया।

- कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा

निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दरों में वृद्धि चाहता है चाय उद्योग

कोलकाता, एजेंसी

चाय उद्योग ने विदेशी बाजारों में निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत दरों में वृद्धि की मांग की है। अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बजट पूर्व कहा कि थोक चाय के लिए वर्तमान आरओडीटीईपी दर 1.7 प्रतिशत (फ्री ऑन बोर्ड) है, जिसकी अधिकतम सीमा 6.70 रुपये प्रति किलोग्राम है।

एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए थोक में काली चाय के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) के तहत प्रोत्साहन आधारित दर को बढ़ाए। आरओडीटीईपी योजना सुनिश्चित करती है कि निर्यातकों को उन करों और शुल्कों पर रिफंड मिले जो पहले वसूल नहीं किए जा सकते थे।

एक अन्य उद्योग संगठन भारतीय चाय संघ (टीएआई) ने सरकार को बजट पूर्व सौंपे अपने प्रस्ताव में कहा कि चाय के लिए आरओडीटीईपी दर पूर्व की पांच प्रतिशत की एमईआईएस (वाणिज्य निर्यात प्रोत्साहन योजना) से अधिक होनी चाहिए, ताकि भारतीय चाय वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बरकरार रख सके।

- आरओडीटीईपी योजना के तहत आईटीए ने की वृद्धि की मांग

पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे पहलवान : योगेश्वर

नई दिल्ली, एजेंसी

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त को पूरा भरोसा है कि कुश्ती पेरिस ओलंपिक में भारत को एक बार फिर पदक दिलाएगी और अगर पहलवानों को पसंदीदा ड्रा मिला तो यह संख्या एक से अधिक हो सकती है। भारत का छह सदस्यीय कुश्ती दल पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेगा जहां उनकी स्पर्धा पांच अगस्त से शुरू होगी।

पुरुष वर्ग में केवल अमन सेहरावत (57 किग्रा) ही क्वालीफाई कर पाये, लेकिन महिलाओं ने छह में से पांच ओलंपिक भार वर्गों में क्वालीफाई करके दमदार प्रदर्शन किया। सूची में केवल 62 किग्रा में ही भारतीय महिला पहलवान नहीं है। भारत ने 2008 बीजिंग खेलों के बाद से कुश्ती में लगातार पदक जीते हैं जिसमें दिग्गज सुशील कुमार ने कांस्य पदक जीतकर शुरूआत की थी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के एक कार्यक्रम के इतर योगेश्वर दत्त ने कहा, बहुत कुछ ड्रा पर निर्भर करेगा। अगर भारत को अनुकूल ड्रा मिलता है तो मुझे तीन पदक की उम्मीद है। पिछले लगातार चार ओलंपिक में हमें कुश्ती से पदक मिले हैं। इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि लगातार पांचवीं बार कुश्ती देश के लिए पदक लेकर आये। मैं सभी पहलवानों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे लगता है कि वे अच्छी तरह से तैयार हैं। हॉकी के बाद कुश्ती ने भारत को सबसे ज्यादा पदक दिलाए हैं। इसने सभी अन्य ओलंपिक खेलों की तुलना में सात पदक दिलाए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि कुश्ती भारत के लिए नंबर एक व्यक्तिगत ओलंपिक खेल है।

पीसीबी का तीन खिलाड़ियों को एनओसी देने से इंकार

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए कनाडा में होने वाले ग्लोबल टी-20 टूर्नामेंट के लिए शाहीन शाह अफरीदी, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी ने कहा कि उसने तीनों खिलाड़ियों और चयन समिति से परामर्श करने के बाद एनओसी नहीं जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले पिछले सप्ताह पीसीबी नेद हंड्रेड खेलने के लिए नसीम शाह के एनओसी देने से इंकार कर दिया था। पीसीबी ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि अगस्त 2024 और मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नौ टेस्ट, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 14 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेलने हैं। तीनों क्रिकेटर तीनों प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को अगले आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। पिछले वर्ष पीसीबी और खिलाड़ियों ने तीन साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत उन्हें प्रति वर्ष दो विदेशी फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है बशर्ते कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आपस में ना टकराए।

पिता की सलाह पर अपनाई कुश्ती : रीतिका

अपने कोच मनदीप के साथ रितिका हुड्डा। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुश्ती में पदक लाने की है उम्मीद, बचपन में हैंडबॉल खिलाड़ी रहीं हैं रीतिका हुड्डा

पिता की सलाह पर कुश्ती को अपनाने वाली रीतिका हुड्डा महिला हैवीवेट (76 किग्रा) भार वर्ग में भारत की पहली ओलंपिक क्वालीफायर बनने के बाद अगले सप्ताह से पेरिस में शुरू हो रहे खेलों में पदक का दबाव लिए बिना अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही है। किस्मत पर भरोसा करने वाली रीतिका उन चीजों (कड़ी मेहनत) को पूरे जी-जान से करना चाहती है जो उनके हाथ में है।

रोहतक की 22 साल की इस पहलवान के लिए कुश्ती पहली पसंद नहीं थी। रीतिका बचपन में हैंडबॉल खेलती थी और यहां तक कि जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने राज्य टीम में जगह बनाने की खुशी को जब अपने परिवार के साथ साझा किया तो उनके पिता ने उनसे टीम खेल के बजाय व्यक्तिगत खेल चुनने का सुझाव दिया। इसके बाद रीतिका की कुश्ती की यात्रा की शुरुआत 2015 में हुई। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, मेरे पिता मुझे छोटू राम अखाड़े में ले गए। मेरे कोच मनदीप ने मुझे एक खास आक्रमण करने के लिए कहा और वह मेरे प्रदर्शन से खुश थे, इसलिए उन्होंने मुझे इसमें ले लिया। मेरे लिए अब कुश्ती ही सब कुछ है। मैं कुश्ती के बारे में सोचती हूं, उसी के सपने देखती हूं।

रीतिका की मां नीलम ने बताया उनके पिता जगबीर चाहते थे कि उनकी बेटी व्यक्तिगत खेल चुने। नीलम ने कहा उसे राज्य हैंडबॉल टीम के गोलकीपर के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना था। उसने अपने चयन के बारे में बताया। उसके पिता ने पूछा कि क्या वह वास्तव में खेल को गंभीरता से लेना चाहती है और जब रीतिका ने हां में सिर हिलाया, तो उन्होंने कहा कि तुम्हें कोई व्यक्तिगत खेल खेलना चाहिए। नीलम ने कहा तब जगबीर ने रीतिका से उसका पसंदीदा खेल पूछा और उसने जूडो और कबड्डी का जिक्र किया लेकिन उसके पिता ने उसे कुश्ती खेलने का सुझाव दिया और वह मान गई। रीतिका को 15 अगस्त 2015 को अखाड़े में नामांकित किया गया था। रीतिका ने कहा, मैं पूरी मेहनत कर रही हूं।

खेल डायरी

एसओ भारत ने गोथिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

नई दिल्ली। विशेष ओलंपिक भारत (एसओ भारत) फुटबॉल टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के गोटेनबर्ग में गोथिया कप चैंपियन बनी। यह प्रतियोगिता 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप में अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। बौद्धिक रूप से कम विकसित खिलाड़ियों की एसओ भारत ने एसओ फिनलैंड के खिलाफ अपना पहला ग्रुप मैच 3-0 से जीता और इसके बाद एसओ जर्मनी पर 6-0 की बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने हांगकांग को 6-0 से हराया और फिर एसओ डेनमार्क के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। रोमांचक फाइनल में एसओ भारत ने एसओ डेनमार्क को 4-3 से मात दी। केरल के रहने वाले मुहम्मद शहीर ने टूर्नामेंट में सात गोल किये जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा गोल हैं।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने मनोलो

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया। मार्केज वर्तमान में आईएसएस मुंबई के खिलाड़ियों ने राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस में जीते 17 पदक टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने कहा समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

मुंबई के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस में जीते 17 पदक

मुंबई। उपनगरीय टेबल टेनिस संघ (टीएसटीटीए) के मुंबई के खिलाड़ियों ने यहां महाराष्ट्र राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में सात स्वर्ण सहित 17 पदक अपनी झोली में डाले। चिन्मय सोमेया और रीथ रिष्या ने क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीता जबकि शारवेया सामंत और आन्या चांदे ने लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 एकल खिताब प्राप्त किए। अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का खिताब ध्रुव शाह ने जीता। संघ के चार खिलाड़ियों ने महिलाओं के ड्रा में पदक जीते जिसमें रिष्या ने फाइनल में मधुरिका पाटकर को मात दी। सम्पदा भिवांडकर और मनुश्री पाटिल को सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-19 बालिका फाइनल में आन्या चांदे ने साथी वैष्णवी जायसवाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए है आईसीसी

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा है कि वह बांग्लादेश में सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए हैं जहां अक्टूबर में महिला टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश पुलिस ने सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद हिंसा की घटनाओं को लेकर ढाका में कर्फ्यू लगा दिया है और सैन्यबल ने भी गश्त की है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया हम दुनिया भर में स्वतंत्री सुरक्षा समीक्षा करते हैं। बांग्लादेश में भी हालात पर नजर रखे हुए हैं। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है जिसने छह बार खिताब जीता है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक एक बार खिताब अपने नाम किया है।

International Cricket Council

बेटी की कमी खलेगी, पर पदक ज्यादा जरूरी : दीपिका

भारतीय तीरंदाज 19 माह की बेटी को घर छोड़कर देश का मान बढ़ाने को पहुंची पेरिस, बोलीं- मानसिक दबाव तो है

PARIS 2024

ओलंपिक 5 दिन शेष

पेरिस (फ्रांस), एजेंसी

समझ नहीं आता कि हमारे देश में ओलंपिक को लेकर इतनी बातचीत क्यों होती है। ओलंपिक नजदीक आने पर हर कोई तीरंदाजी की ओर देखता है और इससे अनावश्यक दबाव पैदा होता है। हमें इसे किसी अन्य प्रतियोगिता की तरह ही लेना होगा। भारतीयों पर मानसिक दबाव काफी अधिक है।

– दीपिका कुमारी, तीरंदाज

अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है। दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही है लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है। दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है।

दीपिका ने साक्षात्कार में कहा अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे हैं। दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही। पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही। मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते है। दीपिका ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत के साथ पिछले साल गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर वापसी की। उन्होंने इसके बाद कोरिया के दिग्गज कोच किम ह्युंग-टाक की देखरेख में अभ्यास करने का फैसला किया। तोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली दीपिका ने पेरिस में कई यादगार परिणाम हासिल किए है।

एक्रीडिटेशन नहीं मिलने पर भारत के तीरंदाजी कोच नाराज

पेरिस, एजेसी

पेरिस खेलों के लिए एक्रीडिटेशन नहीं मिलने से नाराज भारत के कोरियाई तीरंदाजी कोच बाएक वूंग की ने शनिवार को कहा कि 30 अगस्त को उनका अनुबंध खत्म हो जाएगा जिसके बाद वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खराब प्रशासन की आलोचना की।

मार्सिले में भारतीय टीम की तैयारी की देखरेख के बाद फ्रांस की राजधानी पहुंचे वूंग की ने कहा कि उन्हें महत्वपूर्ण समय पर ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया और अब वह वापसी की टिकट बुक किए जाने के बाद भारत लौटेंगे। 61 वर्षीय कोच ने कहा, मैं एक कोरियाई कोच हूं और मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय तीरंदाजों की तैयारी के लिए अनुबंध किया था, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर मुझे ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया गया और मेरे उड़ान कार्यक्रम ने मुझे घर लौटने की जानकारी दी। वह पेरिस के एक होटल में ठहरे हुए हैं और ओलंपिक के लिए अपने 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता कार्ड) का इंतजार कर रहे हैं। मेरा अनुबंध 30 अगस्त तक है और मैंने ओलंपिक के लिए ही इस करार पर हस्ताक्षर किये थे। वूंग की ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वह अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

तीरंदाजी और नौकायन टीम पेरिस खेल गांव पहुंची

पेरिस। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से आज खेल गांव पहुंचेगी। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन वहां पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ गेम टाइम चाहते हैं।

पेरिस ओलंपिक 2024 में होने वाली स्पर्धाओं का कार्यक्रम

- **25 जुलाई :** महिला तीरंदाजी- अपराह्न एक बजे से, पुरुष वर्ग में शाम 4.45 बजे।
- **26 जुलाई :** उद्घाटन समारोह रात 11 बजे से।
- **27 जुलाई :** नौकायन (पुरुष एकल), निशानेबाजी (एयर राइफल)- अपराह्न 12.30 बजे से, बैडमिंटन (एकल महिला)- अपराह्न 12.50 बजे से, टेनिस (पुरुष) टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, पुरुष हॉकी- भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच।
- **28 जुलाई :** बैडमिंटन (महिला)- अपराह्न 12 बजे से, निशानेबाजी (एयर पिस्टल)- दोपहर 12.45 बजे में, तीरंदाजी (महिला)- दोपहर एक बजे से, नौकायन (पुरुष एकल), टेबल टेनिस, मुक्केबाजी (50 किग्रा)- दोपहर 3.50 से, टेनिस।
- **29 जुलाई :** निशानेबाजी (एयर राइफल)- दोपहर 12.30 से, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन अपराह्न 12.45 बजे, 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल (अपराह्न एक बजे), 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल (अपराह्न 3.30 बजे) तीरंदाजी (पुरुष) - दोपहर एक बजे से बैडमिंटन, हॉकी(भारत अर्जेंटीना)- शाम 4.15 से, नौकायन (पुरुष एकल सेमीफाइनल), टेबल टेनिस राउंड 64 टेनिस, तैराकी।
- **30 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप)- अपराह्न एक बजे से, टेबल टेनिस, नौकायन, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, घुड़सवारी, टेनिस, तीरंदाजी व्यक्तिगत, हॉकी (भारत आयरलैंड)- शाम 4.45 से।
- **31 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप फाइनल)- अपराह्न 12.30 बजे से, नौकायन, घुड़सवारी टेबल टेनिस- राउंड 16, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- दोपहर 3 बजे से, तीरंदाजी राउंड 32- दोपहर 3.30 बजे से, टेनिस सेमीफाइनल- दोपहर 3.30 बजे से।
- **1 अगस्त :** 20 किमी रेस बॉक, बैडमिंटन अंतिम- 8 अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, तीरंदाजी, निशानेबाजी (50 मी राइफल)- दोपहर एक बजे से, हॉकी (भारत बेल्जियम)- दोपहर 1.30 बजे से, मुक्केबाज, टेबल टेनिस, टेनिस।
- **2 अगस्त :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी (50 मी राइफाल)- दोपहर एक बजे से तीरंदाजी (मिश्रित)- दोपहर एक बजे से ,जुडो, टेबल टेनिस ,टेनिस, नौकायन, हॉकी (भारत ऑस्ट्रेलिया)- शाम 6,45 से, 5000 मीटर (महिला) गोला फेंक।
- **3 अगस्त :** बैडमिंटन (युगल)- अपराह्न 12 से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी, तीरंदाजी (महिला)- अपराह्न एक बजे से, नौकायन, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी।
- **4 अगस्त :** बैडमिंटन (अंतिम-4)- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, निशानेबाजी (स्कीट)- दोपहर 12.30 बजे से तीरंदाजी, घुड़सवारी, हॉकी क्वार्टर फाइनल- अपराह्न 1.30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपलवेज (महिला),लंबी कूद- अपराह्न 2.30 बजे से, मुक्केबाजी (अंतिम-8)- दोपहर 2.30 बजे से, नौकायन।
- **5 अगस्त :** निशानेबाजी (25 मी पिस्टल)- अपराह्न एक बजे से बैडमिंटन- दोपहर 1.15 से, टेबल टेनिस, नौकायन 400 मीटर (महिला), कुश्ती (68 किग्रा)- शाम 6.30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपल चेज (पुरुष)- रात 10.35 बजे से 5000 मीटर महिलाएं।
- **6 अगस्त :** भाला फेंक रैंकिंग (पुरुष)- दोपहर 1.50 बजे से, कुश्ती (50 किग्रा)- दोपहर 2.30 बजे से, 400 मीटर नौकायन, टेबल टेनिस, हॉकी (सेमीफाइनल)- शाम 5.30 बजे से, लंबी कूद- रात 11.50 बजे से, मुक्केबाजी।
- **7 अगस्त :** पैदल चाल मिश्रित रिले- सुबह 11 बजे से, नौकायन, गोल्फ- सुबह 12.30 बजे से, टेबल टेनिस, ऊंची कूद (पुरुष)100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 1.45 बजे से, भाला फेंक रैंकिंग (महिला), कुश्ती (महिला)- दोपहर 2.30 बजे से ट्रिपल जंप (पुरुष), भारोत्तोलन (महिला)- रात 11 बजे से, 400 मीटर (महिला), 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल (पुरुष)- देर रात 1.10 बजे से।
- **8 अगस्त :** गोला फेंक महिला, टेबल टेनिस- दोपहर 1.30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 2.05 बजे से, कुश्ती (53 किग्रा)- सुबह 2.30 बजे से हॉकी (गोल्ड मेडल)- शाम 5.30 बजे से, भाला फेंक फाइनल (पुरुष)- रात 11.55 बजे से, मुक्केबाजी।
- **9 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस, 4गुणा400 रिले (महिला)- अपराह्न 2.10 बजे से, 4गुणा400 रिले (पुरुष)- अपराह्न 2.35 बजे से, कुश्ती (57 किग्रा)- अपराह्न 2.30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- अपराह्न 3.35 बजे से, गोला फेंक (फाइनल), 400 मीटर रेस (महिला), ट्रिपल जंप फाइनल (पुरुष), मुक्केबाजी (50 किग्रा)- देर रात एक बजे से।
- **10 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस (कांस्य पदक), गोल्फ फाइनल- अपराह्न 12.30 से, कुश्ती (76 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, ऊंची (पुरुष)- रात 10.40 बजे में, भाला फेंक (महिला), 100 मीटर हर्डल्स- रात 11.15 बजे से, 4 गुणा 400 रिले (पुरुष-महिला) का फाइनल- रात 12.40 बजे से, मुक्केबाजी (57 किग्रा) देर रात एक बजे से।
- **11 अगस्त :** कुश्ती (76 किग्रा)- दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा।

थाईलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी

नन्नाफट कोंचारवेंकै (40), फननीता माया (29) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत महिला एशिया कप टी-20 मुकाबले में शनिवार को थाईलैंड टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया है।

थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्ठावोंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। नन्नाफत चाइहान (0), नत्ताया बूचाथम (18) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड की महिला टीम ने नन्नाफट कोंचारवेंकै (40) और फननीता माया के (29) रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 133 रन बनाए। नन्नाफट कोंचारवेंकै ने 35 गेदों में छह चौके लगाते हुए 40 रन बनाए। सुवानान खिआओतो (13) और रोसेनान कानोह (13) रन बनाकर नाबाद रही। मलेशिया की ओर से इस्माइल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। सौबिका मनिवन्नन, आइस्या अलीसा और विनिफ्रेंड दुरइसिंगम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की वान जूलिया और कप्तान विनिफ्रेंड दुरइसिंगम की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी की। पहले विकेट के रूप में कप्तान दुरइसिंगम (22) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान के आउट होने के बावजूद जूलिया ने एक छोर थामे रखा। उन्होंने 53 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। आखिरी आठ बल्लेबाजों ने मात्र 26 रन बनाये। तीन बल्लेबाज शून्य पर आउट हुई। मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला हार गई। थाईलैंड की ओर से ओत्रिच्छा कांचोंफू को दो विकेट मिले। चैंडा सुठिरुअंग , नत्ताया बूचाथम, थीपचा पुत्थावाँग और सुलीपर्न लाओमी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यूएई को हराकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी भारतीय टीम

दाम्बुला। आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की । टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला के जरिए वापसी की है। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा। आज का मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म धुरंधर में नजर आएंगी यामी गौतम

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम फिल्म धुरंधर में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। अब इस लिस्ट में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम का नाम भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में यामी गौतम लीड रोल में नजर आने वाली हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। आदित्य धर फिल्म धुरंधर को जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर अगले साल यानी 2025 के सेकंड हाफ में रिलीज हो सकती है।

ड्यून प्रोफेसी से तब्बू का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू की आने वाली हॉलीवुड फिल्म ड्यून प्रोफेसी से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। लाइफ ऑफ पाई, ए सूटेबल ब्वॉय और द नेमसेक के बाद तब्बू इंटरनेशनल फिल्म ड्यून प्रोफेसी में नजर आने वाली हैं। वर्ष 2021 में ड्यून किताब पर आधारित ड्यून पार्ट 1 बनाई गई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसी साल मार्च में ड्यून पार्ट 2 प्रदर्शित हुई, जो सुपरहिट हुई। अब ड्यून का प्रीक्वल आ रहा है। कुछ समय पहले ही ड्यून के प्रीक्वल ड्यून प्रोफेसी का एलान हुआ था। इस सीरीज में तब्बू की अहम भूमिका होगी। ड्यून प्रोफेसी का दूसरा टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें तब्बू का पहला लुक दिखाई दिया है। वह इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का के किरदार में नजर आएंगी। उनकी यह सीरीज इसी साल नवंबर में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

यूक्रेन पर रूस के हमलों में कम से कम चार की मौत

कीव। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा बुनियादी ढांचे पर किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को माइकोलाइव शहर पर रूसी हमले के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। शहर के मेयर अलेक्सेंडर सिएनकेविच ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।

जस्टिन ट्रूडो ने मंत्रिमंडल में बदलाव की घोषणा की

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कैबिनेट में बदलाव की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय से एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रूडो ने स्टीवन मैकिनॉन को कनाडा के नए श्रम और वरिष्ठ मंत्री के रूप में नामित किया, जो निवर्तमान मंत्री सीमस ओ''रेगन द्वारा छोड़ी गई रिक्ति को भरेंगे। मैकिनॉन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में सरकार के नेता के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका से हटकर, शुक्रवार सुबह अपनी नई भूमिका की शपथ ली।

हैती में नाव में आग लगने से 40 प्रवासियों की मौत

पनामा सिटी। उत्तरी हैती में एक नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) के हवाले से यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा, दो दिन पहले, हाईटियन नेशनल ऑफिस फॉर माइग्रेशन के अनुसार, 80 से अधिक लोगों को लेकर नाव लबादी से तुर्क और कैकोस द्वीप समूह के लिए 250 किलोमीटर की यात्रा के लिए रवाना हुई थी।

चीन में मूसलाधार बारिश पुल ढहने से 12 की मौत

बीजिंग। चीन के पश्चिमोत्तर प्रांत शांक्सी में मूसलाधार बारिश के कारण राजमार्ग पर बने पुल के ढहने से 12 लोगों की मौत हो गयी और 31 अन्य लापता हैं। प्रांतीय प्रचार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लगातार बारिश और बाढ़ के कारण शांग्लुओ शहर में झाशुई काउंटी स्थित पुल शुक्रवार रात करीब 20:40 बजे अचानक आंशिक रूप से ढह गया। पुल के नीचे कुल 17 कारें और आठ ट्रक जिनकियान नदी में गिर गये। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर तक 12 लोगों के शव बरामद किये हैं जबकि एक व्यक्ति को बचा लिया गया था।

रोमानिया में ट्रेन दुर्घटना में 15 लोग घायल

बुखारेस्ट। रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में बासाराब स्टेशन के समीप एक ईंजन और यात्री ट्रेन के बीच टक्कर से 15 लोग घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। आपातकालीन अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद 10 दमकल समेत डॉक्टरों को एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर भेजा है।

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत

काठमांडू, एजेंसी

- ओली ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में ली है शपथ

प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले केपी शर्मा ओली के रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने की परीक्षा में खरा उतरने से पहले ही तीन राजनीतिक दलों ने उनके खिलाफ मतदान करने की घोषणा की है जिनमें वह पार्टी भी शामिल है जिससे उन्होंने नाता तोड़ लिया है। ओली ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के स्थान पर नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। प्रचंड पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे क्योंकि ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस (एनसी) और अन्य दलों से हाथ मिला लिया था। एनसी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

सोमवार को चौथी बार हिमालयी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले 72 वर्षीय वरिष्ठ वामपंथी नेता ओली रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे।

मलेशिया के सम्राट सुल्तान इब्राहिम की ताजपोशी की गई

कुआलालंपुर। मलेशिया के नये अरबपति सम्राट सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर की शनिवार को परंपरा के अनुरूप तोपों की सलामी समेत पूरे धूमधाम के साथ ताजपोशी की गई। उन्होंने पांच साल के कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष रूप से शासन करने का संकल्प लिया। वह एक अद्वितीय परिवर्तनशील राजशाही प्रणाली के तहत काम करेंगे। सुल्तान इब्राहिम (65) ने 31 जनवरी को शपथ ली थी। यहां के नेशनल पैलेस में आयोजित एक भव्य समारोह में 20 जुलाई को सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर का औपचारिक रूप से मलेशिया के 17वें सम्राट के रूप में राज्याभिषेक किया गया।

पाकिस्तान में हिंदू लड़की लापता, प्रदर्शन

कराची, एजेंसी

- सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को घर के पास से हो गई थी लापता
- सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो माता-पिता से मिलने पहुंचे

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में लापता हुई एक हिंदू लड़की के माता-पिता ने उसकी रहस्यमय गुमशुदगी के बाद उसे ढूंढ़ निकालने की मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया। सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को अपने घर के नजदीक मुहर्रम के जुलूस में शरबत बांटने के दौरान प्रिया कुमारी (तब सात साल की) रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। बच्ची के लापता होने से दुखी उसके पिता राजकुमार पाल और मां वीना कुमारी ने शुक्रवार को यहां क्लिफ्टन क्षेत्र में प्रसिद्ध तीन तलवार स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया।

राज ने कहा, उन्होंने (प्रशासन के लोगों ने) एक बार फिर हमें वादा किया है कि वे हमारी बेटी की तलाश कर रहे हैं और उसे शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो उनसे मिलने पहुंचे तथा उन्हें आश्वासन दिया कि एक पूर्ण संयुक्त जांच दल जांच कर रहा है। इसके बाद पाल और उनकी पत्नी ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

कराची में हिंदू लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

पाकिस्तान में मिला पोलियो का 9वां मामला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार को इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया, जिससे इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को झटका लगा है। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार यह मामला बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले का है। खबर के अनुसार प्रांत के झोब इलाके के हसनजई का डेढ़ साल का बच्चा पोलियो की चपेट में आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रधानमंत्री के संयोजक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल देश में नौ बच्चे पोलियो से प्रभावित हुए हैं।

बांग्लादेश में कर्फ्यू लागू 100 से ज्यादा की मौत

मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें पूरी तरह से बंद

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच राजधानी ढाका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच ताजा झड़पों में कई लोग जान गंवा चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने की शुरुआत में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बांग्लादेश इंडिपेंडेंट टेलीविजन चैनल ने शुक्रवार को 17 और लोगों की मौत की रिपोर्ट दी है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें बंद होने तथा पूरी तरह से संचार लॉकडाउन होने के कारण हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कल नरसिंगडी जेल पर हमले के बाद कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रेस सचिव नईमुल इस्लाम खान ने व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किये जाने की घोषणा की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सरकार ने कर्फ्यू लगाने और नागरिक अधिकारियों की सहायता के लिए सेना तैनात करने का फैसला किया है। इस बीच पूरे देश में बस और ट्रेन सेवाएं बाधित हैं और मीडिया में प्रकाशित तस्वीरों में सड़कों पर दंगा-रोधी वर्दी में बड़ी संख्या में पुलिस को देखा जा सकता है। स्कूल और विश्वविद्यालय भी अगली सूचना तक के लिए बंद हैं। प्रदर्शनकारियों ने हालांकि अपना पूर्ण बंद जारी रखने की प्रतिज्ञा की है तथा पूरे शहर में सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है। छात्रों का तर्क है कि कोटा प्रणाली भेदभावपूर्ण है और वे योग्यता आधारित भर्ती की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कल नरसिंगडी जिला जेल पर भी धावा बोला, जहां से कई सौ कैदियों की भागने की खबर सामने आयी है। मुख्य विपक्षी दल बंगलादेश नेशनल पार्टी ने भी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

ढाका में हिंसक प्रदर्शन के बाद तैनात सेना के जवान।

- व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किए जाने की घोषणा की गई है

कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के रूप में इस्तेमाल कर रहे

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों से बचा जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में उप स्थायी प्रतिनिधि एवं प्रभारी राजदूत आर रवींद्र ने कहा, आप इस बात से सहमत होंगे कि जब हम अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की बात करते हैं, तो आतंकवाद सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

- भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा

रवींद्र ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय एवं उप-क्षेत्रीय संगठनों के बीच सहयोगः सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रमंडल (सीआईएस), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) विषय पर अपने विचार रखते हुए यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

भूटान को आर्थिक मदद पर विचार करेगा भारत

थिंपू, एजेंसी

- विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटानी नेताओं के साथ व्यपाक वार्ता के बाद सहमति बनी

भारत ने अगले 18 महीने में आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत भूटान को 1,500 करोड़ रुपये प्रदान करने पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए सहमति जताई है। शनिवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटान यात्रा के अंतिम दिन और भूटानी नेताओं के साथ व्यपाक वार्ता के बाद यह सहमति बनी है।

पिछले सप्ताह कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर आए मिस्री ने भूटान के अपने समकक्ष ओम पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वयन के तौर-तरीकों और सहयोग की समीक्षा की। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ, मैत्रीपूर्ण संबंध और लोगों के बीच घनिष्ठ सहयोग से युक्त अनुकरणीय साझेदारी पर प्रकाश डाला गया। विज्ञप्ति में कहा गया है, भूटान सरकार ने भारत सरकार को आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम (ईएसपी) के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी।

उत्तरी इराक में हवाई हमले में तीन आईएस आतंकवादी मारे गए

बगदाद। इराकी युद्धक विमानों ने उत्तरी इराक में हवाई हमला किया, जिसमें किरकुक और सलादीन प्रांतों के बीच एक पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गये। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों के आधार पर स्थानीय समय सुबह 5:00 बजे हवाई हमले में आतंकवादियों को निशाना बनाया गया। एसएमसी के एक बाद के बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों को बमबारी स्थल पर तीन आईएस आतंकवादियों के शव मिले।

अग्निकांडः कुवैत में चार भारतीयों की मौत

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- फ्लैट में आग लगने से दंपती और दो बच्चे हुए हादसे का शिकार

कुवैत सिटी में एक दुखद घटना में एक भारतीय दंपती और उनके दो बच्चों की उनके फ्लैट में आग लगने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। परिवार उसी दिन केरल से छुट्टी मनाकर लौटा था।

द अरब टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, मैथ्यूज मुलक्कल, उनकी पत्नी लिनी अब्राहम और उनके दो बच्चे, शुक्रवार रात को अब्बासिया इलाके में अपने दूसरे मंजिल के फ्लैट में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के कारण दम घुटने से मारे गए, यह घटना रात आठ बजे की है। इसमें कहा गया है कि ये सभी लोग अलप्पुझा के नीरत्तुपुरम के रहने वाले थे। अखबार ने कहा, परिवार केरल में छुट्टियां मनाकर कुवैत लौटा था, शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे के आसपास पहुंचा। मैथ्यूज मुलक्कल रॉयटर्स में काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी लिनी अल अहमदी गवर्नरेट के अदन अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। उनके बच्चे कुवैत के भवन्स स्कूल में पढ़ते थे।

हूती विद्रोहियों का सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज पर हमला

सिंगापुर, एजेंसी

- अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला, लगी आग

हूती विद्रोहियों द्वारा कथित रूप से किए गए हमले में सिंगापुर के ध्वज वाला एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एमपीए ने बताया कि उसे सूचना मिली कि अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला हुआ जिससे इसमें आग लग गई। इसने कहा कि हालांकि चालक दल ने आग को बुझा दिया।

चैनल न्यूज एशिया ने अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल में सिंगापुर का कोई नागरिक शामिल नहीं था और जहाज पर सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों के हमले के बावजूद जहाज सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह पहुंचने में सफल रहा जहाँ जरूरत पड़ने पर क्षति का आकलन और मरम्मत का काम किया जाएगा। एमपीए ने कहा कि वह किसी भी तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पोत प्रबंधक के संपर्क में है। सिंगापुर की नौसेना ने भी अदन की खाड़ी में अपने सुरक्षा साझेदारों को सहायता प्रदान करने के लिए सतर्क कर दिया है।

हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि समूह ने लोबिविया पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। ब्रिटेन के समुद्री व्यापार परिचालन निकाय ने बताया कि जहाज पर यमन के बंदरगाह शहर अदन से लगभग 83 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में दो मिसाइलों से दो बार हमला किया गया।

ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सैयद ने उम्मीदवारी की घोषणा की

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सैयद ने दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। ट्यूनीशिया में अगला राष्ट्रपति चुनाव छह अक्टूबर को होगा। सईद ने अपने कार्यालय की ओर से जारी वीडियो संदेश में कहा, राष्ट्रीय मुक्ति की लड़ाई में लड़ाई जारी रखने के लिए मैं आधिकारिक तौर पर छह अक्टूबर के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करता हूं। सईद ने 25 जुलाई, 2021 को, सरकार को बर्खास्त कर दिया और संसद तथा ट्यूनीशिया की इस्लामिक पार्टी एन्नाहदा के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि के खिलाफ संसद को निलंबित कर दिया। राष्ट्रपति ने मार्च 2022 में, संसद को यह कहते हुए बर्खास्त कर दिया कि वह ऐसा सरकार और उसके संस्थानों की रक्षा के लिए कर रहे हैं।

कश्मीर में आतंकियों के पास से पहली बार हुई बरामद

क्यों खास है एयूजी राइफल

नई दिल्ली। कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को घुसपैठ कर रहे आतंकियों को जवानों ने ढेर कर दिया। इस हमले में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। आतंकियों के पास से हथियारों की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसमें स्टेयर एयूजी राइफल भी थी जो पहली बार बरामद हुई है। आइए जानते हैं इस राइफल से जुड़े तथ्य।

कहा विकसित हुई : एयूजी राइफल एक विशेष शास्त्रशास्त्रीय और बदलावशील सर्वकलाईबर कार्बाइन है, जिसे ऑस्ट्रियन कंपनी स्टाइर आर्म्स ने विकसित किया था। इसे 1977 में ऑस्ट्रियाई सेना के लिए तैयार किया गया था और फिर इसका प्रयोग अन्य देशों की सेनाओं में भी किया गया है।

मुख्य विशेषताएंः ■ एयूजी राइफल की अनोखा विशेषता ये है कि सर्वकलाइबर है। इसका मतलब होता है कि इसे बदलावशील और सामान्य स्थिति में प्रयुक्त किया जा सकता है। जो विभिन्न परिस्थितियों के लिए अनुकूल है। ■ इस की डिज़ाइन अनूठी है, जिसमें फिबर रीइंफोर्स्ड प्लास्टिक का उपयोग कर बनाया गया है, जो इसे लाइटवेट और विशेष तौर पर ड्यूरेबल बनाता है। ■ बुलपप डिजाइन के साथ यह राइफल 5 .56 X 45 एमएम इंटरमीडिएट कारतूस के लिए बनाई गई है। गन का यूज न केवल दिन बल्कि रात में भी आसानी से किया जा सकता है। ■ बंदूक की मैगजीन की बात करें तो इसमें क्रमानुसार 9, 30 और 42 राउंड एक साथ फायर किए जा सकते हैं। ■ पुल थ्रू टिगर की एडवांस टेक्नॉलॉजी के साथ निर्मित।

नाइजीरिया ने मेटा पर 22 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया

अबुजा। नाइजीरिया की सरकार ने मेटा पर 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाने की शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि उसकी जांच में कंपनी को फेसबुक और व्हाट्सऐप से जुड़े देश के डेटा संरक्षण एवं उपभोक्ता अधिकार कानूनों का कई बार उल्लंघन करते पाया गया है। नाइजीरिया के संघीय प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण आयोग के एक बयान में उन पांच तरीकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनके जरिये मेटा ने पश्चिम अफ्रीकी देश में डेटा कानूनों का उल्लंघन किया है। इन तरीकों में बिना प्राधिकार के नाइजीरियाई लोगों के डेटा को साझा करना, उपयोगकर्ताओं को अपने डेटा के इस्तेमाल को निर्धारित करने के अधिकार से वंचित करना और भेदभावपूर्ण व्यवहार के साथ-साथ बाजार प्रभुत्व का दुरुपयोग करना शामिल है।

खगोल विज्ञान | चंद्रमा पर मानव मिशन को लेकर नासा की तैयारियां अंतिम चरण में, योजना के तहत पहले दो परीक्षण में मिली सफलता

अगले वर्ष तक आर्टेमिस मिशन 3 से चांद पर कदम रखेगा इंसान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पृथ्वी से मंगल पर इंसान को पहुंचाने के लिए नासा निर्धारित समय के अनुसार पहले मानव चरण में चंद्रमा पर पहुंचने की अंतिम तैयारियों में जुट गया है। नासा ने इसकी घोषणा कर दी है। अगले वर्ष के अंत तक मिशन को चांद की धरती पर अमली जामा पहना दिया जाएगा।

दरअसल मंगल पर मानव बस्ती बसाने के सपने को साकार करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी प्रतिबद्ध है। योजना के तहत पहले दो परीक्षण में सफलता हासिल कर चुका है। अगले चरण में अंतरिक्ष यात्रियों की टीम को चंद्रमा पर उतारा जाना है। आर्टेमिस मिशन अपोलो के बाद चंद्रमा पर मानव को पहुंचाने वाला दूसरा मिशन होगा। इससे 50 वर्ष पहले नासा ने पहला मानव चांद पर पहुंचाया था।

अब आर्टेमिस 3 की तैयारी है। नासा ने आर्टेमिस टाइमलाइन की घोषणा की जनवरी में की थी। इससे पहले आर्टेमिस 1 ने मानव रहित परीक्षण उड़ान 2022 में सफलतापूर्वक पूरा किया था। अब आर्टेमिस 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा की कक्षा में जाने वाला पहला मानवयुक्त मिशन होगा। इसकी लॉन्चिंग तिथि सितंबर 2025 में घोषित की जाएगी। इसके पश्चात आर्टेमिस सितंबर 2026 में लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद सितंबर 2028 में एक और मिशन लॉन्च किया जाएगा। नासा ने आधिकारिक बयान में कहा है कि नई तकनीक के जरिए इस आर्टेमिस मिशन की तैयारियां कर रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा नासा की सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि हम भविष्य के आर्टेमिस मिशनों की तैयारी कर रहे हैं। आर्टेमिस 1 से हमने बहुत कुछ सीखा है, और इन शुरुआती मिशनों की सफलता हमारे सौर मंडल में मानवता के स्थान के बारे में हमारी पहुंच व समझ को आगे बढ़ाने के साथ वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर करती है।

पृथ्वी जैसा ही मंगल ग्रह भी

नैनीताल : हमारा पड़ोसी ग्रह मंगल कई मायनों में पृथ्वी के समान है और कभी मंगल की धरती पर नदियां बहा करती थी और महासागर हुआ करते थे। वर्तमान में मंगल का वातावरण कई मायनों में पृथ्वी समान है। जिस कारण इस ठोस चट्टानी ग्रह पर खगोलविदों को मानव बस्ती बसाने की अधिक संभावना नजर आती है और नासा समेत स्पेस एक्स मंगल पर पहुंचकर अपना आधिपत्य जमाना चाहते हैं।

नासा का मिशन आर्टेमिस।

जेलेंस्की यूक्रेन पर चर्चा के लिए डोनाल्ड ट्रंप से सहमत

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निजी बैठक में चर्चा करने के लिए सहमति जतायी है। जेलेंस्की ने कहा कि बैठक में यूक्रेन में शांति तक पहुंचने में उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, हम पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक व्यक्तिगत बैठक में इस संबंध में चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं कि स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में किस तरह से निष्पक्ष कदम उठाये जा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि अगर वह दोबारा चुने जाते हैं, तो वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को तुरंत समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि अगर ट्रंप वर्तमान में अमेरिका राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन में संघर्ष कभी शुरू नहीं होता।

अगले हफ्ते से फिर चुनाव प्रचार करूंगा : बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

- कुछ दिन पहले ही कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच कहा कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे और अगले सप्ताह से प्रचार अभियान फिर शुरू करेंगे। बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में हैं। कुछ दिन पहले ही उनमें कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उसके बाद से वह डेलावेयर स्थित अपने आवास पर पृथकवास में हैं।

बाइडन की ओर से शुक्रवार को उनके प्रचार अभियान दल ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, डोनाल्ड ट्रंप भविष्य को लेकर जो खतरनाक दृष्टिकोण रखते हैं, हम अमेरिकी वैसे नहीं हैं। एक पार्टी और एक देश के रूप में हम उन्हें चुनाव में हरा सकते हैं और हराएंगे। इस बयान के एक दिन पहले ही मिलवाउकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में ट्रंप को औपचारिक रूप पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। बाइडन ने कहा, मैं अगले हफ्ते फिर से चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि डोनाल्ड ट्रंप के प्रोजेक्ट-2025 एजेंडे के जो खतरे हैं, उनके प्रति लोगों को आगाह कर सकूं।